रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 28 मई 2024, वर्ष-25, अंक-115, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com




संसेक्स
75,390.50 -19.89 (0.026%)

डॉलर
83.124 +0.065

रांची सर्राफा
10 ग्राम 67,550
01 किलो 96,000

## लोस चुनाव के बीच राजधानी के बार में डीजे की दुस्साहसिक हत्या

### मेन रोड के बार में डीजे की हत्या से लॉ एंड ऑर्डर पर उठे सवाल, भाजपा ने सीएम से मांगा इस्तीफा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य में लोकसभा चुनाव का एक चरण अभी शेष है। चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री से लेकर कई प्रमुख मंत्री और नेता राज्य में आ रहे हैं। इसे लेकर राज्य और विशेषकर राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होने का दावा किया जाता रहा है। इन सारे दावों की पोल रविवार रात सवा एक बजे उस समय खुल गई जब राजधानी के फोर स्टार होटल रेडिशन ब्लू के ठीक सामने एक्सट्रीम बार में अभिषेक नामक युवक ने आधुनिक ऑटोमेटिक राइफल से बार डीजे संदीप प्रमाणिक उर्फ सैंडी की गोली मारकर हत्या की दी। बताया जाता है कि बार में अभिषेक और उसके दोस्तों की दो-ढाई घंटा पहले छेड़खानी और डांस करने को लेकर कुछ लोगों से विवाद हुआ था। बीच-बचाव करने पर बार के बाउंसरों से भी उनकी लड़ाई हो गई। सीसीटीवी फुटेज में बाउंसर और बार के स्टाफ उन लड़कों को डंडे से पीटते दिख रहे हैं जिसके बाद उन्हें भगा दिया गया। घटना के कोई ढाई घंटे बाद अभिषेक राइफल लेकर लौटा और घटना को अंजाम दिया और बार से बाहर आकर बेखौफ अंदाज में सड़क पर करीब आठ-दस मिनट तक रहा। इस दौरान वह कभी फायरिंग करता तो कभी खोखा चुनता दिख रहा है, फिर वह आराम से अपनी कार में बैठकर निकल जाता है। सबसे आश्चर्य की बात ये रही इस दौरान एक पुलिस वाहन भी वहां से गुजरती दिख रही है लेकिन उसने मामले का संज्ञान नहीं लिया। न ही रेडिशन ब्लू होटल के सुरक्षाकर्मी ही कोई कार्रवाई करते दिखे, उलटा सुरक्षाकर्मी ने होटल का गेट बंद कर लिया।




### मुख्य आरोपी बिहार के गया से गिरफ्तार : एसएसपी

रांची। एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि हत्या के मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह उर्फ विक्की को बिहार पुलिस की मदद से गया से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह सेल सिटी का रहने वाला है और एक गैरेज का संचालक है। युवक मूल रूप से बिहार के पटना का रहने वाला है। पुलिस ने इससे पहले हत्यारे युवक के पिता को हिरासत में लिया था। घटना की जांच के लिए एक एसआइटी गठन किया गया है, अब तक की जांच से पता चला है कि अभिषेक सिंह उर्फ विकी, शमीरउद्दीन, आयाम अनवर, प्रतीक (रामगढ़ स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का मैनेजर), मृत्युंजय यादव उर्फ मिथुन, प्रकाश और उनके दोस्तों का बार के बाउंसरों के साथ मारपीट हुई थी।

घटना के करीब दो से ढाई घंटे बाद उन्हें में अभिषेक सिंह उर्फ विक्की के रूप में की गई है वह दोबारा बार में आकर डीजे को गोली मारता है। तलाशी के दौरान उसके



नाम से असम राज्य से निर्गत दो हथियारों की अनुज्ञप्ति प्राप्त हुई है। इसकी विवरण का मिलान करने पर दोनों अनुज्ञप्ति फर्जी प्रतीत होता हैं। कांड के बाद अभिषेक सिंह फरार हो गया था। जिसे गया जिला में गिरफ्तार कर लिया गया है। भगाने के क्रम में दो वाहन जब्त किया गया है। अभिषेक सिंह पर चुटिया थाना में आर्म्स एक्ट का मामला भी दर्ज हुआ है।



मृत डीजे संदीप प्रमाणिक

### 'कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक'

झारखंड प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी इस



वारदात का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा है, झारखंड में व्यवसाय करना कितना असुरक्षित हो गया है, इसका खौफनाक उदाहरण कल फिर देखने को मिला। राजधानी रांची में एक बार के अंदर डीजे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना ने जेसिका लाल मर्डर केस की यादें ताजा कर दी। मामूली विवाद में डीजे की हत्या करने वाले अपराधियों का दुस्साहस दिखाता है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिल्कुल मरणासन्न हो चुकी है। झामुमो-कांग्रेस की सरकार तो पिछले साढ़े 4 सालों से अपराधियों के गोदी में बैठकर खेल रही है, उनसे कार्रवाई की उम्मीद भी नहीं शेष पेज 11 पर



## चार जून को इंडी गठबंधन की बनेगी सरकार : कल्पना सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

दुमका । जिले के शिकारीपाड़ा स्थित कालेज मैदान में सोमवार को कल्पना सोरेन ने झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस चुनावी सभा में लोगों की जबरदस्त भीड़ देखी गई। सभी उम्र के लोग स्त्री - पुरुष कल्पना सोरेन को देखने और सुनने आए थे। कार्यक्रम के दौरान बूंदाबांदी भी हो रही थी पर भीड़ के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। कल्पना सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा वालों ने हेमंत सोरेन जो आपके भाई हैं, दादा हैं, बेटे हैं, उन्हें जेल भेजने का काम किया है। आप वोट के माध्यम से उन्हें करारा जवाब दें और 1 जून को शानदार,बम्पर और जबरदस्त वोटिंग कर नलिन सोरेन को विजयी बनाएं। आप अपना यह वोट भले नलिन सोरेन को देंगे पर यह हेमंत सोरेन और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के मान सम्मान के लिए होगा। कल्पना सोरेन आत्मविश्वास से लबरेज नजर आई। उन्होंने कहा कि चार जून को जब वोटो की गिनती होगी तो भाजपा हिल जाएगी, देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी और आपके भाई हेमंत सोरेन जेल से निकलेंगे। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन ने यहां की जनता में झारखंडियत का संचार किया है।

## पूर्व सीएम और मंत्री ने राज्य की संपदा लूटी, जेल में हैं बंद : रक्षामंत्री

नवीन मेल संवाददाता

साहिबगंज (झारखंड)। लोकसभा चुनाव के सातवें और



अंतिम चरण में राज्य में कुल तीन सीटों पर मतदान होना है। इसके मद्देनजर राजमहल लोकसभा क्षेत्र के श्रीधर दियारा मैदान (राजमहल) में सोमवार को आयोजित विजय संकल्प सभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एनडीए उम्मीदवार ताला मरांडी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने वाले थे लेकिन खराब मौसम की वजह से हेलिकॉप्टर की लैंडिंग नहीं हो सकी। फिर उन्होंने फोन से भाषण दिया।

अपने भाषण में राजनाथ सिंह ने कहा कि जनता जब ताला मरांडी को जीत दिलवा कर नरेन्द्र मोदी के 400 पार के नारे के सपने को पूरा करेंगे तो वो फिर से श्रीधर की धरती पर आकर यहां की जनता का धन्यवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि आज झारखंड की स्थिति दयनीय हो गयी है। यहां के मुख्यमंत्री और नेता जेल में बंद हैं क्योंकि उन्होंने राज्य की सम्पत्ति को लूटने का काम किया है। वहीं, अब झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ भी बढ़ गयी है।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दुमका में

रांची। झारखंड में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में संताल परगना



की तीन सीटों पर चुनाव होना है। गोड्डा, दुमका और राजमहल में एक जून को मतदान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मई को दुमका आ रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। कांग्रेस नेता और स्टार प्रचारक राहुल गांधी 30 मई को दुमका पहुंचेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 29 मई को देवघर में तीन चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

### नक्सलियों ने पद्मश्री मांझी को मारने की दी धमकी

नारायणपुर/रायपुर । छत्तीसगढ़ में नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में



नक्सलियों ने छोटेडोंगर पुलिस थाने से चार किलोमीटर दूर चमेली गांव और गौवरदण्ड में दो बीएसएनएल टावर फूंक दिए। साथ ही कई पर्चे फेंके। इनमें पद्मश्री वैद्यराज हेमचंद्र मांझी को आमदई खदान का दलाल बताते हुए देश से मार-भगाने की धमकी दी है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने इसकी पुष्टि की है। मालूम हो कि नक्सली पद्मश्री हेमचंद्र मांझी के भतीजे कोमल मांझी की हत्या कर चुके हैं।

### आज | कल




## हेमंत ने हाई कोर्ट में दाखिल की जमानत अर्जी

### जमीन घोटाला मामला

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू के बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन



घोटाले के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को जमानत अर्जी दाखिल की। हाई कोर्ट में दाखिल जमानत अर्जी में हेमंत सोरेन ने कहा है कि उनके ऊपर जमीन कब्जे का जो आरोप लगा है वह बेबुनियाद है। हेमंत सोरेन में जमानत अर्जी में कहा है कि बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन भूइहरि जमीन है, जो ट्रांसफर नहीं की जा सकती। इसका मालिकाना हक उनके पास नहीं है और इस पर उनके कब्जे की बात भी गलत है। ईडी के पास इस संबंध में कोई दस्तावेज भी नहीं है। जमीन पर अवैध कब्जा पीएमएलए में शेड्यूल ऑफेंस में नहीं आता है। यह मामला प्रेडिकेट ऑफिस का भी नहीं है।

प्रेडिकेट ऑफिस के लिए धन की उत्पत्ति होनी चाहिए थी, जो नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन बड़गाई अंचल की जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी से जेल में बंद हैं। मामले में ईडी ने जांच पूरी करते हुए 30 मार्च को हेमंत सोरेन सहित पांच के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट से वापस ले ली थी। रांची की पीएमएलए कोर्ट ने पूर्व में उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

### पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 15 को

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर पीएमएलए कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में सुनवाई की अगली तिथि 15 जून निर्धारित की है। मामले में पूर्व में दोनों पक्षों की ओर से बहस हुई थी। ईडी ने इस मामले में राजकुमार पाहन को भी आरोपित बनाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल किया है। ईडी के शेष पेज 11 पर

## आलमगीर आलम की रिमांड अवधि तीन दिन और बढ़ी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार ग्रामीण विकास



मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड अवधि समाप्त होने पर कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। ईडी के आग्रह पर कोर्ट ने एक बार फिर पूछताछ के लिए तीन दिनों के रिमांड की मंजूरी दे दी। इससे पूर्व ईडी आलमगीर को दो बार 11 दिनों के रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत से आलमगीर आलम को फिर से पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति मांगी। इसका आलमगीर आलम के अधिवक्ता ने विरोध किया। ईडी की ओर से कहा गया कि आलमगीर आलम जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसके बाद अदालत ने ईडी को फिर से पूछताछ के लिए तीन दिनों के रिमांड की मंजूरी दी। इससे पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को मेडिकल जांच के बाद ईडी के अधिकारी कोर्ट लेकर पहुंचे थे। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे। बरामद पैसों के संबंध में ईडी ने आलमगीर आलम से दो दिन पूछताछ की थी।

### आईएएस मनीष रंजन से आज होगी पूछताछ

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टेंडर कमीशन



घोटाला मामले में आईएएस मनीष रंजन से 28 मई को पूछताछ करेगी। ईडी ने मनीष रंजन को 25 मई को समन भेजकर 28 मई को पूछताछ के लिए ईडी के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया है। सूत्रों ने बताया कि मंत्री आलमगीर आलम और आईएएस मनीष रंजन को शेष पेज 11 पर

## इंडिया



सुनील बादल

देश में बाल विवाह के 50 प्रतिशत से अधिक मामले केवल 5 राज्यों से संबंधित हैं जिनमें उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है।

## बाल विवाह कुप्रथा ही नहीं, समाज के लिए चुनौती भी

बड़े बड़े मुद्दों पर और विकास के नाम चुनाव की धूम के बीच बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के लिए चुनौती के समान है। सरकार,संस्थाएं और समाज के प्रयासों के बाबजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। भारत में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद बाद में दहेज न देना पड़े के नाम पर नाबालिग बेटी की जबर्दस्ती शादी करा दी जा रही है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देते रहे हैं। देश के सभी प्रदेशों में बेटियां शिक्षित हो रही है। ऐसे में समाज को आगे आकर कम उम्र में लड़कियों के होने वाले बाल विवाह रुकवाने के प्रयास करने होंगे। आजकल कई लड़कियां खुद भी आगे आकर अपना बाल विवाह रुकवाने का प्रयास करने लगी है। भारत में यह प्रथा लम्बे समय से चली आ रही है जिसके तहत छोटे बच्चों का विवाह कर दिया जाता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि आज के पढ़े लिखे समाज में भी यह प्रथा अपना स्थान बनाए हुए है। जो बच्चे अभी खुद को भी अच्छे से नहीं समझते। जिन्हें जिन्दगी की कड़वी सच्चाईयों का कोई ज्ञान नहीं। जिनकी उम्र अभी पढने लिखने की होती है। उन्हे बाल विवाह के बंधन में बांधकर क्यों उनका जीवन बर्बाद कर दिया जाता है। इस सच के बीच कि अनेक मामले प्रकाश में नहीं आते देश में बाल विवाह के 50 प्रतिशत से अधिक मामले केवल 5 राज्यों से संबंधित हैं जिनमें उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। शेष चार राज्यों में बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश शामिल हैं। वर्तमान में भारत में बाल विवाह के लगभग 22 प्रतिशत मामले हैं जो कि लगातार कम हो रहे हैं। इसके प्रमुख कारणों में महिलाओं में साक्षरता और जागरूकता का बढ़ना, शिक्षा के प्रसार के कारण लड़कियों के प्रति अभिभावकों की सोच में परिवर्तन आना, शहरीकरण में वृद्धि तथा कठोर कानूनों की उपस्थिति को माना जा सकता है। भारत में बाल विवाह



में गिरावट आई है। लेकिन देश में पांच लड़कियों में से एक और छह लड़कों में से एक की अभी भी बचपन में शादी कर दी जाती है। हाल के वर्षों में यह प्रथा कुछ राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में अधिक प्रचलित हो गई है।

दिसंबर 2023 में द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार यह अनुमान लगाने वाले पहले अध्ययनों में से एक है कि राज्य व केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर समय के साथ लड़की और लड़के के बाल विवाह की दर में क बदलाव आया है। अध्ययन में पाया गया कि 1993 से 2021 के बीच राष्ट्रीय स्तर पर बाल विवाह में गिरावट आई है। बालिका बाल विवाह का प्रचलन 1993 में 49 प्रतिशत से घटकर 2021 में 22 प्रतिशत हो गया। जबकि बालक बाल विवाह 2006 में 7 प्रतिशत से घटकर 2021 में 2 प्रतिशत हो गया। बाल विवाह के प्रचलन में सबसे बड़ी कमी 2006 और 2016 के बीच हुई। सबसे कम कमी 2016 से 2021 के बीच हुई। इन बाद के वर्षों के दौरान छह राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में बालिका विवाह में वृद्धि देखी गई।हम अपनी बेटियों को बाल विवाह और कम उम्र की गर्भावस्था से नहीं बचा पाए हैं। यही कारण है कि इस देश में 50 फीसदी से ज्यादा महिलाएं और बच्चे एनीमिया (रक्ताल्पता) के शिकार हैं। यूनिसेफ द्वारा जारी की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत के कई क्षेत्रों में अब भी बाल विवाह हो रहा है। इसमें कहा गया है कि पिछले कुछ दशकों के दौरान भारत में बाल विवाह की दर में कमी आई है। लेकिन कई प्रदेशों में यह प्रथा अब भी जारी है। रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह की यह कुप्रथा आदिवासी समुदायों सहित कुछ विशेष जातियों के बीच अधिक प्रचलित है।रिपोर्ट में कहा गया है कि बालिका शिक्षा की दर में सुधार, किशोरियों के कल्याण के लिये सरकार द्वारा किये गए निवेश व कल्याणकारी कार्यक्रम और इस कुप्रथा के खिलाफ सार्वजनिक रूप से प्रभावी संदेश देने जैसे कदमों के चलते बाल विवाह की दर में कमी देखने को मिली है। यूनिसेफ के अनुसार अन्य सभी राज्यों में बाल विवाह की दर में गिरावट लाए जाने की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है। किंतु कुछ जिलों में बाल विवाह का प्रचलन अब भी उच्च स्तर पर बना हुआ है।अक्सर हम रीति-रिवाज व परम्परा के नाम पर अनदेखा करते हैं। देश में बाल विवाह के खिलाफ कानून बने हैं और समय-समय पर उसमें संशोधन कर उसे ओर प्रभावशाली बनाया गया हैं। फिर भी लगातार बाल विवाह हो रहे हैं। भारत में बाल विवाह पर रोक संबंधी कानून सर्वप्रथम सन 1929 में पारित किया गया था। बाद में सन 1949, 1978 और 2006 में इसमें संशोधन किये गए। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह कराने पर 2 साल की जेल व एक लाख रुपए का दंड निर्धारित किया है।अगर सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। तो इस असफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण है इसके प्रति सामाजिक जागरुकता की कमी। जब तक समाज में बाल विवाह रोकने के प्रति जागरूकता नहीं आएगी तब तक यह कुरीति खत्म नही होने वाली है। बाल विवाह एक सामाजिक समस्या है। सिर्फ कानून के भरोसे बाल विवाह जैसी कुप्रथा को नहीं रोका जा सकता है। देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से खत्म करना है तो इसके लिए समाज को ही आगे आना होगा तथा बालिकाओं के पोषण, स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करना होगा।

## पश्चिम बंगाल में कमजोर पड़ा चक्रवाती तूफान 'रेमल'

एजेंसी

कोलकाता। चक्रवाती तूफान 'रेमल' सोमवार को कमजोर पड़ गया और हवा की रफ्तार 80 से 90 किलोमीटर (किमी) प्रति घंटा हो गयी है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। रेमल रविवार मध्यरात्रि पश्चिम बंगाल तट पर पहुंचा था। विभाग के मुताबिक, सुबह साढ़े पांच बजे सागर द्वीप से 150 किलोमीटर उत्तरपूर्व में स्थित चक्रवाती तूफान की वजह से कोलकाता में तेज बारिश हुई और पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों में रातभर बारिश होती रही। विभाग ने एक बुलेटिन में बताया कि तूफान के उत्तरपूर्व की ओर बढ़ने और आगे कमजोर होने की संभावना है।

विभाग ने बताया कि कोलकाता में रविवार को सुबह साढ़े आठ बजे से सोमवार को सुबह साढ़े पांच बजे के बीच 146 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। इसी के साथ मौसम वैज्ञानिकों ने कोलकाता, नादिया और मुर्शिदाबाद सहित दक्षिणी जिलों में मंगलवार को सुबह तक तेज हवाओं के साथ-साथ एक या दो बार तेज बारिश होने की संभावना जताई है।



### चक्रवात से मरने वालों की संख्या हुई चार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में चक्रवात रेमल के प्रभाव से मरने वालों की संख्या चार हो गई है। भारी बारिश से पेड़ उखड़कर बिजली के तारों पर गिर गए। तारों की मरम्मत करने के दौरान दो लोगों की बिजली के तार के संपर्क में आने से मौत हो गई। एक जर्जर इमारत की दीवार गिरने से एक और व्यक्ति की मौत हो गई।

## एक नजर

### कर्रा में बालू का अवैध परिवहन करते पांच वाहन जब्त

**खूंटी।** उपायुक्त के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान और जिला खनन पदाधिकारी रामनरेश सिंह के नेतृत्व में जांच दल ने रविवार की देर रात कर्रा प्रखंड के पदमपुर, छाता और अन्य स्थलों में छपेमारी अभियान चलाकर अवैध रूप से बालू खनिज परिवहन करते पांच वाहनों को जब्त किया। जिला प्रशासन ने आज बताया कि अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच वाहनों को जब्त किया गया। वाहन मालिकों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन सख्त है।

### फेक आईडी पर जज का फोटो लगाकर अपराधी ने मांग पैसा

**रांची।** एक जज का फोटो लगाकर व्हाट्सऐप पर मैसेज भेजने और पैसे मांगने के मामले में साइबर अपराधियों के खिलाफ डोरंडा थाने में केस दर्ज किया गया है। झारखंड न्यायिक एकेडमी के निदेशक और अतिरिक्त निदेशक से पैसों की मांग की गई। सचिवालय कॉलोनी निवासी संजीत सिंह ने शुक्रवार को दर्ज केस में बताया कि एक जज के नाम पर फोटो लगा फर्जी आईडी बनाकर ठगों ने मैसेज भेजा था। हालांकि आरोपी ने अब प्रोफाइल पिक को बदल दिया है।

### गाड़ी हटाने पर हुए विवाद में युवकों को पीटकर किया घायल

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र के नगड़ा टोली में गाड़ी हटाने के विवाद में बदमाशों ने रविवार को एक परिवार के सदस्यों की जमकर पिटाई कर दी। इस घटना में आशीष कुमार, उनके पिता केएन भगत और भाई अभिनव कुमार, अभिषेक कुमार को गंभीर चोट लगी है। इस संबंध में आशीष कुमार ने लालपुर थाने में पड़ोस अरूण कुमार सिंह, उसके पुत्र वैभव सिंह समेत अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। आशीष ने पुलिस को बताया कि उनकी भाभी की तबियत खराब थी। उसे अस्पताल ले जाना था। रविवार की शाम वह गाड़ी निकाल रहा था। उनकी गाड़ी के सामने अरूण सिंह अपनी गाड़ी खड़ा कर दिया।

### छपरा की घटना की जांच के लिए बिहार के डीजीपी को पत्र

**रांची।** गोप महासंघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष साधु शरण गोप ने छपरा में हुए चुनाव के दौरान घटना की निष्पक्ष जांच के लिए बिहार के डीजीपी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि रोहिणी आचार्य पर हमला सिर्फ आपराधिक नहीं, बल्कि सामाजिक अपराध भी है। ऐसी घटना गरीब राज्यों के विकास में बाधक है। इसलिए अपराधिक दृष्टिकोण के साथ सामाजिक अपराध की दृष्टिकोण से भी जांच होनी चाहिए। वहीं राजनीतिक दलों पर भी नकेल कसने की जरूरत है ताकि कार्यकताओं ऐसे व्यवहार बचें।

### पर्यावरण संतुलन के लिए नदियों में भरपूर रेत होनी चाहिए

# बालू के अवैज्ञानिक खनन से वीरान हो रहीं नदियां

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

बालू का महत्व सिर्फ निर्माण कार्य तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पारिस्थितकीय दृष्टिकोण से भी इसका काफी महत्व है। पर्यावरण संतुलन के लिए नदियों में भरपूर बालू को होना अनिवार्य है। पानी के बाद बालू ही ऐसी उपयोगी चीज है, जिसका सर्वाधिक और अवैज्ञानिक ढंग से दोहन हो रहा है। यही कारण है कि नदियां वीरान होती जा रही हैं। कई नदियों का अस्तित्व ही संकट में आ गया है। बालू को लघु खनिज के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जिसके बिना निर्माण कार्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती। नदियों में भरपूर बालू होने से आसपास की वनस्पति और जीवों को पनपने का अवसर मिलता है। इससे जैव विविधता को पोषण मिलता है और पर्यावरण की सुरक्षा होती है। बढ़ते शहरीकरण और सरकारी भवनों, पुल-पुलियों के अलावा अन्य सभी तरह कें निर्माण कार्यों में आई तेजी के कारण बालू की मांग लगातार बढ़ती जा रही है।

इसकी पूर्ति के लिए नदियों से अवैध, अनियंत्रित और अवैज्ञानिक तरीके से बालू खनन को बढ़ावा मिल रहा है। बालू के अवैध खनन के कारण न सिर्फ नदियां वीरान हो रही हैं, बल्कि जल धारण की क्षमता भी प्रभावित हो रही है। नदियों के तट का स्वरूप भी बिगड़ता जा रहा है। नदियों की जल धारण की क्षमता घटने से इसका सीधा असर जलापूर्ति पर पड़ रहा है। खूंटी जिले का ही उदाहरण लें, जहां गर्मी के दिनों में गभीर जल संकट का सामना आम लोगों को करना पड़ रहा है। बालू के अवैध और अंधाधुंध खनन से इस जिले की कारो, छाता, तजना, बनई, छोपी सहित कई छोटी-बड़ी नदियां पूरी तरह सूख चुकी हैं।

#### बालू का बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग जरूरी : डॉ नीतीश प्रियदर्शी

नदियों से बालू के अवैध और अवैज्ञानिक तरीके से खनन के दुष्प्रभाव के संबंध में प्रख्यात



पर्यावरणविद डॉ नीतीश प्रियदर्शी कहते हैं कि बालू को सिर्फ निर्माण सामग्री के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि इसका बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग करते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए हमें नदियों के अस्तित्व को बचाकर रखना जरूरी है। डॉ प्रियदर्शी ने कहा कि नदियों के अस्तित्व को बचाकर रखने के लिए सबसे पहले हमें बालू का अवैज्ञानिक ढंग से हो रहे खनन पर रोक लगानी होगी। उन्होंने कहा कि बालू का ठोस विकल्प भी खोजना समाज और भावी पीढ़ी के लिए हितकारी होगा।

### हजारीबाग बड़कागांव निवासी तस्कर गिरफ्तार

# बुंडू थाना के ताऊ मोड़ के समीप 18.25 लाख की अफीम बरामद

*एक मोबाइल, एक डिजिटल तराजू और 40 हजार 400 रुपये नकद बरामद*

*हुमटा, जड़ेया, आराडीह एवं गितीलडीह गांव से होती है अफीम की खरीद री*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के बुंडू थाना पुलिस ने ताउ मोड़ से तीन किलो 650 ग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम का बाजार मूल्य 18 लाख 25 हजार रुपये आंका गया है। मामले में पुलिस ने सिंटू कुमार को गिरफ्तार किया है। वह हजारीबाग के बड़कागांव का रहने वाला है। उसके पास से एक मोबाइल, एक डिजिटल तराजू और 40 हजार 400 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने सोमवार की रात बताया कि एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि हजारीबाग से एक तस्कर अफीम खरीदने के लिए बस पकड़कर बुंडू आया है और बुंडू से अफीम खरीद कर वापस बस पकड़कर शाम तक हजारीबाग जाएगा। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में राज्यपत्रित पदाधिकारी प्रशासक नगर पंचायत बुंडू तथा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने सोनाहातू रोड पर बुंडू थाना के ताऊ मोड़ के समीप चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान हुमटा की ओर से आते पीठ में बैग टांगा एक व्यक्ति पुलिस और चेकिंग को देख कर पीछे मुड़ कर भागने लगा। इसी दौरान टीम ने उसे बैग के साथ पकड़ लिया। पूछताछ में बताया, मेरे चाचा के साले का बुंडू थाना के डमारी में ससुराल है। हम बुंडु डमारी के अपने रिश्तेदार चाचा के साले के सासू मां की मदद से यहां हुमटा गांव, जड़ेया गांव, आराडीह गांव, गितीलडीह गांव में घूमकर अफीम की खेती करने वाले किसानों से संपर्क कर चार बार से अफीम खरीदकर अपने इलाके हजारीबाग में ले जाकर ऊंचे दाम पर बेचने का काम कर रहे हैं।



### जियाउर रसीद पर होगी विभागीय कार्रवाई

**सामग्रियों की खरीद में नियमों की अनदेखी का आरोप**

**रांची।** राज्य सरकार ने सेवानिवृत्त प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सामान्य रांची मो जियाउर रसीद के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई का आदेश दिया है। उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच रिटायर आईएएस अधिकारी गणेश कुमार करेंगे। आईटीआई धनबाद के प्राचार्य अंजू अग्रवाल को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। वे उनके खिलाफ लगे आरोपों का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएंगी।

यह बात सामने आई कि 2023 में मंडल आईटीआई रांची में सामग्रियों की खरीद में स्थापित नियमों का पालन नहीं किया गया। जियाउर रसीद ने इस कार्य के कर्तव्य के प्रति निष्ठा के अभाव को प्रदर्शित किया। साथ ही, सामग्रियों के क्रय की प्रक्रिया का अनुपालन नहीं करने का आरोप प्रथम द्रष्टया प्रमाणित पाया गया। मामले को सरकार ने गंभीरता से लिया है और उनके ऊपर श्रम प्रशिक्षण एवं नियोजन विभाग ने विभागीय कार्रवाई का फैसला लिया है।



# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया मतगणना केंद्र का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सोमवार को लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर बिरसा कॉलेज स्थित मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतगणना की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।

उन्होंने काउंटिंग हॉल में संचालित मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा उसे समय से पहले दुरुस्त करने का निर्देश दिया। हॉल में मतगणना टेबल, लाइटिंग इत्यादि की पूर्ण व्यवस्था सहित सुरक्षाबलों को लेकर की जाने वाली सभी आवश्यक तैयारियों तथा मतगणना स्थल की साफ-सफाई जैसे जरूरी कार्यों को समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया।

### मोहननगर में एक महीने में एक बार मिलता है सप्लाई का पानी

# डीप बोर से निकलता है गर्म पानी जमीन में गंधक होने की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

सीसीएल एनके एरिया की सबसे बड़ी कालोनी मोहननगर में महीने में एक बार सप्लाई का पानी मिल पाता है। मोहननगर में नियमित जलापूर्ति के लिए सीसीएल द्वारा किए गए सारे प्रयास विफल हो चुके हैं। करीब पांच हजार आबादी की इस कालोनी में पानी की हमेषा परेशानी रही है। सीसीएल द्वारा दो पानी टंकी बनाया गया है। टंकी में दामोदर नदी का पानी फिल्टर कर भरा जाता है। ऐसे तो इतनी बड़ी आबादी में प्रत्येक दिन भी दोनो पानी टंकियों को भरा जाय तब भी एक घर को पांच से छह दिन में एक बार पानी मिल पाएगा। परंतु इस भीषण गर्मी में दामोदर के सूखने के बाद कालोनी के एक घर को पांच-छह दिन में एक बार पानी मिल पा रहा है। मोहननगर निवासी रमेश चौहान बताते हैं कि सीसीएल प्रबंधन नियमित पानी सप्लाई का प्रयास करती रहती है परंतु सही दिशा में प्रयास नहीं होने के कारण सफलता नहीं मिल पाता है। कई बार पाइप लाइन बिछाने का काम किया गया। बताया कि छठ तालाब में 32 नम्बर का पानी लाकर क्वार्टर में सप्लाई की योजना बनी थी। चंदननगर तक पाइप भी बिछा दिया गया, परंतु तालाब का पानी केवल डकरा साइडिंग में स्प्रिंकलर चलाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। स्प्रिंकलर में पानी ले जाने से तालाब भी सूखने लगा है। क्वार्टर में सप्लाई की योजना पूरी नहीं हो सकी। लोगों ने बताया कि कई लोग आपस में मिलकर डीप बोर किए हुए हैं। अपना डीप बोर करने पर भी कई जगहों पर जमीन से गर्म पानी निकलता है। जमीन के अंदर गंधक होने की आषंका है। मोहननगर निवासी कृष्णा चौहान, रमेश चौहान, टुन्नू साव, गोवर्धन शर्मा, रामबली चौहान, बूटन चौहान का कहना है कि बार बार पाइप बिछाने की जगह सपही नदी से पानी सप्लाई के प्रोजेक्ट पर काम किया जाय।



**सरकारी जलमीनार भी नहीं बुझा पाई प्यास**

खलारी प्रखंड के चुरी मध्य पंचायत स्थित मोहननगर कालोनी में राज्य सरकार के जलमीनार भी लोगों के प्यास नहीं बुझा सके। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जिला परिषद रांची, 15वें वित्त आदि से मोहननगर में कई सोलर संचालित डीपबोर जलमीनार का निर्माण किया गया। परंतु निकट के गहराती डकरा कोयला खदान के कारण भू जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है जिसके कारण कई जलमीनार के बोर फेल हो गए। कई अन्य तकनीकी कारणों से खराब पड़े हैं। एक-दो ही सोलर जलमीनार चालू हालत में हैं।

### राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के राज्य नोडल पदाधिकारी ने सफल बनाने का दिया निर्देश

# राज्य में तीन दिवसीय माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम आज से

*राज्यभर में आज मनाया जाएगा माहवारी स्वच्छता दिवस*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 28 मई को राज्यभर में माहवारी स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ आरएन शर्मा ने सभी जिलों के सिविल सर्जन को इस संबंध में पत्र लिखकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निर्देश जारी किया है। पत्र में लिखा है कि विद्यालयों में गर्मी की छुट्टी के कारण 28 मई से 30 मई तक प्रत्येक स्वास्थ्य उपकेंद्र, सभी युवा मैत्री केंद्र, एडोलेसेंट फ्रेंडली क्लब, आॅउटरीच सेशन में यह कार्यक्रम किया जाना है, जहां आईईसी गतिविधियों यथा पंपलेट, पोस्टर, बैनर के माध्यम से माहवारी स्वच्छता के विषय जानकारी दी जाएगी। ऑउटरीच सेशन के दौरान ब्लॉक ट्रेनिंग टीम (बीटीटी) द्वारा किशोरियों को माहवारी स्वच्छता के बारे में जागरूक किया जाएगा। एडोलेसेंट फ्रेंडली क्लब में एएनएम, ब्लॉक ट्रेनिंग टीम (बीटीटी), पियर एजुकेटर, अर्श काउंसलर द्वारा निबंध, चित्रांकन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

अर्श काउंसलर एवं एएनएम द्वारा एडोलेसेंट फ्रेंडली क्लब, युवा मैत्री केंद्र, ऑउटरीच सेशन के माध्यम से माहवारी स्वच्छता से संबंधित समूह परामर्श दिया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य आईईसी नोडल पदाधिकारी, डॉ लाल मांझी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 28 मई को विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 2014 में जर्मन एनजीओ वॉश यूनाइटेड द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य युवतियों और महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता का ख्याल रखने के प्रति जागरूक करना है।




### भाजपा के प्रतिधिनिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** भाजपा का प्रतिनिधिमंडल विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने गोड्डा के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के भाई सीआईडी इंस्पेक्टर दिलीप यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की गोड्डा के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप कुमार यादव के भाई दिलीप कुमार यादव के खिलाफ भाजपा पहले भी आयोग आई थी। तब उनके खिलाफ करवाई करते हुए उनको निलंबित कर दिया गया। लेकिन निलंबित होने के बाद भी सी आई डी इंस्पेक्टर दिलीप कुमार यादव देवघर में भ्रमण कर रहे हैं। निलंबन की अवधी मे आरोपी का मुख्यालय में रहना होता है और वहां उपस्थिति दर्ज होता है।

## न्यूज बॉक्स

### नशे की लत में फंस रहे युवाओं पर विहिप और बजरंग दल ने जताई चिंता



**खलारी।** विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल खलारी की बैठक केडी शिवपुरी में हुई। अध्यक्षता प्रताप यादव ने की। बैठक में संगठन विस्तार सहित अन्य विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। कहा गया कि क्षेत्र में युवा पीढ़ी काफी तेजी से नशे की लत की ओर बढ़ रही है। युवा पीढ़ी को नशे की दलदल में जाने से रोकने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है। हमारे युवा ही राष्ट्र के भविष्य हैं। युवा धर्म और राष्ट्र की रक्षा भी करेंगे। ऐसे में युवाओं को गलत राह में जाने से रोकना होगा। बताया गया कि अगली बैठक की सूचना जल्द ही संगठन के सभी संचालित ग्रुपों में दे दी जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय प्रमुख पशुपतिनाथ, जिला ग्रामीण सेवा प्रमुख अनिल यादव, बजरंग दल खलारी सामाजिक समरसता प्रमुख संजीत सिंह, पूर्व सह मंत्री कमल शर्मा, मुकेश यदुवंशी, शशि तुरी, पंकज सिंह,अमर आदि है।

### गार्ड की मौत से गुस्साए लोगों ने माल में किया हंगामा

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के बरियातू रोड में बडगाईं के समीप व्ही मार्ट शॉपिंग काम्पलेक्स परिसर में रविवार को गार्ड रामवृत महतो की मौत से गुस्साए परिजनों ने हंगामा किया। एम्बुलेंस पर रखे गार्ड के शव के साथ शॉपिंग काम्पलेक्स का घेराव कर विरोध प्रदर्शन कर रहे परिजन एवं ग्रामीण मुआवजा एवं मामले की जांच कराने की मांग कर रहे थे। मामले की जानकारी होने के बाद मौके पर सदर थाना पुलिस पहुंची। पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद प्रबंधन से परिजनों की बात कराई गई। बातचीत में प्रबंधन की ओर से मृत गार्ड के परिवार के एक सदस्य को काम पर रखने का भरोसा दिया गया।

### वज्रगृह में स्क्रूटनी पूरी, सुरक्षा के सख्त इंतजाम

**रांची।** मतदान के बाद रविवार को कृषि बाजार समिति पंडरा परिसर में बने वज्रगृह में रविवार को स्क्रूटनी की गयी। रांची लोकसभा क्षेत्र के प्रेक्षक डीएस रमेश की अध्यक्षता में सभी उम्मीदवारों एवं उनके एजेंट की मौजदूगी में स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी की गयी। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि स्क्रूटनी के दौरान सभी पोलिंग स्टेशन के प्रीजाइडिंग अफसरों की डायरी, वोट्स फॉर्म 17 ए के रजिस्टर तथा वोटर फॉर्म 17 सी का अध्ययन किया गया। इसके संबंध में विस्तृत सूचना सभी उम्मीदवारों एवं एजेंट को उपलब्ध करायी गयी। सभी को मतदान के प्रतिशत की जानकारी भी दी गयी।

### जामटोला गांव के पानी टंकी का फ्रेम जर्जर, खतरे की आशंका

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के लोसेरा गांव के जामटोला में मौजूद एक मात्र जलापूर्ति योजना की पानी टंकी लोगों के लिए खतरे की घंटी बजा रहा है। दो हजार लीटर क्षमता वाली टंकी जिस फ्रेम पर टिकी है वह जंग लगकर जर्जर हो चुका है। लोग लकड़ी लगाकर सहारा देकर काम चला रहे है। इस टंकी पर पानी लेने के लिए रोज दिन भीड़ लगी रहती है। टंकी के नीचे पानी भरते कभी भी लकड़ी के सहारे वाली पाइप टूटी तो जान जाने का भी खतरा है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना विभाग और पंचायत के मुखिया को दी है लेकिन इस और अभी तक किसी ने ध्यान नहीं दिया है। मामले में पिस्का पंचायत के मुखिया सोमरा मांझी ने कहा कि अब चुनाव समाप्त हो रहा है इसके बाद इसके प्लान प्लस को योजना के माध्यम से मरम्मत किया जायेगा।



### मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना हुआ श्रद्धालुओं का जत्था



**खलारी।** खलारी से श्रद्धालुओं का एक जत्था मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रविवार रात जम्मूतवी के लिए रवाना हुआ। रवाना होने से पूर्व जत्था में शामिल श्रद्धालुओं ने माता रानी का जोरदार जयकारा लगाया। श्रद्धालुओं में शामिल जय माता दी ग्रुप की महिला प्रमुख सिन्नी समद, वर्षा रानी, मारुति देवी मुन्ना ने बताया की जत्था सबसे पहले मां वैष्णो देवी जी कटरा का दर्शन करेंगे। उसके बाद मंदिरों के शहर जम्मू में विभिन्न मंदिरों का दर्शन करने के पश्चात जम्मू से उज्जैन महाकाल की नगरी के लिए जत्था प्रस्थान करेगा। जहां तृतीय ज्योतिर्लिंग उज्जैन महाकाल का दर्शन, काल भैरव दर्शन, चतुर्थ ज्योतिर्लिंग ओम्कारेश्वर जी के दर्शन के बाद कटनी होते हुए मां शारदा देवी दर्शन करने के पश्चात जय माता दी ग्रुप के सदस्य 05 जून को शक्तिपुंज ट्रेन से खलारी वापस लौट आएंगे। माता वैष्णो देवी जी की यात्रा में जाने वाले दर्शनार्थियों में सिन्नी समद, वर्षा रानी, मुन्ना देवी, इंदिरा देवी, लक्ष्मी बिरुवा, सीतामणी सवाइयां, मीना देवी, सुनील बिरुवा, मीनाक्षी बिरुवा, आरित कुमार, आकृति कुमारी, आसुतोष कुमार, राज कृष्णा पूर्ति, बसंत मुंडा, बिंदु देवी, सबिता देवी, दीपक तिवारी, अभिषेक तिवारी, पंकज उपाध्याय, बादल तिवारी, पंकज उपाध्याय, सोनू पाठक, गुड्डू ओझा, श्रद्धा तिवारी, राधेश्याम दुबे, तुषार प्रसाद, संजय कुमार, किशोर चंद्र देहुरी, शामिल है।

### मोमिनटोला की सड़क पर बनी नाली जाम, गंदगी से लोग परेशान

**सिल्ली।** सिल्ली मेन रोड से शौंडिक भवन होते हुए मोमिन टोला जाने वाली सड़क पर बनी नाली काफी दिनों से जाम है इस कारण सड़क और मुहल्ले में गंदगी पसरी हुई है। ड्रेनेज सिस्टम फेल हो गया है इससे जल जमाव भी हो जाता है। थोड़ी सी भी बारिश के बाद स्थिति ना हो जाती है। ज्ञात हो कि लोगों की मांग पर पानी की समुचित निकासी के लिए नाली का निर्माण किया गया था लेकिन साल भर के बाद ही लोगों ने नालियों को अपने अपने स्वार्थ के लिए जाम के दिया इस कारण यह समस्या हुई है। लोगों ने स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं प्रशासन से इस समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है।

## ‘प्रयास’ सह ‘प्रोजेक्ट इंपैक्ट’ एवं एफएलएन पर चार दिवसीय प्रशिक्षण सत्र 28 से

# 6 माह में 3000 स्कूलों में होगा एफएलएन का अनुपालन : अभिनव

*शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहीं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को मिलेगा आवासीय प्रशिक्षण*


फाइल फोटो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी), रांची में ‘प्रयास’ सह ‘प्रोजेक्ट इंपैक्ट’ एवं मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत 28 मई से होगी। इस प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहे नौ सामाजिक संस्थाओं के 235 प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस प्रशिक्षण सत्र के दौरान दो बैच में प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहला बैच 28-29 मई और दूसरा बैच 30-31 मई तक चलेगा। इन सत्रों में ‘प्रोजेक्ट इंपैक्ट’ के अंतर्गत विद्यालयों के शैक्षिक वातावरण से संबंधित विषय वस्तु पर विशेष प्रशिक्षण तथा इन संस्थाओं द्वारा समर्थित विद्यालयों में आगामी छह माह में एफएलएन का अनुपालन कराने संबंधित विषयों पर जोर दिया जाएगा। गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रम के राज्य पदाधिकारी अभिनव कुमार ने सोमवार को बताया कि आगामी छह माह में राज्य के 3000 विद्यालयों में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इस क्षेत्र में कार्य कर रहे विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को विशेष प्रशिक्षण देकर कार्यक्रम के एकीकृत परिणाम के लक्ष्यों को हासिल करना अनिवार्य है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ाई करने वाले बच्चों के भीतर पढ़ने की प्रवीणता या अंकगणितीय कौशल विकसित करना है, जिससे वर्ष 2026-27 तक कक्षा तीन तक के बच्चों के लिए सार्वभौमिक साक्षरता और संख्यात्मकता सुनिश्चित की जा सके।

## छगन लाल पटेल बने झारखंड टिंबर ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष

**रांची।** झारखंड टिंबर ट्रेडर्स एसोसिएशन की द्विवार्षिक आमसभा रांची में हुई। इसमें एसोसिएशन के सत्र 2024-26 के लिए हुए चुनाव में छगन लाल पटेल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही प्रदीप कुमार मोदी को उपाध्यक्ष, रमेश कुमार पटेल को सचिव, तेजविन्दर सिंह को सह सचिव तथा प्रमोद कुमार अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी समिति के सदस्य के रूप में अमृत लाल पटेल, रामजी पटेल, नंद लाल साहु, अरुण कुमार जाजोदिया, प्रवीण कुमार अग्रवाल, विनोद कुमार जैन, नागेंद्र नाथ मौर्य, विनोद कुमार पटेल, सुमित पोद्दार, प्रकाश कुमार गुप्ता, अतीक अहमद और शुभम अग्रवाल का चुनाव किया गया।

## बच्चे मोबाइल के खेल तक सीमित नहीं हों : एसके सिन्हा

**रांची।** डीएवी गांधीनगर में 15 दिवसीय विभिन्न खेलों का ग्रीष्मकालीन निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में कबड्डी, खो-खो, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, कराटे, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, वुडबॉल आदि खेलों के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया गया। मुख्य प्रशिक्षक गोविंद झा तथा कौशल कुमार, स्वाति शिप्रा ने सभी खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया। इस शिविर में खासकर खिलाड़ियों के फिटनेस, स्किल ट्रेनिंग, एकाग्रता, संयम, खेलों के टेक्निक के बारे में जानकारी दी गई।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीएवी स्कूल गांधीनगर के प्राचार्य एसके सिन्हा थे। उन्होंने खिलाड़ियों में प्रमाण पत्र वितरित किया और कहा कि आज के बच्चे मोबाइल के खेल तक सीमित ना हों। मैदानी खेल की भी ट्रेनिंग लें, ताकि मानसिकता सकारात्मकता की ओर अग्रसारित हो और वे अच्छे खिलाड़ी के साथ अच्छे नागरिक भी बने सकें।

# कार में मिले खून के धब्बे, एसआईटी ने लिया नमूना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारा कार लेकर मेन रोड से भाग निकला, लेकिन आगे चलकर कार अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई। कार के दोनों एयरबैग खुले पाए गए हैं। ब्रेजा कार का नंबर JH01DL-2400 फर्जी पाया गया। गिरफ्तार अभिषेक रांची के सेल सिटी स्थित ए9/8ए फ्लैट में भाड़े में रहता है। वहीं कार के गेट और पैनल पर खून के निशान मिले हैं। कार के अंदर से चार गोलियां व खोखा भी मिले हैं। खून किसका है इसकी जांच के लिए एफएसएल की टीम ने मौके पर खून का नमूना एकत्र कर लिया है। हालांकि वीडियो में एक अकेली तस्वीर ही नजर आ रही है, लेकिन पुलिस को ऐसा लग सकता है कि कार में कोई और भी है और वह उसके खून के निशान हो सकते हैं।

**संदीप को रिम्स ले गए सहकर्मी :** गोली लगने के बाद संदीप बार के गेट पर ही गिर पड़ा। उसके बाद सहकर्मी उसे रिम्स ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल है। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके नाम पर दो आर्म्स के लाइसेंस बरामद किए हैं, जो असम से जारी किया गया है। पुलिस को संदेह है कि दोनों लाइसेंस फर्जी हो सकते हैं, क्योंकि इसकी एंट्री रांची जिला प्रशासन के पास नहीं है।



### अब तक मृतक के परिजनों को नहीं दी जा सकी है सूचना

मृतक डीजे संदीप प्रमाणिक के घर वालों को उसकी मौत की खबर अबतक नहीं दी जा सकती है। चक्रवात के कारण मृतक के घर तक पुलिस संपर्क नहीं कर पा रही है। बताया जा रहा है कि संदीप प्रमाणिक पिछले 7 सालों से यहां काम कर रहा था जबकि बार संचालक का कहना है कि वह गत बीस दिनों से उनके यहां काम कर रहा था। उसने किसी को भी अपने घर वालों के नाम और नंबर की जानकारी नहीं दी थी। जानकारी के अनुसार, शराब के नशे में लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में दो गुटों में मारपीट हुई थी। इस दौरान आधा दर्जन जवान हथियार और लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंचे और उन्होंने वहां हंगामा भी किया। जिसके बाद बाउंसर और बार स्टाफ ने मारपीट के उन्हें भगाया था। जिसके बाद एक युवक हथियार लेकर पहुंचा और सुरक्षा की घटना को अंजाम दिया गया।

### नगर विधायक सीपी सिंह ने सुरक्षा पर उठाया सवाल

रांची के भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा है कि रांची में आम चुनाव हुए दो दिन भी नहीं बीते हैं, पुलिस अलर्ट मोड में है, गाड़ी चेकिंग से लेकर हर तरह की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था का दावा किया जा रहा है, ऐसे में राजधानी रांची में अपराधियों द्वारा एक बार के अंदर कर्मचारी की आधुनिक रायफल से गोली मारकर हत्या कर देना पुलिस प्रशासन की चौपट सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलती है। उन्होंने कहा कि रांची में जनता की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे है, अपराध की पराकाष्ठा पार हो चुकी है, पुलिस नाम का अब कोई डर भय अपराधियों में नहीं है, लेकिन झारखंड सरकार इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। हेमंत सरकार तो अपराधियों को रोकने में पूरी तरह नाकाम रही, अब हेमंत पार्ट टू का भी वही हाल है।

### बार संचालक विशाल सिंह ने कहा

बार में दो अलग-अलग टेबल पर गेस्ट बैठे हुए थे। दोनों में किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। जिसके बाद पुलिस को फोन कर इसकी जानकारी दी गई। शुरूआती दौर का मामला देख ऐसा लगता है जैसे डांस करने को लेकर विवाद हुआ था। देर रात बार बंद हो चुका था। डीजे संदीप अपने घर जाने के लिए निकला था इस दौरान आरोपी युवक ने उसपर गोली चली है। संदीप पिछले 20 दिनों से हम हमारे बार में काम कर रहा था।

### उठे सवाल

रांची के मेन रोड इलाके में स्थित बार में डीजे की गोली मारकर हत्या की वारदात ने लॉ एंड ऑर्डर पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोग सोशल मीडिया पर हत्या और आरोपी के भागने का वीडियो शेयर करते हुए सवाल उठा रहे हैं कि शख्स जब दस मिनट तक फायरिंग कर रहा था तो पुलिस और पीसीआर कहां थी? वह कार में ऑटोमेटिक राइफल लेकर घूमता रहा और उसे कहीं भी रोका नहीं गया तो पेट्रोलिंग ड्यूटी में लगाए गए पुलिसकर्मी कहां थे? सवाल यह भी उठ रहा है कि जब लोकसभा चुनाव के दौरान तमाम लाइसेंसी हथियार जमा कराए गए थे, तो यह व्यक्ति ऑटोमेटिक राइफल लेकर कैसे घूम रहा था? आरोपी शख्स का नाम अभिषेक सिंह बताया जा रहा है। पुलिस ने सोमवार को उसे गिरफ्तार कर लिया और उसके चार साथी को भी गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन ऑटोमेटिक राइफल का पता पुलिस अब तक नही लगा पायी है।

# रांची विवि के पीजी वाणिज्य विभाग का भवन जर्जर : अभिषेक शुक्ला

*छात्र आजसू ने कुलाधिपति के नाम राजभवन सचिवालय को सौंपा मांग पत्र*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की रांची विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित पीजी वाणिज्य विभाग के भवन निर्माण मामले को लेकर राज्यपाल सह कुलाधिपति के नाम से राजभवन सचिवालय में मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए अभिषेक शुक्ला ने कहा कि पीजी वाणिज्य विभाग के भवन की स्थिति वर्ष 2017 से ही दयनीय है। आए दिन यहां किसी न किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यहां के छात्र-छात्राएं, टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ अपनी जान को जोखिम में डालकर काम करने के लिए विवश हैं। बरसात के दिनों में यहां काम करने वाले एवं पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की मुसीबतें और बढ़ जाती हैं। बरसात के दिनों में यहां घुटने तक जल जमाव हो जाता है, जिसके चलते हर वर्ष लाखों रुपये के विद्युत उपकरण खराब होते हैं। वर्ष 2017 में छात्र आजसू के सदस्यों द्वारा धरना-प्रदर्शन के बाद तत्कालीन कुलपति रमेश कुमार पांडे ने छात्र आजसू के सदस्यों को आश्वासन दिया था कि जल्द ही वाणिज्य विभाग के नए भवन का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। वर्ष 2022 में यहां पढ़ने वाले लगभग आधा दर्जन छात्र-छात्राओं पर छत एवं छज्जे का प्लास्टर टूट कर गिरा था, जिससे उन छात्र-छात्राओं को काफी गंभीर रूप से चोट आई थी। वर्ष 2022 में इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज के कैंपस में पीजी विभाग के वाणिज्य भवन निर्माण के लिए 6 करोड़ 65 लाख रुपये की राशि की स्वीकृति दी गई। परंतु, 2 साल बीत जाने के बावजूद भी अभी तक पीजी वाणिज्य विभाग के भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। अभिषेक शुक्ला ने कहा, पीजी में सबसे ज्यादा छात्र-छात्राओं की संख्या वाणिज्य विभाग में ही है। अन्य सभी विभागों का मेंटेनेंस का काम चल रहा है, लेकिन पीजी वाणिज्य विभाग रांची विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के कारण अपनी बदहाली पर रो रहा है। वहीं, मौके पर मौजूद छात्र आजसू के पीजी विभाग अध्यक्ष रोहित चौधरी ने कहा कि जल्द ही पीजी वाणिज्य विभाग के नए भवन का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो संगठन के सदस्य वाणिज्य भवन में तालाबंदी एवं धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। राज भवन सचिवालय में ज्ञापन सौंपने वाले में छात्र आजसू की रांची विश्वविद्यालय इकाई के वरीय उपाध्यक्ष सह पीजी विभाग अध्यक्ष रोहित चौधरी, सचिव विक्रम कुमार यादव, मनजीत साहू, प्रियांशु शर्मा, आकाश नयन, विशाल कुमार यादव, सुमित कुमार सहित कई सदस्य मौजूद थे।

# डॉ शाही ने की एनएचएम के डीआरई के दिशा निर्देश के लिए बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
नामकुम के आईपीएच सभागार में डॉ सीके शाही, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं तथा डॉ बीरेंदर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) झारखंड के डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स इंवेलप (डीआरई) के दिशा निर्देश के लिए बैठक हुई। इस बैठक में छोटानागपुर प्रमंडल के हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, कोडरमा एवं चतरा के डीआरसीएचओ, डीपीएम, डीएएम, डीडीएम, डीपीएमयू कोऑर्डिनेटर, एचएम, सिटी अर्बन हेल्थ मैनेजर, जिला पब्लिक हेल्थ मैनेजर, टीबी, एनसीडी, एनवीबीडीसीपी तथा एफएलए ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। बैठक में कहा गया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाएं चल रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य जनसामान्य के स्वास्थ्य को सुधारना और उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच प्रदान करना है।

कहा गया कि वर्ष 2024-25 के बजट में एनएचएम झारखंड के अंतर्गत मुख्य कार्यक्रमात्मक घटकों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करना शामिल है। जैविक-मातृ-नवजात-बाल और किशोर स्वास्थ्य (आरएमएनसीएच+ए), और संक्रामक एवं असंक्रामक बीमारियां, 108 एंबुलेंस सेवा, परिवार नियोजन कार्यक्रम, शिशु स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य, सभी राष्ट्रीय एवं अन्य कार्यक्रम का बजट बनाकर ससमय कार्यों को करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करना है। एनएचएम का लक्ष्य सभी के लिए समान और उचित, किफायती और गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान करना है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल की गई हैं, जो जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू हुई हैं। बैठक में डॉ आरएन शर्मा, अवनी प्रसाद, एनिमा किस्कू, अकाई मिंज, रफत फरजाना, सूचंद्रा पांडा, गुंजन खलखो तथा डेवलपमेंट पार्टनर के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## झारखंड के उत्तर-पूर्वी भागों में आंधी-पानी के साथ वज्रपात की आशंका

# रांची में आज से 2 जून तक हो सकती है बारिश






**नवीन मेल संवाददाता । रांची**
बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवात ‘रेमल’ का असर सोमवार को राज्य में कम ही देखने को मिला। लेकिन, रांची में 28 मई से दो जून तक बारिश की संभावना है। बारिश होने से राज्य के कई जिलों में गर्मी से राहत मिलेगी। साथ ही, 28 से 30 मई तक राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में आंधी के साथ वज्रपात की भी आशंका है। इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज जिलों में देखने को मिलेगा। इसे लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है।

राज्य के पूर्वी भागों में 31 मई को कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इसका प्रभाव साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा, दुमका जिले में देखने को मिलेगा। एक और दो जून को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन से चार दिनों में धीरे-धीरे तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है हवा

**मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने सोमवार को बताया कि राज्य के उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में 28 मई को कहीं-कहीं गर्जन के साथ तेज हवा चलने और वज्रपात की संभावना है। हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है। इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज जिलों में देखने को मिलेगा।**

## झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की बैठक कल

**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने बताया कि प्रदेश महासचिव के पास समय अभाव रहने के कारण वे अपने पद से इस्तीफा दे चुके हैं। इसके अलावा अन्य कारणों से भी आगामी 29 मई को दिन में 11:00 ड्यूक मेंशन लाइन टैंक रोड कार्यालय में बैठक रखी गई है। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा होगी। साथ ही, महासचिव का इस्तीफा मंजूर करना है या नहीं, इस पर भी विचार होगा।

## न्यूज बॉक्स

### रांची के डेली मार्केट में लगी भीषण आग



**रांची।** रांची के मेन रोड स्थित डेली मार्केट में एक ड्राई फ्रूट्स की दुकान में अचानक रविवार की देर रात भीषण आग लग गई। इस अगलगी में दुकान में रखे सारे समान जल कर राख हो गए। लाखों का नुकसान होने का अनुमान है। आग लगने की वजह से मौके पर अफरातफरी मच गई। दुकान मालिक को तुरंत मौके पर बुला कर आग पर पहले खुद से काबू पाने की कोशिश की गई। थोड़ी देर बाद दमकल के वाहन भी मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। इस अगलगी में ड्राई फ्रूट्स दुकान जलकर राख हो गया।

### जस्टिस पाठक ने सपरिवार सुरेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना



**रांची।** शहर के चुटिया स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसएन पाठक ने सपरिवार पूजा-अर्चना की। इससे पहले एसएन पाठक के मंदिर पहुंचने पर मंदिर के मुख्य पुजारी सच्चिदानंद पाठक ने उनका स्वागत किया। साथ ही, मंदिर समिति की ओर से जस्टिस पाठक की धर्मपत्नी को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश साहू, संतोष कुमार, कृष्णा साहू, नरेंद्र साहू, नंदु ठाकुर, दशरथ सिंह, रंजीत राम, रोहित सिंह, रामशरण विश्कर्मा, राहुल सुमित, संजू सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### बैंक से पैसा निकालकर घर जा रहे व्यक्ति से डेढ़ लाख की छिनतई

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के सदाबहार चौक स्थित बैंक ऑफ इंडिया से पैसा लेकर निकले एक व्यक्ति से बाइक सवार अपराधियों ने सोमवार को झपट्टा मार कर डेढ़ लाख रुपये छीन लिये और फरार हो गए। इस संबंध में प्लांडू निवासी जॉन लकड़ा ने थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। घटना की सूचना मिलते ही नामकुम पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद में बताया कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

### यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी में निःशुल्क योग कैंप का आयोजन



**रांची।** यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी एवं स्पोर्ट्स योगा एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा निःशुल्क समर कैंप का आयोजन सोमवार को यूनियन क्लब किया गया। कैंप का उद्घाटन यूनियन क्लब के सचिव सेतांका सेन, स्पोर्ट्स योगा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव शुशांता भट्ट ने किया। बताया गया कि यह समर कैंप 27 मई से 2 जून तक चलेगा। इसका समय प्रातः 6:30 बजे से 7:15 बजे तक है। इस कैंप में सभी आयु वर्ग के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। समर कैंप में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को समापन समारोह में प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इस कैंप का संचालन सुजीत कुमार एवं राहुल पोद्दार कर रहे हैं।

### बीएयू के डॉ शैलेश केंद्रीय रेशम उत्पादन संस्थान की शोध सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के वैज्ञानिक डॉ शैलेश चट्टोपाध्याय को भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय की संस्था केंद्रीय रेशम उत्पादन, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, बहरामपुर, पश्चिम बंगाल की शोध सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। डॉ चट्टोपाध्याय बीएयू के वानिकी संकाय में फॉरेस्ट बायोलॉजी एवं वृक्ष सुधार विभाग के प्रोफेसर सह मुख्य वैज्ञानिक तथा विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। समिति का अध्यक्ष जैव प्रौद्योगिकीविद एवं उत्तरबंग कृषि विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल के पूर्व कुलपति डॉ स्वरूप कुमार चक्रवर्ती को बनाया गया है। केंद्रीय सिल्क बोर्ड के तहत कार्यरत इस संस्थान की शोध सलाहकार समिति का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा तथा प्रत्येक 6 महीनों में इसकी बैठक दो दिनों के लिए संस्थान परिसर में होगी। समिति संस्थान और इसकी सम्बद्ध इकाइयों की अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों की समीक्षा करेगी तथा संस्थान के लिए अधिदेशित क्षेत्रों में फील्ड और उद्योग की समस्याओं से निबटने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करेगी। शोध परियोजनाओं की प्राथमिकता तय करना भी समिति के कार्यक्षेत्र में शामिल है। यह समिति हितधारकों के लिए गुणवत्तायुक्त सिल्क उत्पादन के उद्देश्य से पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं के निष्कर्षों के प्रयोग के तौर-तरीके भी बताएगी।

### अंडर 17 सब जूनियर कुश्ती चयन ट्रायल 31 को

**रांची ।** अम्मान में आयोजित अंडर-17 सब जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप-2024 के लिए भारतीय कुश्ती टीम का चयन आगामी 7 जून को दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में होगा। इसमें झारखंड कुश्ती टीम की भागीदारी के लिए झारखंड राज्य कुश्ती टीम का चयन ट्रायल का आयोजन आगामी 31 मई को प्रातः 09:00 बजे से बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी, रांची में होगा। इस चयन ट्रायल में जिले से वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जिनके पास पासपोर्ट है। बिना पासपोर्ट के कोई भी खिलाड़ी चयन ट्रायल में भाग नहीं ले पाएंगे। इस चयन ट्रायल में वर्ष 2007 एवं 2008 के सभी पहलवान भाग ले सकते हैं। वर्ष 2009 (जन्मतिथि) के प्रतिभागी मेडिकल सर्टिफिकेट एवं पैरेंटल सर्टिफिकेट के साथ भाग ले सकेंगे।




# टेंडर कमीशन घोटाले में कई नेता-अधिकारी भी रडार पर

**उपेंद्र गुप्ता। रांची**

झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) नए-नए घोटालों की परतें खोलने में जुटी है। एक घोटाले की जांच कर रही है,तो दूसरी की जानकारी मिल रही है। एक को पकड़ रही है, तो दूसरे का नाम सामने आ रहा है। घोटालों के इसी फेहरिस्त में टेंडर कमीशन घोटाला एक नया अध्याय जुड़ा है। चीफ इंजीनियर की गिरफ्तारी के बाद जांच की आंच मंत्री और सचिव तक पहुंच गया है। ग्रामीण विकास मंत्री मंत्री आलमगीर आलम गिरफ्तार हो चुके हैं और अब मंगलवार को विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इसके बाद भी कई नेता और अधिकारी ईडी के रडार पर है, जिन्हें बहुत जल्द समन भेज कर बुलाया जा सकता है।




## दो मंत्री की भूमिका भी संदेह के घेरे में



टेंडर कमीशन घोटाले में राज्य के दो और मंत्रियों कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और अल्पसंख्यक कल्याण, युवा कार्य एवं पर्यटन विभाग के मंत्री हफीजुल हसन की भी भूमिका संदेह के घेरे में है। इन दोनों मंत्रियों पर आरोप है कि इन्होंने अपने लोगों को टेंडर दिलवाया और उसके बदले में कमीशन वसूला। दोनों मंत्रियों की भूमिका की जानकारी अब तक गिरफ्तार पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम, मंत्री आलमगीर आलम, उनके निजी सचिव संजीव लाल ने पूछताछ में दी है। साथ ही संबंधित कुछ दस्तावेज भी ईडी के हाथ लगे हैं, जिसके सत्यापन के बाद इन दोनों मंत्रियों के नाम सामने रहे हैं। दोनों मंत्रियों को ईडी जल्द समन भेजेगी और उनसे पूछताछ भी करेगी।

## पूर्व सचिव और कई अधिकारियों से भी होगी पूछताछ

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, उनके पीएस संजीव लाल से पूछताछ और कई दस्तावेजों की बरामदगी के बाद ईडी ने विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन को भी पूछताछ के लिए 28 मई को बुलाया है। पूर्व सचिव मनीष रंजन पर टेंडर में कमीशन के पैसों में हिस्सेदारी का आरोप हैं। इधर ईडी को 27 मई को मंत्री आलमगीर आलम से पूछताछ के लिए फरि से तीसरी बार तीन दिन के लिए रिमांड मिला हैं। इस दौरान ईडी आलमगीर और मनीष रंजन को



आमने-सामने बिठा कर पूछताछ कर सकती है। मंत्री के सरकारी पीएस के नौकर जहांगीर के फ्लैट से जो कागजात हाथ लगे हैं, उनमें लेन-देन का हिसाब कोड वर्ड में लिखा है। संजीव लाल, जहांगीर और मंत्री आलमगीर से पूछताछ में ईडी इन्हें डिकोड कर चुकी है। अब उसके पास कमीशन घोटाले में संलिप्त लोगों के नामों का पता चल चुका है। इसलिए मनीष रंजन के बाद कई और अफसरों को ईडी पूछताछ के लिए नोटिस जारी कर सकता है।

## वर्तमान सरकार ने की एसीबी की कार्रवाई की अनदेखी

पूर्व सीएम रघुवर दास के कार्यकाल में एसीबी की टीम ने जमशेदपुर में दस हजार रूपए रिश्वत लेते एक जूनियर इंजीनियर सुरेश राम को रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। उसी जूनियर इंजीनियर ने पूछताछ में चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम का नाम लिया था, एसीबी ने सुरेश राम को लेकर वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी की तो करीब 2.66 करोड़ कैश मिले थे। इसी के बाद ईडी ने इस मामले को अपने हाथों में ले लिया। लगभग चार साल चुप्पी के बाद ईडी ने फरवरी 2023 में वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की, तो काफी मात्रा में कैश और जेवरात मिले साथ उनकी 100 करोड़ रुपये से अधिक की चल-अचल संपत्ति की भी जानकारी मिली। ईडी ने उनसे लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। ईडी फिर एक साल तक शांत रही।

## गिरफ्तारी के बाद भी नहीं रुकी कमीशन खोरी

ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर की गिरफ्तारी के बाद भी विभाग में कमीशनखोरी को धंधा रूकने के बजाय परवान चढ़ता गया। ईसी साल मई के शुरूआत में ईडी ने लोकसभा चुनाव के दौरान ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के सरकारी पीएम संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के फ्लैट पर छापेमारी की, जहां नोटों का पहाड़ मिला। नौकर के फ्लैट और कुछ अन्य जगह से कुल मिलाकर 37 करोड़ कैश बरामद हुए। ईडी ने पीएस और नौकर को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो मंत्री का नाम सामने आया और मंत्री भी गिरफ्तार कर लिए गए, अब इसी पूछताछ और जांच के क्रम में विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन भी आ गए।

# जनता मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के कार्य में लग गई : बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**साहिबगंज (झारखंड)।** राजमहल लोकसभा क्षेत्र के श्रीधर दियारा मैदान के कार्यक्रम में भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड सहित देश की 140 करोड़ जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का कार्य में लग गई है। श्रीधर दियारा की जनता जो पहले पाकिस्तान और बांग्लादेश के नागरिक थे, वहां से प्रताड़ित होकर अपने देश वापस आए हैं। पड़ोसी देशों में हिंदुओं की संख्या 22 प्रतिशत थी, वहीं अब घट कर मात्र दो प्रतिशत हो गई। आज हमारे सनातन धर्म की धरोहर इन देशों में लुप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में हिंदुओं के लिए मात्र एक देश भारत ही है जहां वे सब शरण ले सकते हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकता संशोधन कानून लाकर दूसरे देशों में बसे और प्रताड़ित हो रहे हिंदुओं को वापस भारत में नागरिकता देने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष

*विश्व में हिंदुओं के लिए मात्र एक देश भारत ही है, जहां वे सब शरण ले सकते हैं।*

2047 तक विकसित भारत की बनाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं इंडी गठबंधन देश को इस्लामिक देश बनाने के प्रयास में है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठिए हमारे बहू, बेटियों, बहनों पर अत्याचार कर रहे हैं रुबिका पहाड़िया को एक बांग्लादेशी मुस्लिम के प्रेम प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करने के कारण काट दिया जाता है और झारखंड सरकार ऐसे घुसपैठियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हैं। उनके घरों से करोड़ों रुपये बरामद किए गए। कांग्रेस, राजद और झामुमो की गठबंधन वाली सरकार झारखंड के खनिज संपदा को लूटने का काम कर रही है।

# संताल के सभी इंडी गठबंधन प्रत्याशी को समर्थन देगा ओबीसी मोर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के गोड्डा से प्रदीप यादव ,राजमहल से विजय हांसदा और दुमका लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी नलिन सोरेन के नाम समर्थन पत्र कल्पना सोरेन व प्रदीप यादव को सौंपा। मौके पर पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, संजय यादव (पूर्व विधायक गोड्डा) प्रमुख रूप से उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि समर्थन पत्र में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने के लिए विस्तृत रूप से विवरण दिया गया है। क्योंकि गठबंधन ने देश में जाति जनगणना करने ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने सहित ओबीसी मोर्चा के प्रमुख मांगों को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है। जेएमएम नेता कल्पना सोरेन और कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव ने समर्थन दिए जाने पर प्रतिनिधिमंडल के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि आपकी जो भी प्रमुख मांग है उसको हम लोग पूरा करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर प्रेमनंदन मंडल, जिला अध्यक्ष राजकुमार भगत, गिरिजा भूषण ठाकुर प्रदीप विद्यार्थी अरुण शाह आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

## न्यूज | बॉक्स

### पं. जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि कांग्रेस भवन में मनायी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं बन्ना गुप्ता कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनको श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू न सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री थे बल्कि वे आधुनिक भारत के निमार्ता थे। उन्होंने स्वतंत्र स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 11 वर्ष जेल में बिताये। आजादी के बाद उन्होंने देश का निर्माण किया। देश में ओद्यौगिकरण, कृषि क्रांति के माध्यम से एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए आधारशीला रखा।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को दस साल की सजा

**रांची।** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को नाबालिग से दुष्कर्म मामले के दोषी मिथुन महतो को दस साल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर दस हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की सजा काटनी होगी । पूर्व में कोर्ट ने मिथुन महतो को दोषी करार दिया था। मामले में अभियोजन पक्ष ने सात गवाह पेश किया था। आरोपित मिथुन और नाबालिग पीड़िता दोनों एक मिठाई के दुकान में काम करते थे। इसी दौरान दोनों में दोस्ती हुई थी। इसके बाद आरोपित ने नाबालिग से संबंध बनाया था। पीड़िता के परिजनों को इसकी जानकारी तब हुई जब वह गर्भवती हो गई।

### गोड्डा में जनसंपर्क अभियान के लिए कांग्रेस की टीम आज होगी रवाना

**रांची ।** राज्य के अंतिम चरण के चुनावों में कांग्रेस ने पूरी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतर चुकी है। इस बाबत झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता सहित बोर्ड-निगमों के चेयरमैन भी 28 मई 2024 को देवघर के लिए रवाना होंगे, जहॉं गोड्डा लोकसभा के अन्तर्गत सभी विधानसभा में जन-सम्पर्क अभियान चलाकर राहुल गॉंधी के पॉंच न्याय और पचीस गारंटी को लेकर जनता के साथ सीधा संवाद करेंगे और कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लेकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील करेंगे।

### मतगणना के लिए आज मिलेगा मतगणकों को प्रशिक्षण

**पलामू।** लोकसभा आम चुनाव के लिए मतगणना की तिथि चार जून को निर्धारित है। पलामू लोकसभा क्षेत्र की मतगणना गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज के परिसर में होनी है। इसी के निमित इलेक्ट्रानिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम (ईटीपीबीएस) के तहत आने वाले ई पोस्टल मतों की गणना कैसे की जाए, इसको लेकर सोमवार को जिला सूचना व विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने समाहरणालय सभागार में काउंटिंग सुपरवाइजरों व काउंटिंग असिस्टेंट को प्रशिक्षण दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के आदेशानुसार सटीक, नियमित, निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना के लिए प्रशिक्षकों की तैयार टीम 28 मई को गिरिवर 2 उच्च विद्यालय में मतगणकों को प्रशिक्षण देगी। इसके लिए सोमवार को समाहरणालय के ब्लॉक ए के सभागार में मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

### प्रचार के दौरान गीता कोड़ा पति के साथ पहुंचीं बाबानगरी

**देवघर।** सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा अपने पति पूर्व सीएम मधु कोड़ा के साथ इन दिनों संताल के दौरे पर हैं, जहां वे भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जगह-जगह जनसंपर्क अभियान कर लोगों से वोट देने की अपील कर रही है। इसी क्रम में गीता कोड़ा सोमवार को बाबानगरी देवघर पहुंची और बाबा बैद्यनाथ के दर्शन कर और मंदिर में पूजा-अर्चना की। सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर ही वे कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुई है। आदिवासियों और झारखंड के हित में पीएम मोदी काफी अच्छा काम किया है। जिस ओर सरकार में रहने के बावजूद भी कांग्रेस ने आदिवासियों और राज्य हित के प्रति कोई काम नहीं किया।

# मरांडी और मुंडा ने ओबीसी के आरक्षण में कटौती की : कैलाश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने भारतीय जनता पार्टी को दलित पिछड़ा आदिवासी अल्पसंख्यक विरोधी बताया है । 15 नवंबर 2000 को झारखंड गठन के बाद राज्य के प्रथम तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी ने ओबीसी का 27 से 14 एवं अनुसूचित जाति का 15 से 10 फीसदी आरक्षण में कटौती कर अपनी ओछी मानसिकता का बेहद ही शर्मनाक परिचय दिया था । जबकि राज्य निर्माण के लगभग 25 वर्षों में 17 वर्षों तक सबसे अधिक शासनकाल बीजेपी आजसू गठबंधन एनडीए की रही है इसके बावजूद बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, सुदेश महतो जैसे नेताओं ने आरक्षण सीमा बढ़ाने के बजाय कटौती किया और विगत वर्ष 2013-14 में बीजेपी आजसू संयुक्त सरकार के कार्यकाल दौरान सैकड़ों पिछड़ी जाति को परिसीमन में शामिल

*राज्य गठन के लगभग 25 वर्षों में 17 वर्षों तक सबसे लंबा शासनकाल एनडीए गठबंधन का रहा है।*

कर उसके समुचित विकास कार्यों को बाधित कर दिया । इसलिए राज्य के बहुसंख्यक समाज अब बीजेपी आजसू के झांसे में नहीं आयेगी और इनके खिलाफ लोकसभा में वोट करेगी। विदित है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने आप को ओबीसी समाज का होने का दावा करते हैं जबकि केंद्र में 10 वर्षो से मोदी सरकार सत्तासीन है लेकिन इस दौरान देश के लगभग 85 फीसदी बहुसंख्यक वर्ग एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक को एक भी सरकारी नौकरी नहीं मिल पाया और न हीं किसी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को आरक्षण का लाभ मिल सका।

# जो चोरी करेंगे, उनको जेल जाना पड़ेगा : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और राजद ने काम करने के लिए नहीं कमाने के लिए सरकार बनाई है। इन्होंने इतना कमाया कि उनके घर को तो छोड़ दीजिए। इनके नौकर के घर से भी करोड़ों रुपये के नोटों का पहाड़ मिलता है। इसी कारण आज हेमंत सोरेन और आलमगीर आलम जेल में बंद हैं। कई और लोग जेल में जाएंगे। जो चोरी करेंगे और चोरी कराएंगे, उनको जेल जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गोड्डा में एक जून को चुनाव होना है। कमल छाप पर बटन दबाकर गोड्डा से डॉ निशिकांत दुबे को सांसद बनाना है। देश में नरेन्द्र मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सोमवार को गोड्डा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत पोरैयाहाट विधानसभा क्षेत्र के धराबंध में पार्टी प्रत्याशी निशिकांत दुबे के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों के लिए काम किया। महिलाओं के लिए काम किया। किसानों के लिए काम किया। मजदूरों के लिए काम किया। गांव वालों के लिए काम किया। आदिवासियों के लिए काम किया। दलितों के लिए काम किया। कमजोर वर्गों के लिए काम किया है। आज तक कोई भी प्रधानमंत्री इतना काम नहीं किया, जितना कम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के गरीबों को घर देने का काम किया। पिछले 10 वर्षों में चार करोड़ से अधिक पक्के मकान बना कर दिए। साथ ही मोदी ने वादा किया है कि जिन गरीबों को घर नहीं मिल पाया है, तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर उन गरीबों को भी घर उपलब्ध कराया जाएगा। मोदी ने घर के साथ गैस कनेक्शन और चूल्हा भी दिए।



## बासुकीनाथ के आशीर्वाद से मोदी तीसरी बार बनेंगे पीएम : बीडी शर्मा

दुमका । मध्यप्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 पार का लक्ष्य हासिल करेगी। उप राजधानी दुमका के बासुकीनाथ में सोमवार को भाजपा नेता वीडी शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जनता जनार्दन और बाबा बासुकीनाथ का आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिल चुका है। संथाल परगना की तीन सीटों सहित झारखंड की सभी 14 सीटों पर भाजपा की जीत होगी। इसके पूर्व मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने दुमका के बाबा बासुकीनाथ मंदिर पहुंचकर षोडशोपचार विधि से पूजा-अर्चना की। पुरोहित पंडित मणिकांत झा उर्फ मन्नो बाबा सहित अन्य पुरोहितों ने विधि-विधान पूर्वक बाबा बासुकीनाथ, माता पार्वती, माता काली, शत्रु संहारिणी बगलामुखी माता की पूजा-अर्चना और आरती कराई। वीडी शर्मा ने बाबा बासुकीनाथ की पूजा कर मंगलकामना की। पूजन के बाद वीडी शर्मा ने बासुकीनाथ नगर में स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने गोड्डा लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे की जीत को लेकर मंत्रणा की।मौके पर पूर्व राज्यसभा सदस्य अभयकांत प्रसाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संताल का सियासी रण, एनडीए और इंडी एलांयस में घमासान

**ब्यूरो रिपोर्ट । रांची**

झारखंड में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में संताल परगना की 3 सीटों पर चुनाव 1 जून को होना है। संताल की तीनों सीट गोड्डा, दुमका व राजमहल में एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच जबरदस्त घमासान मचा है। दोनों गठबंधन के छोटे-बड़े नेता जीत के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं। इसी क्रम में संताल परगना के अलग-अलग जगहों पर पीएम नरेंद्र मोदी 28 मई को, तो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 29 मई को और राहुल गांधी 30 मई को चुनावी सभा को चुनाव सभा को संबोधित करेंगे। दोनों गठबंधन के बड़े नेताओं के दौरे को देखते हुए स्थानीय नेता और कार्यकर्ता संताल परगना में जोर लगा रहे हैं।



## मोदी 6 और राहुल 2 चुनावी सभा में हुए शामिल

झारखंड में लोकसभा प्रचार के लिए पीएम नरेंद्र मोदी अब तक 6 चुनावी सभा को संबोधित कर चुके हैं। जबकि राहुल गांधी सिर्फ एक बार फिर झारखंड आए और दो चुनावी सभा को ही संबोधित किया है। इस बार पीएम मोदी दुमका में 28 मई को भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं राहुल गांधी 30 मई को दुमका में ही इंडी गठबंधन के प्रत्याशी नलिन सोरेन के लिए वोट देने की अपील करेंगे। इसी क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 29 मई को देवघर में 3 चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।



## भाजपा और झामुमो की प्रतिष्ठा है दांव पर

संताल परगना की तीनों सीट पर झामुमो और भाजपा दोनों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। दुमका लोकसभा सीट सोरेन परिवार का परंपरागत सीट माना जाता है, लेकिन इस बार सोरेन परिवार का की सदस्य झामुमो के चुनाव चिन्ह पर मैदान में नहीं है, बल्कि शिबू सोरेन के वफादार नलिन सोरेन को मैदान में उतारा गया है। जबकि भाजपा ने दुमका में झामुमो की जमीन पर कब्जा करने के लिए सोरेन परिवार में सेंधमारी करते हुए बड़ी बहू सीता सोरेन को मैदान में उतार दिया है। एक तरह से सोरेन परिवार के वफादार और बहू के बीच ही मुकाबला होगा।

## राजमहल भी फतह करना चाहती है भाजपा

दुमका की तरह राजमहल में भी भाजपा की नजरें टिकी है। पिछले दो बार से मोदी लहर के बावजूद भी राजमहल पर भाजपा कब्जा नहीं कर पायी है। इसलिए भाजपा के नेता -कार्यकर्ता राजमहल में भी खूब पसीना बहा रहे हैं। झामुमो के सीटिंग सांसद विजय हांसदा को अपने ही पार्टी के विधायक लोबिन हेम्ब्रम के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। लोबिन हेम्ब्रम निर्दलीय चुनाव मैदान में है और उनके निशाने पर भाजपा के बजाय विजय हांसदा ही है। जिससे भाजपा को इसका फायदा मिल सकता है। भाजपा ने अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी पर भरोसा जताया है।

# मतदान में तेजी लाने के लिए चेन सिस्टम के तहत पीठासीन पदाधिकारी कराएं मतदान : के. रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राजमहल, दुमका एवं गोड्डा लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान एक जून को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। पदाधिकारी मतदान प्रक्रिया में शिथिलता नहीं बरतें। चेन सिस्टम के माध्यम से पीठासीन पदाधिकारी मतदान प्रक्रिया में तेजी लाएं। मतदाताओं को क्रमबद्ध मतदान कक्ष में प्रवेश कराते हुए मतदान कराना सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान केंद्र से दुरस्थ मतदाताओं के लिए वाहन की टैगिंग करें, ताकि मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर लाया जा सके। वहीं शहरी क्षेत्रों में दिव्यांग



एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को निर्वाचन सदन से ऑनलाइन सातवें चरण के मतदान के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक बुलाने के लिए माइक्रो कॉल सेंटर भी स्थापित कराएं और मतदाताओं को कॉल कर भी बुलाएं। उन्होंने कहा कि 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों पर रोशनी की सुविधा के लिए जेनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि मतदान में देरी होने पर मतदाता एवं मतदान कर्मियों को कोई असुविधा नहीं हो।

उन्होंने सभी को रियल टाइम डाटा अपडेट करने का भी निर्देश दिया। साथ ही मतदान प्रक्रिया में गति लाने के लिए संबंधित पदाधिकारी को प्रशिक्षण देने एवं साइलेंस पीरियड में भी मतदाता जागरूकता संबंधित माईकिंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर प्रयास करते हुए मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाना सुनिश्चित करें।

## एक नजर

### जमीन विवाद में हुई मारपीट, दोनों पक्षों से नौ लोग घायल

**बरही।** पंचमाधव में जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट में दो पक्ष से नौ लोग बुरी तरह घायल हो गए है। घायलो में सिधेश्वर यादव पिता स्व बिखारी यादव, सुजीत यादव पिता बालेश्वर यादव, सुरेश यादव पिता जानकी यादव, कंचन देवी पति सुरेश यादव, उर्मिला देवी पति बालेश्वर यादव, मिथिलेश यादव पिता सुरेश यादव, अमित कुमार पिता बालेश्वर यादव, अशोक यादव पिता भिखारी यादव, प्रमोद यादव पिता सिधेश्वर यादव शामिल है। सभी का इलाज बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वही बरही पुलिस मामले की जानकारी मिलते ही छानबीन में जुट गई है।

### आभूषण व्यवसायी संघ का गुप्त मतदान से होगा चुनाव : विजय वर्मा

**रामगढ़।** पतरातू प्रखंड स्वर्णकार संघ द्वारा भुरकुंडा आभूषण व्यवसायी संघ और पतरातु आभूषण व्यवसायी संघ का चुनाव गुप्त मतदान से कराया जाएगा। भुरकुंडा आभूषण व्यवसायी संघ क्षेत्र अंतर्गत भुरकुंडा, सौंदा डी, रिवर साइड, सयाल, सेंट्रल सौंदा, घुटवा और बरकाकाना एवं पतरातू आभूषण व्यवसायी संघ क्षेत्र अंतर्गत पतरातू, न्यू मार्केट और बिरसा मार्केट के लोग चुनाव में हिस्सा लेंगे। उक्त जानकारी देते हुए संघ के पतरातू प्रखंड सचिव मनोज कुमार स्वर्णकार व कोषाध्यक्ष विजय वर्मा ने बताया कि इस चुनाव में पतरातू प्रखंड के सभी दुकानदारों को ही क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय सचिव और क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष के पद पर नामांकन करने और चुनाव में मतदान करने का अधिकार रहेगा।

### दूसरे शहादत दिवस पर शहीद संदीप पाल को दी गई श्रद्धांजलि



**हजारीबाग।** सोमवार को पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के सदस्यो ने शहीद संदीप पाल के दूसरे शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में भारत माता की जय और जब तक सूरज चांद रहेगा संदीप तेरा नाम रहेगा के नारे भी लगे। बताते चलें हजारीबाग इमली कोठी निवासी जय नंदन पाल के छोटे सुपुत्र संदीप पाल देश भक्ति का जज्बा लिए सन 2013 मे आर्मी के मराठा लाइट इनफेंट्री मे भर्ती हुए थे, कई आतंकवाद निरोधी अभियान मे हिस्सा लेकर इन्होंने दुश्मनों के दांत भी खट्टे किए थे। 27 मई 2022 को लद्दाख गोरेपिपी सेक्टर में गाड़ी पलट जाने से ये शहीद हो गए थे। 29 मई 2022 को इनका अंतिम संस्कार सैन्य सम्मान के साथ हजारीबाग में हुआ था।

### दादी के मौत के 12 दिन बाद पोते का निधन, शोक

**चौपारण।** दादी के बारहवां गुजरने के पहले ही पोते का निधन हो गया। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार सुबह से प्रमोद दांगी पिता स्व गुरसहाय महतो उम्र 57 वर्ष अपने चचेरी दादी के बारहवां के कार्यक्रम को लेकर तैयारी में जुटे थे। सोमवार को ही उनकी दादी का बारहवां था। इसी बीच वे सुबह साढ़े सात आठ बजे के बीच अपने घर जाकर अपनी पत्नी से खाने के लिए कुछ मांगे। पत्नी कुछ लाने गई तभी वे अचानक घर में ही गिर गए। फिर उठ नहीं पाए।

# हजारीबाग में हाथी का उत्पात, पूर्व मुखिया पति को कुचला, हुई मौत

- *ग्रामीणों ने वन विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप*
- *अब तक इलाके में एक दर्जन से अधिक घरों को हाथियों ने कर दिया है क्षतिग्रस्त*

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के दारु थाना क्षेत्र के बलिया गांव में रविवार देर रात हाथियों के झुंड ने एक ग्रामीण को कुचलकर मार दिया। मृतक की पहचान काबिलासी पंचायत की पूर्व मुखिया के पति अशोक रविदास के रूप में की गई है।

इधर, घटना के बाद मृतक अशोक रविदास के शव को ग्रामीण और परिजन पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग ले गए हैं। वहीं घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने मामले में वन विभाग पर लापरवाही का भी आरोप लगाया है। वहीं घटना को लेकर वन विभाग अपने स्तर से छानबीन कर रहा है।

वहीं अब तक हाथियों ने इलाके में एक दर्जन से अधिक घरों को क्षतिग्रस्त किया है। वहीं लाखों रुपये की फसल को भी नुकसान पहुंचाया है। वहीं हाथियों द्वारा एक व्यक्ति को कुचलकर मारने की घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत व्याप्त है। ग्रामीण इस बात को लेकर चिंतित हैं कि हाथी कब और किधर से हमला कर दें।



### हाथियों के डर से ग्रामीण रतजगा करने को हैं विवश

वहीं हाथियों के डर से ग्रामीण ऊंचे स्थानों पर रहने का इंतजाम कर रहे हैं। साथ ही हाथियों के डर के कारण ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं। डुगडुगी बजाकर और आग जलाकर हाथी को भगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### 20 से 25 हाथियों ने इलाके में मचा रखा है उत्पात

ग्रामीणों ने बताया कि झुंड में लगभग 20 से 25 हाथी शामिल हैं। सभी हाथी दिन के समय जंगल की ओर चले जाते हैं, लेकिन रात होते ही हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश कर जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि अब तक हाथियों ने कई लोगों के घरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है और खेत में लगी फसलों को भी तहस-नहस कर दिया है।

### वन विभाग ने हाथियों को नहीं छेड़ने की अपील की

वहीं वन विभाग के पदाधिकारी और वनसेवक ने ग्रामीणों से हाथी से दूर रहने और हाथियों को नहीं छेड़ने की अपील की है। वन विभाग हाथियों को गांव से खदड़ने की कोशिश में जुटा हुआ है। लेकिन अब तक वन विभाग का प्रयास सफल नहीं हो पाया है।

## बिजली बिल वसूली को लेकर विभाग सख्त, लगातार जारी है छापेमारी

- *विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने को लेकर विभाग सख्त, दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई*
- *मीटर लगाकर ही बिजली का करें उपभोग, समय से बिल का करे भुगतान : एसडीओ (ई)*

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** अवैध बिजली उपभोग को बंद करने को लेकर विभाग पूरी तरह सख्त हो चुका है। विद्युत ऊर्जा चोरी पर विराम लगाने के लिए विभाग का लगातार छापेमारी अभियान जारी है। सहायक विद्युत अभियंता सत्यदेव प्रसाद ने विद्युत उपभोक्ताओं से बिना मीटर लगाये बिजली नहीं जलाने की अपील किया है। राज्य और देशहित में निर्बाध विद्युतापूर्ति के लिए उपभोक्ताओं को बिजली बिल का नियमित भुगतान आवश्यक है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से मीटर लगाकर ही बिजली जलाने की बात कही है। एसडीओ (ई) ने बताया कि 5000 रुपए से अधिक बिजली बिल बकाए रहने पर कनेक्शन काटा जा रहा है। इसके लिए छापेमारी दल गठित है। जो



लगातार औचक निरीक्षण कर रहा है। अवैध बिजली उपभोग करते पकड़े जाने पर दंड के साथ प्राथमिकी भी दर्ज की जा रही है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से किसी भी कानूनी पेंच से बचने के लिए नियमित बिल भुगतान करने की अपील किया है। उन्होंने यह भी बताया कि बिल वसूली को लेकर लगातार जागरूकता अभियान और कैंप लगाए जा रहे है। वही कई उपभोक्ता सरकार के घोषित बिल माफी के आदेश का इंतजार कर रहे है। इस संबंध में एसडीओ ने कहा कि उपभोक्ता अपना बकाया बिल जमा करे, जब ऋण माफी का आदेश आएगा तो उसे समायोजित किए जायेगें।

## राणी सती मंदिर में दादी उत्सव के पहले दिन भव्य मंगल पाठ का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** चुनावी माहौल के बाद हर तरफ भक्ति भाव का माहौल देखने को मिल रहा है हर कोई आस्था की ओर अग्रसित नजर आ रहा है। इसी बीच शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर के 26 वर्ष पूर्ण होने पर दो दिवसीय दादी उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसके प्रथम दिन मंदिर परिसर में भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें कई महिलाओं ने दादी का मंगल पाठ किया। मंदिर के प्रधान पुजारी शशीकांत मिश्रा ने राणी सती दादी की पूजा-अर्चना करवा कर मंगल पाठ विधिवत रूप से प्रारंभ करवाया। वहीं स्थानीय कलाकार अनीता शर्मा एवं रितु अग्रवाल के द्वारा राणी सती दादी की जन्म से लेकर विदाई तक की भजन प्रस्तुत की गई। पाठ के दौरान इत्र उत्सव, जन्मोत्सव बधाई, हल्दी महोत्सव, सिंदूर महोत्सव, मेहंदी उत्सव, गजरा उत्सव, चुनरी उत्सव एवं दादी पाठशाला जैसे कई उत्सव महिलाओं ने दादी की जन्म से लेकर विदाई तक में की। सभी महिलाएं



राजस्थानी परिधान में पाठ में सम्मिलित हुई। पाठ के दौरान जय दादी की जय कारों से मंदिर परिसर गूंजते रहा, दादी की जन्म के वक्त तमाम महिलाओं के बीच टॉफी का वितरण किया गया। तो वही दादी की विदाई के वक्त सुहाग पिटारी का वितरण किया गया। दादी हमे तेरी......जरूरत है, मेरी दादी ..... आयेगी.....सब काम हो जायेगा...। जैसे अनेकों भजन पर दादी भक्तों ने जमकर झूमा। अंत में दादी का भव्य आरती के साथ पाठ समापन हुआ। तत्पश्चात सभी दादी भक्तों के बीच प्रसाद स्वरूप पूड़ी,बुंदिया का भोग वितरण किया गया। मौके पर दादी भक्तों ने कहा की दादी की असीम कृपा से दादी उत्सव का प्रथम दिन ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ तो वहीं दूसरे दिन राणी सती दादी की भव्य पूजा अर्चना के बाद शाम मे तेरह सुहागन महिलाओं के द्वारा भव्य महाआरती की जाएगी। साथ ही भव्य भजन कीर्तन में धनबाद के सुप्रसिद्ध भजन गायक पंकज मोदी अपनी अनेकों भजनों से दादी भक्तों को झुमाएंगे। ये कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस पर आयोजित किया जाता है। साथ ही कहा की मंगल पाठ के सफल कार्यक्रम के लिए सभी दादी भक्त बधाई के पात्र हैं।

## भवनों का नहीं हो रहा उपयोग

### करोड़ों की लागत से बने डिग्री कॉलेज-सूर्यकुंड के अतिथि भवन बेकार

**नवीन मेल संवाददाता**

बरकट्ठा। बरकट्ठा में करोड़ों की लागत से चार वर्ष पूर्व बनाए गए करोडों रुपये के डिग्री कॉलेज, प्रसिद्ध पर्यटक स्थल सूर्यकुंड में पर्यटन विभाग के दो मंजिला अतिथि गृह, आधे दर्जन से अधिक कॉटेज, दो मंजिला कैंटीन रेस्टोरेंट देखरेख के अभाव में बेकार पड़ा है। भवन निर्माण विभाग से बरकट्ठा के नावाडीह में बने डिग्री कॉलेज चार वर्ष से बनकर तैयार है। लेकिन मानव संसाधन मंत्रालय ने इसे चालू नहीं किया है। जबकि क्षेत्र की सांसद अन्नपुर्णा देवी केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री रह चुकी हैं। इसके बावजूद कॉलेज में पठन पाठन शुरू नहीं होने से एक ओर आर्थिक रूप से कमजोर लड़कियां उच्च शिक्षा लेने से वंचित हैं। वहीं छात्रों को डिग्री की शिक्षा के लिए उन्हें हजारीबाग, बरही, कोडरमा,



रांची जाना पड़ रहा है। ऐसे में उच्च शिक्षा के लिए गरीब परिवार के छात्र डिग्री की पढ़ाई नहीं कर पाने का उनमें मलाल रहता है। वहीं दूसरी तरफ देश के सबसे हॉट स्प्रिंग के रूप में विख्यात सूर्यकुंडधाम में पर्यटकों को बेहतरीन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पांच वर्ष पूर्व तत्कालीन विधायक जानकी प्रसाद यादव के प्रयास से दो मंजिला अतिथि गृह, कॉटेज और दो मंजिला रेस्टोरेंट और कियोस्क बनाया गया। लेकिन आजतक उन भवनों को संचालन के लिए न विभाग शुरू किया है और न ही किसी को ठेका पर दिया है। इस वजह से भवन में ताला लटका रहता है। वहीं यहां आनेवाले पर्यटकों को ठहरने की सुविधा मिल पाती है। इससे पर्यटक निराश होकर लौट जाते हैं। इसी तरह डेढ़ दशक पूर्व में प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल बरकट्ठा, आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह और छोटानागपुर हाई स्कूल बेड़ोकला में बनाए गए छात्रावास के चालू नहीं होने से खंडहर व जर्जर हो चुके हैं। माना जाता है कि इतने भवनों के निर्माण केवल कमीशनखोरी के लिए बनाए गए हैं। हालांकि भवन बनने के बाद तुरंत तत्कालीन बीडीओ ने सूर्यकुंडधाम में भवन संचालन के पत्राचार किया था। लेकिन अबतक कोई पहल नहीं हो पाया है।

## ग्रामीणों ने जंगल बचाने और रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला के नव सृजित प्राथमिक विद्यालय कोनहरा कला परिसर में जंगल बचाने और गांव में हो रहे अतिक्रमण को मुक्त कराने को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया अब्बास अंसारी ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कट रहे जंगल को बचाने और गांव में रास्ते पर किये गये अतिक्रमण को अतिशीघ्र मुक्त कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बैठक में मुखिया ने कहा कि पेड़ पौधे ही गर्मी से हमें राहत दिला सकते हैं। इसलिए जंगल को हर हाल में सुरक्षित रखना हम सबों का कर्तव्य है। मौके पर पूर्व मुखिया मुंशी पासवान, ईश्वर यादव, रहमत अंसारी, मुकेश यादव, अब्दुल हफीज, हाजी अयुब अंसारी, मनी यादव, राजू यादव, जीवन यादव, राजेन्द्र यादव, श्यामलाल सिंह, जहीर अंसारी, मो हदीस अंसारी समेत आदि लोग उपस्थित थे।

**श्रद्धांजलि** | **27 मई को पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर विशेष**

# देश के पहले पीएम चाचा का योगदान स्मरणीय है

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का आज 60 वां पुण्यतिथि है। 27 मई 1964 को उनका निधन हुआ था। इसे क्षेत्र के लिए नेहरू का अमूल्य योगदान रहा है। भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के दामोर वैली कॉपोरेशन का पहला पहला डैम--तिलैया डैम व 4 मेगावाट के जलविद्युत उत्पादन संयंत्र इसी क्षेत्र में लगा। तिलैया डैम परियोजना के लिए बरही अनुमंडल के 65 गांवों की जमीन ली गई थी। इसी भूमिपर डीवीसी तिलैया डैम परियोजना का वर्ष 1948 में शिलान्यास व परियोजना के पूर्ण होने पर इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने ही 21 फरवरी वर्ष 1953 में किया था। यही नही, रांची से पटना जाने के क्रम में तिलैया डैम पर जो सेतु बना उसका भी उद्घाटन नेहरू ने उसी समय किया था। यही वजह है कि इस सेतु का जवाहर पुल नाम पड़ा है। एनएच 31 पर बरही से उरवां तक करीब सात किलो मीटर लम्बी घाटी को उन्ही के नाम पर जवाहर घाटी नामकरण किया गया। जवारपुल के पास सड़क से नीचे डैम के पानी तक जाने के लिए पत्थर की खूबसूरत सीढ़ी का निर्माण किया गया था। नेहरू इसी सीढी से उतर कर नीचे डैम के पानी तक गए थे। सीढ़ी को इधर एनएच31 के चार लेन चौड़ीकरण के क्रम में तोड़ दिया गया है। जवाहर पूल के उत्तर में नेहरू की स्मृति में जवाहर पार्क बनाया गया। डैम के दक्षिण--उत्तर में ग्राम माधव पुर के पास खूबसूरत चाचा नेहरू पार्क का निर्माण कराया गया था। ये दोनों पार्क अभी भी मौजूद है, पर उचित देख रेख के अभाव में आज जर्जर स्थिति में है। यह इलाका पंडित नेहरू के योगदान व स्मृति का गवाह है, पर यहाँ उनकी प्रतिमा तक नही है। डीवीसी प्रबंधन का रवैया उपेक्षा का है।

### जवाहर घाट में नेहरू की प्रतिमा लगाने की डीवीसी से मांग



नेहरू विचार मंच के संयोजक जावेद इस्लाम ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की 60वीं पुण्यतिथि पर डीवीसी दमोदर घाटी निगम के चैयरमैन को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में मांग किया गया है कि डीवीसी नदी घाटी बहुद्देशीय परियोजना के संस्थापक प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की बरही जवाहर घाटी में आदमकद प्रतिमा स्थापित किया जाए व जवाहर घाटी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। बदतर हो चुके जवाहर पार्क व माधोपुर के पास चोचरो में स्थित चाचा नेहरू पार्क का जीर्णोद्धार करने व बरही चौक के सुंदरी करण की भी मांग की है।

## न्यूज बॉक्स

### श्री अग्रसेन स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन




**रामगढ़।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, निदेशक (एकेडमी) एसके चौधरी, प्राचार्य विवेक प्रधान, करुणा राजगढ़िया, मुख्तार सिंह व शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में स्कूल के करीब 130 टॉपर्स विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि सम्मान मिलने से हौसला बढ़ता है। बच्चों को अपने भविष्य के प्रति हमेशा सचेत रहना चाहिए। माध्यमिक व इंटर ऐसे दो पड़ाव हैं, जहां प्राप्त की गई सफलता आपके भविष्य को उजाले की ओर ले जाती है। एसके चौधरी ने कहा कि वर्तमान सफलता को स्थायी न मानें, बल्कि इससे भी बेहतर करने की कोशिश करें। सफलता के पीछे शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों का भी हाथ होता है। अभिभावक का हमेशा सम्मान करें। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि जो परिश्रम करते ही उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण और समर्पण से ही जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। विद्यार्थी जीवन हमेशा सीखने के लिए होता है। इसका लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक अरविंद दुबे, साधना सिन्हा, रीतिका, विजय शर्मा, कुमुल कुमार, सूरज सिंह, केएल गोस्वामी, सूफियान अख्तर, जीशान अख्तर, एचके सिंह ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### स्वरोजगार व व्यवसाय अपना कर आत्मनिर्भर बनें शिक्षित युवा : डॉ आरसी मेहता



**हजारीबाग।** मजूमदार रोड इचाक बाजार में जय माता दी फीड सेंटर का उद्घाटन कांग्रेस प्रमंडलीय नेता डॉ आरसी मेहता, मेहता फीड संचालक महावीर मेहता ने संयुक्त रूप से किया।इस दौरान डॉ आरसी मेहता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में फीड सेंटर खुलने से लोगों को मुर्गी फार्म से संबंधित समान, फीड व दवाई लेने में सहूलियत होगी। उन्होंने तमाम बेरोजगार नौजवानों का आह्वान करते हुए कहा कि आत्मनिर्भरत बनने हेतु नौजवान व्यवसाय करें। आज देश में सरकारी नौकरियां समाप्त होने की कगार पर है रेल, जहाज, बैंक, एलआईसी, सीसीएल, टेलीफोन, बीसीसीएल, स्कूल एवं कॉलेज प्राइवेट संस्थाओं को ठेके पर दिया जा रहा है।अनेक सरकारी संस्थानों में आउटसोर्सिंग ठेका प्रथा के तहत नौकरियां दी जा रही है जहां का सैलरी दिहाड़ी मजदूरों से भी कम है। प्रोफेसर बीके मेहता ने कहा कि आज देश में उच्च व्यवसाय,मध्यम खेती, निच चाकरी हो गई है। सेंटर के संचालक विनय कुमार मेहता ने कहा की फीड सेंटर में मुर्गी दाना, चुजा एवं दवाई के साथ अन्य सामान सस्ते दाम पर उपलब्ध है। मौके पर चंद्रनाथ भाई पटेल, मेहता फीड्स के निदेशक उमेश मेहता, मौलाना मुख्तार उपेंद्र मेहता, मुखलाल मेहता, सीमेंट सुरेंद्र मेहता कुलदीप राम शहजाद छोटू अंसारी संजय मेहता, प्रमोद मेहता, मुकेश मेहता, इंद्रदेव मेहता,कैलाश मेहता, महेंद्र मेहता समेत दर्जनों लोग उपस्थित थें।

### मंडा पूजा दो जून को, निकली शिव बारात



**रामगढ़।** बड़कीपोना में आगामी 2 जून को प्राचीन शिव मंदिर बड़कीपोना में मंडा पूजा (59 वर्ष) धूमधाम से किया जाएगा। सोमवार को मंडा पूजा स्थल पर माता पार्वती की वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत भगवान शिव की बारात का गाजे-बाजे के साथ क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। बारात पूजा स्थल से निकलकर रामशरण करमाली के घर से निकाला गया। रास्ते में हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। शिव बारात विधि के साथ 7 दिनों तक सभी धार्मिक अनुष्ठान पुरोहित सत्येंद्र उपाध्याय करेंगे। जबकि बीनाधर कुमार पुरुलिया (प्रथम टीम) एवं (द्वितीय टीम) गुरुचरण नायक (पुरुलिया) के बीच जोरदार छउ नृत्य का आयोजन डाड़ी टुंगरी में किया जाएगा। मौके पर सखीचंद राम दांगी, नंदकिशोर राम दांगी, रमेश दांगी, शम्भु कुमार, प्रदीप कुमार, रोशन कुमार, बेनी कुमार, बिनोद कुमार, कैलाश करमाली, तारा करमाली, रामदेव महतो, अजय पासवान, चंद्रशेखर करमाली, अजीत करमाली, सागर करमाली, सत्येंद्र पासवान, बालकिशुन महतो आदि मौजूद थे।

### भीषण पेयजल संकट का सामना कर रहे बनासो के लोग

**विष्णुगढ़।** जेठ की भीषण गरमी में बनासो के लोग भीषण पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। पंचायत के मुसहर टोले में स्थिति और भी खराब है। इस टोले में करीब 50 दलित परिवार रहते हैं। टोलेवासियों की पेयजल सुविधा के लिए दो जगहों पर एक-एक हजार लीटर क्षमता का दो सोलर जलमीनार लगाया गया है। दोनों जलमीनार ठप पड़े हुए हैं। यहां का कुआं भी सूख चुका है। मुकेश भुईंया, सोमर साव, किशोर भुईंया का कहना है कि जो समर्थ व्यक्ति हैं वे अपने घरों में चापाकल लगा लेते हैं। गरीब लोगों को पानी के लिए काफी मुश्किलें होती हैं। गरमी के दिनों में यह समस्या और भी बढ़ जाती है। टोले में लगे दो चापाकल भी खराब पड़े हुए हैं।

### प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने किया उपकारा रामगढ़ का निरीक्षण

**रामगढ़।** व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ आलोक कुमार दुबे ने उपकारा रामगढ़ का निरीक्षण किया। जेल के भ्रमण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के साथ अन्य न्यायिक पदाधिकारी मौजूद थे। जिनमें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार राम , एसडीजेएम हर्षित तिवारी, डालसा के सचिव अनिल कुमार, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता, जेल के अधिकारी भी मौजूद थे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निरीक्षण के दौरान जेल के कैदियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं जैसे बाथरूम, शौचालय, साफ सफाई, स्वच्छता और पानी पीने आदि की जांच के लिए कैदी वार्ड के निरीक्षण किया। साथ ही जेल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां जेल अधिकारी, जेल डॉक्टर साथ ही कई कैदी भी मौजूद थे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जेल में उपलब्ध वीसी सिस्टम, ई मुलाकात सिस्टम, किचन सिस्टम, कौशल घर, महिला वार्ड आदि का भी निरीक्षण किया और जेल में रह रहे कैदियों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

## एक नजर

### अवैध शराब के विरुद्ध चलाया गया छापेमारी अभियान



**बानो।** बानो प्रखंड के गिरदा थाना पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान मरानी एवं डीपा टोली में अभियान चलाया छापामारी अभियान के दौरान विभिन्न घरों से लगभग 120 किलो अवैध महुआ जावा को जब्त करते हुए नष्ट किया गया थाना प्रभारी हर्ष कुमार के नेतृत्व में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में अवैध महुआ शराब खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने शराब विक्रेताओं को कड़ी फटकार लगाई तथा दोबारा पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

### बाइक दुर्घटना में दो लोग घायल

**सतगावां।** प्रखंड की खुट्टा पंचायत के गाजेडीह जाने वाली सड़क के तीखा मोड़ के समीप सोमवार को बेकाबू बाइक पलट जाने से दो लोग घायल हो गए। घायल की पहचान प्रखंड के पोखराडीह निवासी 40 वर्षीय सुरेंद्र यादव, पिता- स्व सुखदेव यादव और सरवाहना निवासी 22 वर्षीय सिंटू यादव, पिता- स्व कपिलदेव यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों बाइक से बासोडीह से गाजेडीह की ओर अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इसी बीच गाजेडीह में तीखा मोड़ रहने के कारण व्यक्ति वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया। इससे बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 एंबुलेंस द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

### सड़क पर गंदा पानी बहने से राहगीरों की बढ़ी परेशानी

**मरकच्चो।** प्रखंड के मरकच्चो-बरियारडीह मुख्य मार्ग पर दरगाह मुहल्ला, बड़ा अखाड़ा और बाजार रोड की सड़कों पर घरों का गंदा पानी बहाया जा रहा है। इससे राहगीरों को काफी परेशानी होती है। वहीं छात्र छात्राओं को स्कूल जाने में परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार वे साइकिल से उक्त गंदे पानी में गिर भी जाते है। घर का पानी सड़क पर जमने से वाहन चालकों और पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानी होती है। सड़कों पर बहते गंदे पानी की रोक की मांग लगातार की जाती रही है। अंचलाधिकारी ने सड़क पर गंदा पानी बहाने वालों को नोटिस भी दिया है। लेकिन उस नोटिस का कोई भी असर इन लोगों पर नहीं पड़ा। वहीं अतिक्रमण के चलते गांव की गलियां दिन प्रतिदिन सिमटती जा रही है। इससे आवागमन में भारी असुविधा हो रही है।

## लचरागढ़ में कलशयात्रा के साथ 7 दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ में सोमवार से सात दिवसीय भगवत कथा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कलशयात्रा के साथ हुई। बताया गया श्रीमद् भागवत कथा मनमोहन पंडा के धर्मशाला रोड स्थित आवासीय परिसर में किया जा रहा है। बताया गया कि देव नदी से कलश यात्रा निकाली और पूरे चौक चौराहों का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां पर कलश स्थापना करते हुए भागवत कथा की शुरूआत हुई। यह कार्यक्रम में श्रीमद् भागवत कथा वाचक अरविंद जी



शास्त्री काशी, संरक्षक रामसेवक तिवारी, पुजारी अभिषेक चतुर्वेदी संगीतकार कुंदन तिवारी चंदन मिश्रा एवं पुष्कर ओझा के द्वारा भागवत कथा सुनाई जाएगी। यह कार्यक्रम दिनांक 27 मई से 2 जून 2024 तक संध्या 5:30 से 8:30 तक किया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा के लिए कलश यात्रा में मुख्य रुप से मनमोहन पंडा और उनकी धर्मपत्नी मालती देवी , पौत्र रुद्र प्रज्ञान पंडा, राघव प्रताप पांडा एवं पार्थ होता, नवाशी परी रानी कुमारी, पीहू रानी कुमारी, बिंदिया रानी ठाकुर, श्वेता देवी, ज्योति देवी, भुवनेश्वर पांडा, प्रेम देवी, नंदकिशोर पांडा, सुनीता देवी,पूर्ण चंद होता, पुरुषोत्तम ओझा, संजय मिश्रा, सुषमा देवी, अमूल्य होता, रतन शाह पड़ी, बीना देवी दीपा देवी नीतू कुमारी, मीताली कुमारी, अंजली कुमार, तथा उनके पुरे परिवार के द्वारा सहयोग किया।

### जेठ जतरा कार्यक्रम में मिली स्थानीय परंपरा की झलक

# गले में मांदर टांग अखड़ा में उतरे विधायक भूषण बाड़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा बाघलाता गांव के रुगड़ीटोली में आयोजित जेठ जतरा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। मौके पर विधायक ने गले में मांदर टांगा और ग्रामीणों को मांदर की थाप पर नचाने में जुट गए। विधायक के मांदर की गुंज सुनती ही क्या महिला, क्या पुरुष, बच्चे-बूढ़े सभी आखड़ा में जुट गए और सामूहिक नृत्य करने लगे। आखड़ा में लोगों की भीड़ देख विधायक भी पुरे जोश के साथ झूमते हुए घंटा मांदर बजाते रहे। वहीं विधायक ने आखड़ा में सामूहिक आदिवासी नृत्य भी किया। मौके पर विधायक ने कहा कि माता मरियम की यादगारी में मनाया जाने वाला जेट जातरा कार्यक्रम हमारे बच्चों की प्रतिभा निखारने का बेहतरिन मंच है। वे भी इसी जेठ जातरा कार्यक्रम से मंच में बोलने की शुरूआत की थी और इसी मंच से भीड़ में बोलने की उसकी झीझक दूर हुई। विधायक ने कहा कि आज आधुनिकता के इस दौर में लोग डीजे गानों को ज्यादा प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने बच्चों को मांदर और ढ़ोलक बजाने सिखाने की ग्रामीणों से अपील की। वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि हमें अपने बच्चों को पढ़ा लिखा कर संस्कारवान बनाना है। हमें अपनी परंपरा और संस्कृति को जीवित रखना है।

आज हमारे बीच से भाषा संस्कृति बिलुप्त होती जा रही है। अगर आज हम नहीं सहेजें तो आने वाले दिनों में हमारी पहचान मिट जाएगी। कार्यक्रम में युवतियों एवं बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत की। मौके पर कांग्रेस के पाकरटांड प्रखंड अध्यक्ष अजित लकड़ा, कुरडेग के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष देवनिश खलखो, केरसई प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, उर्मिला कुजूर आदि उपस्थित थे। मंच संचालन प्रफुल बाड़ा ने किया।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्रिंसिपल व शिक्षिका को मिला द चेंज मेकर अवॉर्ड

**झुमरी तिलैया।** सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्रिंसिपल प्रमोद शर्मा और शिक्षिका सपना शर्मा को उनके शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सत्र 2023 - 2024 का द चेंज मेकर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पृथ्वी अभ्युदय एडुकेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और महर्षि यूनिवर्सिटी के संयुक्त रूप से महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, नोएडा कैंपस में पिछले दिनों हुआ। देशभर से लगभग 500 चयनित शिक्षक, प्रिंसिपल में करीब 50 शिक्षक, प्रिंसिपल को ही सम्मानित किया गया। इसमें बिहार, झारखंड, बंगाल से केवल सेक्रेट हार्ट स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षिका का नाम शामिल है। स्कूल डायरेक्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि मिडिल ईस्ट जोन में स्कूल को यह सम्मान स्कूल ही नहीं, पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है। स्कूल प्रिंसिपल प्रमोद शर्मा ने इस अवार्ड को शिक्षकों की मेहनत, स्कूल प्रशासन का सपोर्ट, अपने माता-पिता के साथ पूरे परिवार को समर्पित किया।

### घुटबहार की वनमाली मंडली के तृतीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन

## कलीसिया को मजबूत करने में महिलाओं की भूमिका अहम : नमन विक्सल

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत घुटबहार पंचायत के वनमाली मण्डली में तृतीय वार्षिक सम्मेलन जीईएल चर्च डोभापानी पस्टोरेट महीला समिति के तत्वावधान में आयोजित हुई। कार्यक्रम में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए।जहां पर पादरी हेरमन समद निर्माल टिम्बो के द्वारा प्रभु भोज अनुष्ठान का आयोजन किया। इसके पश्चात प्रवचन सामूहिक भजन, साक्षी वाणी गीत प्रतियोगिता, सामूहिक बाइबल क्वीज, सिरनी दान संग्रह सहित अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि इस महिला सम्मेलन में जिस तरह का धर्म की बाते सीखने को मिलता है वह बाते कही नही मिल सकता है। आज के जमाने मे महिलाओं का बहुत बड़ा भूमिका रहता है अच्छे जीवन जीने में और घर परिवार को जिस तरह संभाल कर चलती है ।महिलाए को वो ताकत ईश्वर ने दिया है ।महिलाए ईश्वर का डर भय से फैसला लेती है कभी कोई गलत फैसला नही लेता है। इस लिए महिलाए जो भी सोच समझ कर करती है वो सब परिवार के लिए अच्छा कदम रहता है। हमेशा से महिलाओं को उच्च श्रेणी में सम्मान देने का कार्य किया गया है। आज महिलाएं सभी क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं समाज का प्रतिनिधित्व कर रही है जिससे कि समाज आगे बढ़ रहा। महिलाएं कलीसिया समुदाय को मजबूत करने की अहम भूमिका है। मौके पर मौजूद प्रखंड विधायक प्रतिनिधि जॉनसन डांग, पंचायत अध्यक्ष सुनील जोजो, पंचायत अध्यक्ष सूकवान समद, रोयन समद, जीवन समद, रोयान डांग, नामलेन समद, बीरबल बड़ाइक, आदि उपस्थित थे।

## धूमधाम से मना जीईएल चर्च डोभापानी पास्टोरेट महिला समिति का तृतीय वार्षिक सम्मेलन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जीईएल चर्च डोभापानी पास्टोरेट महिला समिति का तृतीय वार्षिक सम्मेलन सोमवार को मनाया गया। जीईएल चर्च वनमाली मंडली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रुप से पूर्व मंत्री एनोस एक्का, झापा के युवा नेता संदेशे एक्का, पूर्व जिप उपाध्यक्ष बिरसा मांझी सहित कई धर्मगुरु उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन पोस्टोरेट चेयरमेन एच समद के द्वारा किया गया। इसके बाद केबी मंडली के अध्यक्ष अमालोन लुगुन के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का परिचय कराया गया। मौके पर कहुपानी पेरिस काउंसिल चेयरमैन पादरी एन किंबो ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए वार्षिक सम्मेलन के लिए महिला समिति को शुभकामना दी। मौके पर धार्मिक विधि से उपासना भी की गई। तीन पादरियों की अगुवाई में प्रभु भोज अनुष्ठान संपन्न हुआ। इसके बाद बाइबल क्वीज प्रतियोगिता, सामूहिक भजन आदि प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को आयोजन समिति के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। डोभा पानी पास्टोरेट महिला समिति की सभापति जूलियानी समद के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन के मौके पर विदाई प्रार्थना भी की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में नैमी सुरीन, सुनीला लुगुन,कोमोलीना जोजो, सरिता बा सहित सभी सदस्यों का योगदान रहा।

### समाज की पूंजी होती हैं महिलाएं : एनोस

**कार्यक्रम** में उपस्थित पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने महिलाओं को समाज की बेशकीमती पूंजी बताई। एनोस एक्का ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए महिला समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिला के बिना संगठित समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। समाज में फैली बुराइयों को दूर करने में महिलाओं के योगदान को अहम बताते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं का योगदान अहम है।

## छोटानागपुर कल्याण निकेतन संस्था के प्रयास से रोका गया बाल विवाह

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** प्रखंड ठेठईटांगर में न्याय के बढ़ते कदम अभियान के तहत बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा था। जागरूकता अभियान के क्रम में संस्था छोटानागपुर कल्याण निकेतन के प्रतिनिधि को टुकुपानी पंचायत के रानीकुदर ग्राम में बाल विवाह से संबंधित जानकारी प्राप्त हुई, मामले की सत्यता जानने के लिए प्रतिनिधि द्वारा ग्राम में विवाह की सत्यता की जांच की गई। विवाह की पुष्टि होने पर जिस बच्ची का विवाह कराया जा रहा था उस बच्चे की आयु की भी जांच की गई है जांच के दौरान पता चला कि बच्चे की आयु 16 बर्ष विवाह के लिए अनुकूल नहीं है। तत्पश्चात प्रतिनिधि द्वारा संस्था को इस विवाह की जानकारी दी गई तथा संस्था द्वारा बाल कल्याण समिति एवं ठेठईटांगर थाना में भी में इसकी सूचना देकर बाल कल्याण समिति एवं ठेठईटांगर थाना के सहयोग से इस विवाह को रोका गया एवं बच्चे के परिवार को बाल विवाह से संबंधित जानकारी और बाल विवाह के कानून से भी अवगत कराया गया तथा उन्हें यह भी बताया गया कि आप अपने बच्चे का विवाह उसके आयु पूर्ण होने पर ही करें तथा इसके साथ ही उन्हें यह भी जानकारी दी गई कि उनके बच्चे का आयु कब पूर्ण होगा और वह कब अपने बच्चे का विवाह कर सकते हैं। और इसके साथ ही उन्हें यह संदेश भी दिया गया कि अगर कहीं भी बच्चे और बच्ची का बाल विवाह हो रहा है तो अब उनके माता-पिता के ऊपर भी एफआईआर दर्ज किया जाएगा उनके ऊपर एफआईआर दर्ज भी किया जाएगा बाल विवाह एक अपराध है जिससे एक बच्चे का जीवन अंधकार मय और विनाशकारी हो जाता है।

## न्यूज बॉक्स

### रौतिया जाति को आदिवासी की सूची में शामिल करने की मांग की



**बानो।** अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद के सिमडेगा जिला प्रतिनिधिमंडल ने उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास से जमशेदपुर स्थित आवास में मुलाकात कर समाज की समस्याओं को अवगत कराया। मुलाकात कर समाज के प्रतिनिधियों ने सामाजिक समस्याओं के निदान करने की मांग की। अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने उड़ीसा के राज्यपाल से मुलाकात किया तथा रौतिया जाति को आदिवासी की सूची में शामिल करने सहित पुर्व में रौतिया जाति को मिलने वाली चार मूलभूत सरकारी सुविधाओं को लागू करने की मांग की।मौके पर बानो प्रखंड अध्यक्ष महेश सिंह धर्मवीर से नवीन सिंह संजय ठाकुर के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### किलेसेरा में बजरंगबली मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कई कार्यक्रमों के साथ समापन



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के किलेसेरा गांव में बजरंगबली मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कई कार्यक्रमो के साथ सम्पन्न हुई। इस मौके पर 26 मई को कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इसके बाद हनुमान जी की मूर्ति का विधिवत पूजन किया गया। इसके साथ ही अष्टप्रहरी नामयज्ञ अखण्ड कीर्तन आयोजन किया गया। जिसमें किलेसेरा, बोलबा, कसीरा, दलकी, उड़ीसा सहित कई कीर्तन मंडली कीर्तन में शामिल हुए। इस मौके पर हवन पूजन, आरती, प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। समिति के लोगों ने बताया कि बजरंग दल उड़ीसा प्रान्त के सौजन्य से विभिन्न गांवों में बजरंगबली हनुमानजी का मूर्ति लोगों के आग्रह पर दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने गाँव अर्थ संग्रह कर छोटा मन्दिर का निर्माण कर रहे हैं। जबकि बजरंग दल उड़ीसा द्वारा मूर्ति दिया जा रहा है। बताया गया कि इससे हिन्दू समाज के लोगों में धर्म के प्रति जागरूकता आ रही है। इस मौके पर धनीराम बेहरा, मधु तिर्की, नकुल मांझी, पलटन पातर, ललन मांझी, जुगल बेहरा, राजकुमार बेहरा, चक्रधर महानांदिया दिलीप नायक, पद्मन मांझी, तीर्थो महानांदिया, महिपाल मांझी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### भाजपा नेता श्रद्धानंद के प्रयास से 2 साल बाद भीमकोठी को मिला ट्रांसफार्मर



**सिमडेगा।** भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा के अथक प्रयास से केरसई प्रखंड के भीम कोठी ग्राम वासियो को पौने दो साल के उपरांत सोमवार को 25 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दी गई। भीम कोठी बस्ती से ट्रांसफार्मर लेने के लिए आए हुए भीम कोठी, खास, के ग्रामीण किशोर नायक, हलधर नायक, दिलीप नायक, संजीत नायक, लक्ष्ु मांझी, विकास मांझी, राजेन्द्र मांझी, दिनेश मांझी, चैतन्य नायक, मुन्ना प्रधान इत्यादि ग्रामीण उपभोक्ताओं ने श्री बेसरा को बताया कि सितम्बर 2022 में 25 केवी का खराब ट्रांसफार्मर को ट्रांसफार्मर वर्कशॉप में जमा किया गया था। लेकिन काफी प्रयास के बाद भी समय पर हमारे बस्ती को ट्रांसफार्मर नहीं उपलब्ध कराया गया। जिसके कारण हताश और निरास हो कर अंधेरे में जीवन बसर करने को मजबूर थे। पौने दो साल के उपरांत सोमवार को ट्रांसफार्मर उपलब्ध हो ने से सभी लोग बहुत खुश हुए, एवं बेसरा जी को उनके प्रयास के लिए आभार व्यक्त किए। श्री बेसरा ने कहा कि सरकार की लचर व्यवस्था के कारण विद्युत विभाग ट्रांसफार्मर वर्कशॉप को व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई जाती है, जिसके कारण कभी विद्युत तेल के लिए, कभी मिस्त्री नहीं रहने से, कभी चेम्बर का कोयल जलने जैसी समस्याएं लगातार वर्कशॉप में आते रहती है। परिणामस्वरूप महीनों महीनों तक लोगों को ट्रांसफार्मर के लिए इंतजार करना पड़ता है। और ना ही इस संबंध में वर्तमान विधायक क्षेत्र की जन उपयोगी समस्याओं पर ध्यान ही देते हैं और न ही अधिकारीगण। जल, सड़क, बिजली जैसी समस्याओं के कारण क्षेत्र के जनताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसका ताजातरीन उदाहरण है और बड़े ताज्जुब की बात है कि भीम कोठी ग्राम वासियों को पौने दो साल तक ट्रांसफार्मर के लिए इंतजार करना पड़ा।

## धर्म समाज

### डालटनगंज बिशप थियोडोर मस्कराहनेस मुख्य अनुष्ठाता के रूप में हुए शामिल

# ईश्वरीय आशीष का गवाह है जुबली समारोह : जोसिमा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पाकरटांड प्रखंड के नानेसेरा टेम्बाटोली में दो धर्म बहनों का सिल्वर जुबली समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सिल्वर जुबली मनाने वाली धर्मबहनों में एफएसएमए सिस्टर सलोमी खाखा और एससीजीएम सिस्टर जोसफीन खाखा शामिल है। दोनों के धर्मसमाज में 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं। सिल्वर जुबली के मौके पर एसएफएक्स डाल्टेनगंज धर्मप्रान्त के बिशप थियोडोर मस्कराहनेस मुख्य अनुष्ठाता के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने दोनों धर्मबहनों के उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाल जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही कहा कि आज ईश्वर के महान कृपादानो से दोनों धर्मबहनों ने अपने धर्म



समाज में एक धर्मबहन के रूप 25 वर्ष सफलता पूर्वक पूरा कर लिए हैं। दोनों धर्म बहनें समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थी। जोसिमा ने दोनों धर्म बहनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज एक धर्मबहन के रूप में जीवन जीना काफी चुनौतीपूर्ण हैं। इसके बाद भी दोनों धर्मबहनों ने लगातार 25 वर्षों से बिना किसी लालसा के मानव सेवा में जुटी हुई है। साथ ही परम पिता परमेश्वर के वचनों को जन जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सचमुच ईश्वर की योजना अद्भुत है। आज के इस कठिन परिस्थितियों में 25 वर्ष तक धर्मबहन के रूप जीवन जीना काफी मुश्किल है। लेकिन ईश्वर की योजना से दोनों धर्मबहनों ने लगातार ईश्वर की सेवा में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि जुबली समारोह ईश्वरीय आशीष का गवाह है। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजित लकड़ा, मुखिया बसंती, शोषण खेस, शोभेन तिग्गा, उर्मिला केरकेट्टा, जुलियुस खाखा, हेलेना लकड़ा, जेवियर, कोस्टन, सुनीता, सुमित, सिसिलिया, प्रमोद, विनीता, अनुराग, अनुप्रिया, अनुष्का, अलिसा, सृष्टि, आशीष सहित काफी सँख्या में लोग शामिल हुए।

### रेंगारिह में मजदूरों के साथ श्रमिक नेता राजेश सिंह ने की बैठक, कहा

# सभी मजदूर अपना-अपना ई-श्रम कार्ड जल्द से जल्द बनवाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को ठेठईटांगर प्रखंड के रेंगारिह में मजदूरों के साथ बैठक किया गया ।बैठक में मजदूरों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। राजेश सिंह ने कहा की प्रखंडों में सरकारी काम में रेंगारिह पाइकपारा में आरईओ विभाग के द्वारा कालीकरण रोड का निर्माण किया जा रहा है। जहां पर मजदूरों को 200 से 250 रुपए मजदूरी दर से दिया जा रहा है। कार्य में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। इसके अलावा समय सीमा भी नहीं है जिसकी वजह से काम में लापरवाही हो रही है, साथ ही सड़क के साथ जो पुल निर्माण होना है उस पुल निर्माण का काम अबतक शुरू नहीं हुआ है। जिससे ग्रामीणों को आने वाले बरसात के मौसम में बहुत परेशानी होगा। उन्होंने कहा पुल निर्माण नहीं होने से वहां पर जल जमाव वाला स्थिति उत्पन्न होगा जिससे लगभग 4 गांव के हजारों ग्रामीणों को बाजार हाट, स्कूल, अस्पताल और दैनिक रोजगार में समस्या उत्पन्न होगा। ग्रामीणों ने जब अपनी समस्याओं से मजदूर नेता को अवगत कराया तब श्री सिंह ने स्थानीय मुखिया और संवेदक से मोबाइल फोन पर बात करते हुए मजदूरों के बकाया राशि और सड़क पर जल्द से जल्द पुल निर्माण कार्य को शुरू करने को कहा। श्री सिंह ने मजदूरों को झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी दरों पर विस्तार पूर्वक समझाया साथ ही जल्द ई-श्रम कार्ड बनवाने को कहा ताकि भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ और किसी भी तरह के अप्रिय घटना होने पर सरकारी मदद दिलाया जा सके। साथ ही मजदूर नेता ने बैठक को सम्बोधित करते हुए शख्त निर्देश दिया की मजदूर सुबह 7 बजे ही काम पर आने की कोशिश करें और सत्तू शरबत का सेवन लगातार करें ताकि इस भीषण गर्मी से बचा जा सके। बैठक में झारखंड मजदूर यूनियन सिमडेगा प्रभारी वारिस रजा, बसंत सोरेंग, फिलिप मिंज, असरिता टेटे, जकरियस बिलुंग, प्रफुल सोरेंग, मीणा देवी, फूलमनी कुमारी, सरिता कुमारी, अनुज टेटे, प्रभात सोरेंग, फूलजेंसिया कीरो, अनुप कीरो, विजय टेटे, ललित टेटे, अरविन्द सोरेंग, सुमन सोरेंग, नविन सोरेंग, अनील सोरेंग आदि मजदूर उपस्थित थे।

## एक नजर

### चोरी होने से बचा पिकअप वाहन, पहले से जला हुआ था कलच प्लेट

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के गांगपुर गांव निवासी लक्ष्मण साव के पिकअप वाहन को अज्ञात चोर चोरी कर भाग रहे थे। परंतु वाहन के कलच प्लेट जले होने के कारण वाहन को चोरों ने गांव से बाहर कटकमसांडी थाना क्षेत्र के बहेरवा नाला के समीप छोड़कर भाग गए। घटना तड़के दो बजे की बताई जा रही है। वाहन घर के समीप लगा हुआ था। सोमवार की सुबह परिजन उठे तो, देखा वाहन नहीं है। जिसके बाद परिजन वाहन की खोज में लग गए, तभी गांगपुर गांव के एक ग्रामीण हजारीबाग जा रहे थे। इसी दौरान वाहन को बहेरवा नाला के समीप खड़ा होने की सूचना दिया। इसके बाद वाहन को परिजन ले आए। लक्ष्मण साव ने बताया कि यदि गाड़ी का कलच प्लेट जला नहीं होता, तो चोर गाड़ी लेकर फरार हो जाते।

### 5 जून को आदित्यपुर के वार्ड 17 के मुख्य मार्ग में किया जायेगा पौधरोपण : नीतू शर्मा

**चाईबासा।** हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जायेगा. ऐसे में इस दिन आदित्यपुर के वार्ड 17 के मुख्य मार्ग में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस दिन मुख्य मार्ग के सरिता कॉम्प्लेक्स से हरिओम नगर तक पौधरोपण किया जायेगा। इस बात की जानकारी पूर्व पार्षद नीतू शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि महिला संगठन तेजश्विनी ग्रुप इस कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम के तहत सड़कों के दोनों ओर छायादार पौधे लगाये जायेंगे। पौधों की सुरक्षा के लिए समाजसेवियों की मदद से गेवियन भी लगाये जायेंगे। ताकि लगाये गये पौधे जिंदा रहे। पौधे लगाने से आम नागरिकों को तो लाभ होगा ही, पर्यावरण का भी संरक्षण होगा। उन्होंने बताया कि सड़क किनारे उचित स्थान देखकर पौधरोपण करने का निर्णय लिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के पाथरी पंचायत अंतर्गत डींगासाई गांव की महिला लक्षी नायेक (59) की बीती रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, महिला बाइक से बहरागोड़ा बाजार से अपने गांव लौट रही थी। उसी दौरान बहरागोड़ा चौरंगी मुख्य सड़क पर केंवलाडींगा के समीप बाइक के फिसलने से महिला घायल हो गई थी। जिसे स्थानीय लोगों की सहायता से 108 एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए परिजन 108 एंबुलेंस से ही महिला को पीआरएम मेडिकल कॉलेज बरीपदा ले गए। वहीं चिकित्सा के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## टुक-टुक मतदाता जागरूकता वाहन का किया गया उद्घाटन व संचालन

# लोग घर से निकलें व जरूर करें वोट : उपायुक्त





**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार व जिला प्रशासन दुमका द्वारा आज दिनांक 27 मई 2024 को लोकसभा आम चुनाव के संबंध में मतदाताओं को जागरूक करने तथा मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने के उद्देश्य से स्वीप के तहत इंडोर स्टेडियम परिसर दुमका से छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता रैली /दौड़ का आयोजन तथा प्रचार टुक-टुक वाहन द्वारा मतदाता जागरूकता पहल खास जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा उद्घाटन किया गया।

जागरूकता रैली सह दौड़ को, दुमका प्रशासन के अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । SVEEP के तहत मतदाता जागरूकता हेतु टुकटुक वाहन दुमका जिला के सदर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाई जाएगी। प्रचार/जागरूकता वाहन द्वारा लोगों को मतदान देने हेतु जागरूक करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

दुमका जिला के उपायुक्त आजनेयूल दोडे, उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कांडुलना तथा दुमका जिला में आए चुनाव पर्यवेक्षकों ने संयुक्त रूप से रैली का उद्घाटन किया गया।

इसके पूर्व दुमका जिला के प्रशासन द्वारा लोगों में मतदान की प्रतिशत को बढ़ाने के लिए शपथ ग्रहण कराया गया। लोगों से आग्रह किया गया कि लोग घर से निकलें व वोट जरूर करें। पहले मतदान फिर जलपान की नीति को अपनायें।

हर जागरूक शहरी की जिम्मेदारी है कि हम सभी को चुनाव के अंतिम चरण 01 जून 2024 को वोट देने के लिए आग्रह करें। इस कार्यक्रम में इकाई के तकनीकी अधिकारी एम के आलम आदि ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

### बाप-बेटा हत्याकांड में आक्रमण और आरिफ सहित 30 उग्रवादियों पर मामला दर्ज

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के हेंदीया कला गांव निवासी पंकज बिरहोर व पिता महेन्द्र बिरहोर उर्फ दीपन बिरहोर हत्या काण्ड में टीएसपीसी के आक्रमण उर्फ रविन्द्र गंझू, शशिकान्त उर्फ आरिफ, कुणाल उर्फ पत्थर उर्फ कुलदीप गंझू, मुकदेव यादव, हरेन्द्र, इरफान, सहेन्द्र, चनेशर, ईश्वरी सहित 25-30 अज्ञात उग्रवादियों के खिलाप मामला दर्ज किया गया है। मामला मृतक पंकज के भाई विधायक बिरहोर द्वारा दिए गए आवेदन पर कुंदा थाने में दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी नितेश कुमार प्रसाद ने बताया कि उपरोक्त उग्रवादियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर धर पकड़ के लिए अभियान तेज कर दिया गया है।

### पंचरूखी में सड़क दुर्घटना में बाईक सवार दम्पति घायल, एक रेफर



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तिसरी - कोदईबांक मुख्य सड़क पर पंचरूखी के पास सोमवार की दोपहर वाहन के धक्के से एक बाईक सवार सम्पति बुरी तरह घायल हो गए।

घायल दम्पति थाना क्षेत्र के खोरो मलूकचाल निवासी 24 वर्षीय अजय मुर्मू और उनकी पत्नी तालको टुडू हैं। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से 108 एंबुलेंस सेवा द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर महेश्वरम और स्वास्थ्य कर्मी चंदन व अनूप ने उनका प्राथमिक उपचार किया। वहीं तालको टुडू के कमर में अंदरूनी चोट होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया गया। जिसके बाद उन्हें निजी वाहन से इलाज के लिए ले जाया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अजय मुर्मू और उनकी पत्नी तालको टुडू बाइक पर सवार होकर तिसरी आ रहे थे। इसी क्रम में पंचरूखी के समीप किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना में अजय मुर्मू के दोनों पैर व चेहरे में चोट लगी है जबकि उनकी पत्नी तालको टुडू के कमर में अंदरूनी चोट होने की बात बताई जा रही है।

### टाटा स्टील में चोरी करते दो चोर गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के टाटा स्टील के सुरक्षा कर्मियों ने कंपनी परिसर में चोरी करते दो चोरों को रंगे हाथ पकड़ा। सुरक्षा कर्मियों ने दोनों चोरों को बिष्टुपुर पुलिस के हवाले कर दिया. पूछताछ में दोनों ने नाम मो. बिलाल और मो. मोनू बताया. बिलाल बमार्माइंस के सिदो-कान्हो बस्ती का रहने वाला है, जबकि मोनू किताडीह का रहने वाला है. दोनों के पास से चोरी का सामान भी बरामद किया गया है. इस संबंध में टाटा स्टील के सहायक सुरक्षा निरीक्षक अनुज खलखो के बयान पर बिष्टुपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार, रविवार रात कंपनी परिसर में सुरक्षा कर्मी अपनी ड्यूटी कर रहे थे. इसी दौरान उन्होंने दो युवकों को कंपनी परिसर में देखा. दोनों सामान की चोरी कर अपने साथ ले जा रहे थे. तभी दोनों को रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया. सोमवार को दोनों को जेल भेज दिया गया।

### पश्चिमी सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में बनाए जा रहे नए सदस्य

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की सत्र 2023-25 की पांचवीं कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को हुई. एक रेस्टोरेंट में चैंबर के अध्यक्ष राजकुमार ओझा की अध्यक्षता में हुई बैठक में विशेष कोषाध्यक्ष आयुष दोदराजका ने पिछले आय-व्यय का संपूर्ण विवरण प्रस्तुत किया। चैंबर द्वारा निर्णय लिया गया कि चाईबासा में चैंबर के सदस्य बनाने की प्रक्रिया इस माह के बाद बंद कर दी जाएगी। जगन्नाथपुर और चक्रधरपुर अनुमंडल में सदस्य बनाने की अंतिम तिथि 30 जून है। बैठक में राधा मोहन बनर्जी को ट्रांसपोर्ट समिति के अध्यक्ष के रूप में नामित कर उन्हें पत्र दिया गया। बैंक समिति के अध्यक्ष जक्की खान को भी चैंबर ने पत्र देकर नामित किया। रघुनंदन फिरोजीवाला को वस्त्र एवं जूता समिति का अध्यक्ष नामित किया गया। जीएसटी समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता को चैंबर ने पत्र देकर नामित किया। बैठक में महासचिव संतोष सिन्हा, सह सचिव इम्तियाज खान, छोटेलाल गुप्ता, छोटेलाल तामसोए, अमित ठाकुर, जगविंदर प्रताप सिंह, प्रकाश उपाध्याय, प्रमोद खिरवाल, पवन अग्रवाल, सर्वेश प्रसाद, संजय प्रसाद साथ ही अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### जंगल में शरण लिए जंगली हाथियों के दल से ग्रामीण भयभीत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बहरागोड़ा प्रखंड के मुटुरखाम व चिंगारा पंचायत के सीमा क्षेत्र पर स्थित जंगल में जंगली हाथियों का एक दल डेरा डाले हुए हैं। इस कारण आसपास के ग्रामीण भयभीत है। हालांकि ग्रामीण तथा वन विभाग के लोग जंगली हाथियों के विचरण का नजर बनाए रखे हुए हैं। हाल के दिनों में रात के समय जंगल से जंगली हाथियों का दल गांव की ओर रुख करने लगे हैं, इस कारण लोगों में अनहोनी की आशंका है। डर की वजह से ग्रामीण रात भर रतजागा कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जंगल में लगभग 25 हाथियों का झुंड है। रात को जंगल से निकाल कर गांव की ओर आते हैं। फिर सुबह में जंगल की ओर चले जाते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### कोलवाहन दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचा चालक



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बड़की नदी के समीप सोमवार सुबह कोलवाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें चालक बाल-बाल बच गया। घटना चालक के झपकी लग जाने के कारण हुई। बताया जाता है कि कोल वाहन टंडवा से कोयला लेकर कटकमसांडी डिपो जा रहा था। इसी क्रम में बड़की नदी के समीप कोल वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हालांकि इस घटना में किसी को कुछ नहीं हुआ। परंतु कोल वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी ली। बताते चलें कि ज्यादा से ज्यादा ट्रिप लगाने के चक्कर में चालकों द्वारा काफी तेज गति से कोल वाहन को चलाया जाता है। वैसे में दिन प्रतिदिन कोल वाहनों की दुर्घटनाग्रस्त होने की संख्या निरंतर बढ़ रही है। वाहनों के तेज गति पर नियंत्रण नहीं किया गया तो, कभी भी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

### जंगली हांथी द्वारा मारे गये मृतक के आश्रितों को मिला 4 लाख का चेक



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के काढमदिरी गांव में करीब एक साल पहले जंगली हांथी द्वारा मारे गये मृतक के आश्रितों को वन विभाग ने आपदा राहत कोष से निर्धारित राशि मुहैया कराई है। सोमवार को रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना के निर्देश पर वनरक्षी सत्यनारायण रविदास ने मृतक के आश्रित तीन बेटों कुलदीप गंझू, कमल गंझू व शेखर गंझू की मौजूदगी में संयुक्त रूप से चार लाख रुपए का चेक सौंपा। वहीं मृतक के पुत्र कुलदीप गंझू ने बताया कि उक्त मुआवजा प्राप्त करने हेतु वांछित दस्तावेजों को तैयार कराने में अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा का बड़ा योगदान रहा है, जिसके लिए सभी ने आभार व्यक्त किया।

### मवेशियों की चोरी की बढ़ रही वारदात सकते में ग्रामीण

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में इन दोनों मवेशियों की चोरी की वारदात बढ़ गई है। वैसे में किसान व ग्रामीण काफी सकते में हैं। बताया जाता है कि एक सप्ताह में करीब आधा दर्जन ग्रामीणों के मवेशियों की चोरी हो गई है। रविवार देर रात प्रखंड क्षेत्र के लुब्धिया गांव निवासी पूरन यादव के एक गाय व एक बैल की चोरी हो गई। इस प्रकार डगडगवा, कुरकुट्टा, गांगपुर सहित अन्य गांव से भी मवेशियों की चोरी होने की सूचना है। ग्रामीणों बताते है कि मवेशी चोर पिकअप वाहन से आते हैं और मवेशी को लाद कर ले जाते हैं। इधर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि मवेशियों की चोरी होने की सूचना ग्रामीण व किसानों द्वारा नहीं दिया गया है। इसके बावजूद भी मामले की तहकीकात करते हुए जल्द मामला उजागर किया जाएगा।

### पति पत्नी में हुआ तू-तू मै-मै, सनकी पति ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के द्वारी में बीते देर रात महेश भुइयां 34 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक सदर थाना क्षेत्र के भगवानदास मुहल्ला निवासी व द्वारी गांव के दोदी भुइयां का दामाद बताया जा रहा है। घटना की सूचना सोमवार सुबह पुलिस को मिली तो पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक युवक अधिकांश ससुराल में ही रहता था। बीते रात युवक शराब का सेवन किया था और पत्नी को रात में ही चतरा चलने की जिद करने लगा। पत्नी सुबह जाने की बात कह रही थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तू तू मैं मैं हुआ। इसके पश्चात सभी के सो जाने के बाद युवक ने पास के महुआ पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इधर पुलिस यूडी केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# दिवंगत समाजसेवी केशव दांगी की मनाई गई 17 वीं पुण्यतिथि



**नवीन मेल सवांददाता। पत्थलगड़ा (चतरा)**

सोमवार को पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित सुभाष चौक में दिवंगत समाजसेवी सह बरवाडीह निवासी केशव राम दांगी की 17 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न दलों के नेता, पंचायत प्रतिनिधि के साथ कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने बारी-बारी से दिवंगत के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इससे पूर्व दिवंगत के बड़े पुत्र महेंद्र कुमार दांगी ने अपने पिता के चित्र का विधिवत पूजा के बाद माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने कहा कि दिवंगत को हमसब बचपन से जानते थे, जब हम पत्थलगड़ा हाई स्कूल पढ़ने बारह किलोमीटर दूरी तय करके अपने घर तिलैया (गिद्धौर) से आया करते थे। दिवंगत सरफ स्वभाव के थे और विशेषकर सब्जी के व्यपार को एक नया आयाम देने में अहम भूमिका निभाया था। वहीं जिप सदस्य रामसेवक दांगी ने कहा कि दिवंगत सरल स्वभाव के धनी व्यक्ति थे, गरीबों को हमेशा मदद किया करते थे, उन्हें लोग आज भी लोग याद करते हैं। मौके पर भ्मूलेश्वर दांगी, पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद, बरवाडीह मुखिया संदीप कुमार सुमन, बिंदेश्वरी यादव, भाजपा उपाध्यक्ष बासुदेव दांगी, संदीप सिंह, पत्रकार मोहम्मद सेराजुल, आशीष कुमार, विकाश कुमार, संजय ठाकुर, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

## नक्सलियों द्वारा मारे गए पिता-पुत्र के अंतिम संस्कार ग्रामीण नहीं हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/कुंदा**

ग्रामीणों में दहस्त का आलम ऐसा था कि टीएसपीसी नक्सलियों द्वारा मारे गए कुंदा थाना क्षेत्र के अति नक्सल प्रभावित हिंदियाकला निवासी पंकज बिरहोर व पिता बिफन बिरहोर के अंतिम संस्कार में ग्रामीण शामिल ही नहीं हुए। ज्ञात हो कि शनिवार रात दोनो की हत्या टीएसपीसी के नक्सलियों द्वारा निर्ममतापूर्वक कर दी गई थी। रविवार को पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम कराने के उपरांत परिजनों को सौंप दिया। वहीं बीते देर शाम दोनों का अंतिम संस्कार घने जंगल स्थित पूणार्पानी नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। दुसरी ओर अंतिम संस्कार में नक्सलियों के भय से गांव तो दुर समाज के लोगों ने भी सहयोग नहीं किया। नक्सलियों के खौफ का कही परिणाम था कि दोनो के अंतिम संस्कार में परिजन समेत लगभग एक दर्जन लोग ही शामिल थे। परिजनों का कहना था कि अंतिम संस्कार में बुलाने पर भी समाज व गांव के लोगों को नहीं शामिल हुए। कुछ ने तो बहाना बनाया, तो कई अंतिम संस्कार से पूर्व गांव छोड़ दुसरे गांव चले गये थे। ज्ञ्ज्ञत हो कि हिंदियाकला गांव में बैगा बिरहोर समाज के करीब 150 लोगों के अलावे अन्य जाति के लोग निवास करते हैं।

### कचरा डंपिंग यार्ड से व्यक्ति का शव बरामद

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के परसुडीह थाना अंतर्गत एलबीएसएम कॉलेज के पास स्थित कचरा डंपिंग यार्ड से रविवार रात एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है. युवक की पहचान गैंताडीह निवासी राजू अग्रवाल (46 वर्षीय) के रूप में हुई है। राजू का शव जहां से बरामद किया गया है, वह उसके घर से बस 500 मीटर की दूरी पर है। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव के पास से पुलिस ने एक बांस और पत्थर बरामद किया है। आशंका जतायी जा रही है कि राजू की हत्या पत्थर से कूचकर की गयी है।

# स्वच्छता एक स्वस्थ जीवन का है आधार : प्रो.जे रंजन प्रसाद

### गर्मी में लू से बचाव एवं स्वच्छता अभियान पर सीबीसी धनबाद के जागरूकता रथ को निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद के द्वारा जिले में गर्मी में लू से बचाव एवं स्वच्छता अभियान विषय पर आज दिनांक 27 मई को पांच दिवसीय जागरूकता अभियान का उद्घाटन किया गया।

जागरूकता रथ को शहीद निर्मल महतो कॉलेज एवं हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट एवं प्राचार्य डॉ. प्रो. जे रंजन प्रसाद, कॉलेज के प्रोफेसर तथा उनके कार्यालय के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय, तकनीकी सहायक राजकिशोर पासवान के अलावा अन्य गणमान्य लोग और आम जन भी उपस्थित रहे। उद्घाटन उपरांत डॉ प्रो. जे. रंजन प्रसाद ने कहा कि स्वच्छता एक स्वस्थ जीवन का आधार है। हमे अपने आस पास के जल, जमीन और वातावरण की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। हमें सूखे और गीले कूड़े को अलग अलग रखना चाहिए। गर्मी में लू एक आम समस्या है, जिसमे हमें डायरिया या डिसेंट्री हो जाती है, इससे बचने के लिए ओआरएस घोल का प्रयोग करना चाहिए तथा घरेलू उपाय से ठीक न होने पर अस्पताल में दिखाना चाहिए।

क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद ओंकार नाथ पाण्डेय ने कहा कि विभाग का यह जागरुकता रथ अगले पांच दिनों तक धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में जा कर गर्मी में लू से बचाव तथा स्वच्छ भारत अभियान पर जागरुकता फैलाएगा। इस जागरुकता अभियान के द्वारा संदेश दिया जा रहा है कि जरूरत न हो तो धूप में न निकलें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से बचने के लिए यह रथ लोगों को प्रेरित करेगा।

इस अवसर पर आज सीबीसी धनबाद के विभाग के कर्मियों और अधिकारियों ने महात्मा गांधी के स्वच्छता के प्रति समर्पण को याद करते हुए स्वच्छता शपथ ग्रहण किया और अपना श्रमदान करने का शपथ लिया। ज्ञात हो कि पूरे देश में भीषण धूप और लू से बचाव के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि लोग इस बढ़े हुए तापमान में अपना ख्याल रखें। सोशल मीडिया पर भी इस अभियान के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जागरूकता रथ द्वारा पहले दिन आज जिले के प्रमुख स्थानों जैसे स्टील गेट, भेला तांड, कार्मिक नगर, मेमको मोड़, धैया, आईआईटी आईएसएम, पुलिस लाइन, सरायढेला, आदि जगहों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। आने वाले चार दिनों में भी यह रथ अन्य प्रमुख स्थलों पर पहुंचेगा।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, राँची।**

(व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग)

(exmonitoringcellranchi@gmail.com)

**प्रेस विज्ञप्ति**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों के सार–संग्रह अध्याय 'ग' के अन्तर्गत पृष्ठ संख्या–74 (लेखे का निरीक्षण) के आलोक में लोकसभा (आम) निर्वाचन–2024 के अन्तर्गत 08–राँची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निर्वाचन से संबंधित व्यय लेखा पंजी की अंतिम जाँच हेतु एवं लेखा समाधान के लिए अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में निम्न प्रकार प्रशिक्षण एवं बैठक तिथि निर्धारित की जाती है:–

| क्र॰ | निर्वाचन व्यय लेखा पंजी संधारण प्रषिक्षण एवं लेखा समाधान | प्रशिक्षण एवं बैठक की तिथि | प्रशिक्षण/बैठक स्थल एवं समय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निर्वाचन व्यय लेखा पंजी संधारण प्रषिक्षण | दिनांक–27/06/2024 (गुरुवार) | राँची समाहरणालय भवन, ब्लॉक 'ए' कमरा संख्या–207, सभागार (पूर्वाह्न 11:30 बजे से) | |
| 2. | लेखा समाधान बैठक (Account Reconciliation Meeting) | दिनांक–01/07/2024 (सोमवार) | राँची समाहरणालय भवन, ब्लॉक 'ए' कमरा संख्या–207, सभागार (पूर्वाह्न 11:30 बजे से) | |

लोकसभा (आम), निर्वाचन–2024 के अन्तर्गत 08–राँची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशी स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्त्ता के माध्यम् से निर्धारित तिथि में ससमय उपस्थित होकर आयोजित प्रशिक्षण एवं आहूत बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, राँची।

PR 325117 Ranchi(24-25)D

# भीषण गर्मी से बिजली की रिकॉर्ड मांग

***झारखंड*** सहित देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहा है। राजस्थान के फलोदी में पारा 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस साल देश में दर्ज अब तक का सबसे अधिक तापमान है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात और मध्यप्रदेश में कम से कम 23 स्थानों पर शुक्रवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज किया गया। बढ़ते तापमान के कारण भारत की बिजली की मांग गुरुवार को इस मौसम की नई ऊंचाई 239.96 गीगावॉट पर पहुंच तक गई है। ऐसा अनुमान लगाया है कि इस गर्मी के मौसम में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावॉट तक पहुंच सकती है। दूसरी तरफ, गर्मी के कारण जल स्तर में भी गिरावट देखी जा रही है। 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण स्तर में लगातार गिरावट जारी है। 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है। यह 2 जून तक रहेगा। इस दौरान देश के कुछ हिस्सों में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विभाग ने आज दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के लिए लू (हीट वेव) का रेड अलर्ट जारी किया है। उत्तर भारत में शुक्रवार को औसत अधिकतम तापमान 49 और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस रहा। राजस्थान में गर्मी से गुरुवार को नौ, शुक्रवार को पांच और शनिवार को चार मौतें हुईं। राज्य में तीन दिन में यह आंकड़ा 18 हो गया है। कश्मीर घाटी में भी तापमान बढ़ा है। यहां 23 मई को अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह 11 साल में सबसे ज्यादा रहा। 25 मई 2013 को 32.2 डिग्री सेल्सियस था। इस बीच जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। मध्यप्रदेश, पंजाब और दिल्ली में डॉक्टरों ने मरीजों और बुजुर्गों से दिन में यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। दूसरी तरफ, शुक्रवार को देश की पावर डिमांड बढ़कर इस सीजन के सबसे ऊंचे स्तर 239.96 गीगावॉट पर पहुंच गई। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, गुरुवार को पावर डिमांड 236.59 गीगावॉट, बुधवार को 235.06 गीगावॉट थी। पिछले साल पावर डिमांड का ऑल टाइम हाई 243.27 गीगावॉट सितंबर 2023 में रिकॉर्ड किया गया था। इस साल गर्मी के मौसम में यह रिकॉर्ड टूटने की संभावना है। बिजली मंत्रालय ने मई के लिए दिन के दौरान 235 गीगावॉट और शाम के समय 225 गीगावॉट और जून, 2024 के लिए दिन के दौरान 240 गीगावॉट और शाम के समय 235 गीगावॉट की अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया था। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि मई में बिजली की मांग पहले से ही 240 गीगावॉट के स्तर के आसपास है, जिसका अनुमान बिजली मंत्रालय ने जून महीने के लिए लगाया था। बिजली की मांग और बढ़कर सर्वकालिक उच्च स्तर को पार कर सकती है। इसके अलावा, बिजली मंत्रालय ने यह भी अनुमान लगाया है कि इस गर्मी के मौसम में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावॉट तक पहुंच सकती है। गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने से किल्लत भी शुरू हो गई है। यूपी के कानपुर में गुरुवार को 584 बार शटडाउन लिया गया। राज्य में बिजली की डिमांड 28 हजार मेगावाट से ज्यादा है। एमपी के ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर जिले के ग्रामीण इलाकों में 6 से 7 घंटे बिजली कटौती हो रही है। दिल्ली और एनसीआर में कई इलाकों में 2 से 5 घंटे की कटौती हो सकती है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा के ग्रामीण इलाकों में भी बिजली कटौती की जा रही है। भीषण गर्मी के कारण जल स्तर में भी गिरावट देखी जा रही है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के मुताबिक देश में भीषण गर्मी के बीच 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण स्तर में लगातार गिरावट जारी है और यह कुल भंडारण क्षमता का 24 फीसदी गया है। पिछले वर्ष समान अवधि के दौरान के जल स्तर के मुकाबले मौजूदा जलस्तर में 21 फीसदी की कमी दर्ज की गई है।

जनजागरण

# महिला सम्मान के प्रवर्तक राजा राममोहन राय



डॉ. जंग बहादुर पाण्डेय

***तीन*** **सजावत देश को, सती संत और शूर। तीन लजावत देश को कपटी, कायर क्रूर।** भारतवर्ष भूलोक का गौरव शाली देश रहा है। तीन के कारण यह देश विश्व में संपूजित हुआ और वे हैं सती संत और शूर। तीन के कारण यह देश लज्जित हुआ, वे हैं कपटी कायर और क्रूर। भारतवर्ष को सुसंस्कारित करने वाले अनेक समाज सुधारक हुए, उनमें राजा राम मोहन राय का नाम प्रथम पांक्तेय है। बंगाल के हुगली जिलातंर्गत राधानगर के एक कायस्थ परिवार में राजा राम मोहन राय का जन्म 22 मई 1772 को हुआ था। 61 साल की उम्र में 27 सितंबर 1833 को वे दिवंगत हो गये थे। उनको भारतीय पुनर्जागरण का अग्रदूत और आधुनिक भारत का जनक कहा जाता है। इनके पिता का नाम रमाकांत राय तथा माता का नाम तारिणी देवी और दादाजी का नाम कृष्णकांत बंदोपाध्याय था। भारतीय सामाजिक और धार्मिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में उनका विशिष्ट स्थान है। वे ब्रह्म समाज (1828 में स्थापित) के संस्थापक, भारतीय भाषायी प्रेस के प्रवर्तक, जनजागरण और सामाजिक सुधार आंदोलन के प्रणेता तथा बंगाल में नव- जागरण युग के पितामह थे। जनैक राघव सिहं राठौर के कुशल संयोग ने ही, उनको भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम और पत्रकारिता क्षेत्रों में आगे बढ़ने की सफलता प्रदान की थी। उनके आन्दोलनों ने जहाँ पत्रकारिता को चमक दी, वहीं उनकी पत्रकारिता ने आन्दोलनों को भी सही दिशा दिखाने का कार्य किया। इस कारण से राम मोहन राय को 'राजा' की उपाधि मिली थी। राजा राम मोहन राय ने सबसे पहले ब्रह्म समाज की स्थापना की। इनको भारत का प्रथम आधुनिक पुरुष माना जाता है। इनकी समाधि ब्रिस्टल (इंग्लैंड) में है। उनकी जीवनी के अनुसार 15 वर्ष की आयु तक उन्हें बंगाली, संस्कृत, अरबी तथा फारसी का ज्ञान हो गया था। किशोरावस्था में उन्होने काफी भ्रमण किया था। उन्होने 1809-1814 तक ईस्ट इंडिया कम्पनी के लिए भी काम किया था। उन्होने ईष्ट इंडिया कंपनी की नौकरी छोड़कर अपने आपको राष्ट्र सेवा में झोंक दिया था। ब्रह्म समाज की स्थापना की तथा इंग्लैण्ड और फ्रांस का भी भ्रमण किया। वे भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के आंदोलन के अलावा और भी दोहरी लड़ाई लड़ रहे थे। दूसरी लड़ाई उनकी अपने ही देश के नागरिकों से थी, जो अंधविश्वास और कुरीतियों में जकड़े थे। आधुनिक भारत निर्माण में प्रमुख भूमिका लेकर राजा राममोहन राय ने देश के नागरिकों को झकझोरने का काम किया। बाल-विवाह, सती- प्रथा, जातिवाद, भ्रामक कर्मकांड, पर्दा प्रथा आदि का उन्होंने भरपूर विरोध किया। उनके उद्यम के फल स्वरूप सन 1929 में समग्र भारत से सती- प्रथा का सम्पूर्ण उछेद सम्भव हुआ था। ब्रह्म- समाज के धर्म प्रचार के क्षेत्र में अलेक्जेंडर डफ्फ ने उनकी काफी सहायता की थी। देवेंद्र नाथ टैगोर उनके सबसे प्रमुख अनुयायी थे। राजा राम मोहन राय ने ऐसी सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर इतिहास के पन्नों को स्वर्णिम किया था। भारतीय समाज में अन्तर्राष्ट्रीय भाषा के तौर पर अंग्रेजी, आधुनिक चिकित्सा प्रौद्योगिकी और विज्ञान के अध्ययन को लोकप्रिय करने के लिए राजा राम मोहन राय ने ही विभिन्न बदलाव की वकालत की थी। उन्होंने 'ब्रह्ममैनिकल मैग्जीन', 'संवाद कौमुदी 1821', मिरात- उल-अखबार 1822 , बंगदूत जैसे स्तरीय पत्रों का संपादन- प्रकाशन किया था। बंगदूत एक अनोखा पत्र था। इसमें बांग्ला, हिन्दी और फारसी भाषा का प्रयोग एक साथ किया जाता था। उनके जुझारू और सशक्त व्यक्तित्व का इस बात से अंदाज लगाया जा सकता है कि सन 1821 में अँग्रेज जज द्वारा एक भारतीय प्रताप नारायण दास को कोड़े लगाने की सजा दी गई और फलस्वरूप उसकी मृत्यु हो गई थी। इस बर्बरता के खिलाफ राजा राम मोहन राय के एक लेख लिखने के बाद, 1823 में ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रेस पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून (प्रीवी काउंसिल) का विरोध किया गया था। भारतीय इतिहास के पृष्ठों में राजा राम मोहन राय का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। भारत मां के ऐसे समाज सुधारकों के तप त्याग और सहिष्णुता को नमन एवं वंदन करते हुए राष्ट्र कवि दिनकर ने लिखा है **किः-**

**चरण धूलि दो शीश लगा लूं,**
**जीवन का बल तेज जगा लूं।**
**मैं निवास जिस मूक स्वप्न का,**
**तुम उसके सक्रिय अवतार।**
**नमन उन्हें मेरा शतबार**

**पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग**
**रांची विश्वविद्यालय, रांची**

## आपकी बात

# सावधान धर्म गुरूओं के वेश में छिपे हैं कालनेमि दुराचारी!



मनोज कुमार अग्रवाल

***उत्तर*** प्रदेश के गाजियाबाद में छोटा हरिद्वार के नाम से मशहूर गंगनगर घाट पर महिलाओं के चेंजिंग रूम में सीसीटीवी मिलने से हड़कंप मच गया है। ये सीसीटीवी महिलाओं के चेंजिंग रूम में लगा हुआ था। इस मामले में गंगनहर घाट पर स्थित प्राचीन शनि मंदिर के महंत मुकेश गोस्वामी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली गई है। मामले का खुलासा होने के बाद आरोपी फरार हो गया है। संत-महात्मा देश और समाज को मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, परंतु इन दिनों कलियुग का प्रभाव सिर चढ़कर बोल रहा है और संत पुजारी-महात्मा और बाबा के वेश में कुछ अपराधिक प्रवृति वाले लोग धार्मिक चोला पहन कर अनुचित व समाज विरोधी कार्य को अंजाम दे रहे हैं ये असामाजिक तत्व धर्म की आड़ में धर्म के विपरीत आचरण करके असली संत- महात्माओं की बदनामी का कारण बन रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं कि आसाराम बापू, फलाहारी बाबा, कृपालु, गुरमीत राम रहीम सिंह, 'लिंगायत साधु शिवमूर्ति मुरुघा शरणारू' तथा जलेबी बाबा आदि को महिलाओं और बच्चियों के यौन शोषण आदि के आरोपों में गिरफ्तार किया जा चुका है, कई अभी भी जेल में बंद हैं जबकि ऐसे बाबाओं के विरुद्ध शिकायतों का सिलसिला लगातार जारी है,आए दिन ऐसे मामलों की झड़ी लगी है जिसमें इन धार्मिक चोला धारी गुंडों की करतूत सामने आ रही है। पिछले दिनों उत्तराखंड में हत्या के आरोप में फरार आरोपी उत्तर प्रदेश के एक मंदिर में साधु बनकर छुपा हुआ था। जिसे उत्तराखंड एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। यह मामला 2018 का है, जहां पर मनीष गुप्ता नाम के युवक ने अपनी बहन के साथ छेड़छाड़ का विरोध किया था तो इस हत्या आरोपी वीर सिंह सैनी ने मनुष्य गुप्ता के सिर पर कुल्हाड़ी मार कर उसकी जान ले ली थी। फिर भाग कर उत्तर प्रदेश चला गया था और उत्तर प्रदेश के एक मंदिर में छुपकर साधु बना बैठा था जिसे उत्तराखंड एसटीएफ ने गिरफ्तार किया। इसी तरह 30 जून 23 को गुजरात की सूरत पुलिस ने लीक से हटकर पुलिसिंग को अंजाम देते हुए हत्या के मामले में वांछित एक मोस्ट वांटेड को 23 साल बाद पकड़ा है। सूरत के उधना क्षेत्र में हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी साधु बन गया था। सूरत पुलिस ने इस मोस्ट वांटेड को पकड़ने के लिए साधु का रूप धारण किया और फिर उत्तर प्रदेश के मथुरा से अरेस्ट किया। इतने सालों से पुलिस को चकमा दे रहे इस हत्यारोपी पर पुलिस ने 45 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। 12 मार्च, 2024 को पुलिस ने बेंगलुरू में एक 50 वर्षीय महिला को विवाह तथा आर्थिक लाभ का झांसा देकर उससे बलात्कार करने के आरोप में एक गिरजाघर के पादरी राजशेखर (58) के विरुद्ध केस दर्ज किया। महिला का आरोप है कि चर्च में आने के पहले दिन से ही यह पादरी उसका शोषण करता आ रहा था और उसे आर्थिक लाभ दिलाने का झांसा देकर राजशेखर ने उससे लगभग 35 लाख रुपए भी ठग लिए। महिला द्वारा अपनी रकम वापस मांगने पर यह पादरी उसे जान से मारने की धमकियां देने लगा। फिलहाल पादरी फरार है। 5 मई को राजस्थान के पाली जिले में एक मौलवी अब्दुल गनी द्वारा मस्जिद के अंदर एक 19 वर्षीय युवती से बलात्कार किए जाने के संबंध में पीड़िता के परिजनों ने पुलिस में शिकायत लिखवाई। युवती ने आरोप लगाया कि अब्दुल गनी ने मुंह खोलने पर उसे जान से मारने की भी धमकी दी थी। मौलवी के विरुद्ध पुलिस में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से वह फरार है। 11 मई को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में एक मौलवी द्वारा मस्जिद में पढ़ने वाली एक युवती के साथ बलात्कार करने और उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में पीड़िता के परिजनों ने मसूरी थाना में शिकायत दर्ज करवाई। 13 मई को चेन्नई में धोखे से एक महिला को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाकर उससे बलात्कार करने के आरोप में एक धर्मस्थल के पुजारी 'कार्तिक मनुसामी' के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज किया। उक्त पुजारी ने महिला के गले में माला पहनाकर उसके साथ रिश्ता कायम करके जिंदगी शुरू करने का वायदा किया था परंतु उसे गर्भवती करने के बाद पहले तो उसका गर्भपात करवा दिया और फिर उसे अपने मित्र के साथ भी सैक्स करने के लिए मजबूर किया। 24 मई को गाजियाबाद के मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपने भाई के ससुर और साली के उत्पीड़न से तंग आकर दोनों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि जब वह नहा रही थी, तब उसके भाई के ससुर ने छिपकर उसकी वीडियो बना ली। बाद में उसके आधार पर उसने पीड़िता के साथ जबरदस्ती की और जबरदस्ती करने के भी फोटो खींच लिए। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अब इन वीडियो और फोटो के आधार पर पिता- पुत्री दोनों ही उसे ब्लैकमेल कर उससे रकम ऐंठने में लगे हैं। 17 साल से साधु का वेश धारण कर चकमा दे रहे ब्रह्मगिरी को यूपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हापुड़ और मथुरा पुलिस ने इस फर्जी बाबा को लूट के मामले के तहत हिरासत में लिया है। यह फर्जी बाबा अजय शर्मा ब्रह्मगिरी नाम बदल कर मथुरा में अपराध कर हापुड़ जनपद में थाना पिलखुवा के सिखेड़ा गांव के शिव मंदिर में साधु बनकर रह रहा था। वहीं सबसे ताजा घटनाक्रम के मुताबिक गाजियाबाद के थाना मुरादनगर क्षेत्र में गंगनहर घाट है, इसे छोटा हरिद्वार भी कहा जाता है, जहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं।

सावरकर की जयंती पर विशेष

# स्वराष्ट्र के लिए जो जिए और मरे वही है-वीर सावरकर



डॉ. आनंद सिंह राणा

***स्व*** के आलोक में तप, त्याग और तितिक्षा जैसे गौरवशाली भारतीय मूल्यों को मिट्टी में गूंथकर यदि एक हिंदुत्व की मूर्ति गढ़ी जाए, तो उस मूर्ति का नाम होगा 'वीर विनायक दामोदर सावरकर परंतु वीर सावरकर का नाम आते ही रंगे सियारों और लाल श्वानों में दहशत का वातावरण निर्मित हो जाता है और हृदय की धड़कन तेज हो जाती हैं। कतिपय लोगों की तो हृदय गति ही रुकने लगती है। प्रकारांतर से वीर सावरकर के स्वतंत्रता संग्राम योगदान और उनकी पवित्र आहुतियों पर बिना विचार विमर्श किए, तथाकथित रंगे सियार और लाल श्वानों की जमात नकारात्मक विचार बनाते हुए आलोचना कर देते हैं, परंतु दुर्भाग्य का विषय यह भी है कि मर्सी पिटिशन का क्या आशय है? और मर्सी पिटिशन क्यों लगाई गई? किसने लगवाई? इसे बिना जाने और समझे यह आरोप मढ़ दिया जाता है कि वीर सावरकर ने माफी मांग ली थी, परंतु सच तो यह है कि गाँधी जी ने एक कूटनीतिक चाल के चलते विनायक दामोदर सावरकर को मर्सी पिटीशन के लिए तैयारी करवाई थी क्योंकि गांधी जी असहयोग आंदोलन की सफलता चाहते थे। ऐसे में एक यक्ष प्रश्न यही उठता है कि केवल सावरकर के माफीनामे का ही क्यों उल्लेख कर उनके प्रति तिरस्कृत व्यवहार किया जाता है? दया याचिका या 'रॉयल क्लेमेंसी' अंग्रेजों द्वारा हिरासत में लिए गए आरोपी द्वारा अपनाई जाने वाली एक प्रक्रिया के अलावा और कुछ नहीं थी यह एक विशिष्ट प्रारूप था, जिसे प्रत्येक हिरासत में लिए गए व्यक्ति को अपनी रिहाई के लिए आवेदन करते वक्त जरूरत पड़ती थी। स्वघोषित इतिहासकार भी इस ऐतिहासिक किंतु शाब्दिक तथ्य से अच्छे से परिचित हैं, फिर भी अपमान और केवल वीर सावरकर का ही किया जाता है। यदि स्पष्टतः कहा जाए तो वीर सावरकर ने कभी भी अंग्रेजों से माफी नहीं मांगी थी। जिस महापुरुष ने दस साल सेलुलर जेल की अमानवीय यातनाएं सही हों, उसके विषय में 'माफीनामा' या 'दया याचिका' बात करना आश्चर्यजनक लगता है। वास्तविकता यह है कि आज तक हमें जिस माफीनामे के बारे में बताया जाता रहा है, वह केवल एक सामान्य सी याचिका थी, जिसे दाखिल करना राजनीतिक कैदियों के लिए एक सामान्य कानूनी विधान था।


> **जिस महापुरुष ने दस साल सेलुलर जेल की अमानवीय यातनाएं सही हों, उसके विषय में 'माफीनामा' या 'दया याचिका' बात करना आश्चर्यजनक लगता है।**

**(ये लेखक निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## X-से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

# मध्य प्रदेश की मोहन सरकार, हर क्षेत्र में विकास अपार



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***मध्य*** प्रदेश में नई सरकार के गठन और उसके बाद प्रदेश को मुखिया के रूप में मिले डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री के पद पर रहते अभी पूरे छह माह भी नहीं बीते हैं कि एक के बाद एक उनके निर्णयों ने हर क्षेत्र में राज्य की गति को ऊंचाईयों तक पहुंचा दिया है। यह स्वभाविक है कि किसी भी राज्य के विकास में सबसे अहम भूमिका, शासन, प्रशासन और जनता के बीच के समन्वय की होती है ।लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा तब तक सफल नहीं होती, जब तक कि ये तीनों ही आपस में समन्वय के साथ कार्य करते हुए नहीं दिखते हैं। जब ये तीनों के बीच समन्वय होता है तो देश एवं प्रदेश की आर्थिक उन्नति होती है और आर्थिक गति आने से राज्य के हर नागरिक के जीवन में भौतिक सुख एवं उससे मिलनेवाले आध्यात्मिक सुख की वृद्धि होती है। मध्य प्रदेश में आज जो नई भाजपा की मोहन सरकार में दृश्य उभरा है, वह राज्य के नागरिक की जेब से जुड़ा हुआ है, बाजार से आप कोई वस्तु एक उपभोक्ता के रूप में तभी खरीदते हैं, जब आपकी पॉकेट इसकी अनुमति देती है। यदि आपका कोई आर्थिक संग्रह नहीं या आपकी आय पर्याप्त नहीं है तब आप चाहकर भी कोई वस्तु स्वयं के लिए और अपने परिवार जन, कुटुम्ब, बन्धु-बान्धवों के लिए नहीं खरीद पाते हैं, किंतु इस संदर्भ में मध्य प्रदेश में जो खुशी की बात वर्तमान में है, वह यह है कि राज्य में निवास कर रहे लोग खुलकर बाजार से खरीदारी कर रहे हैं और प्रदेश की सकल घरेलू आय (जीडीपी) बढ़ाने में अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं। स्वभाविक है यदि राज्य में सरकार की सोच एवं कार्य लोककल्याणकारी नहीं होते तथा रोजगार के पर्याप्त अवसर मुहैया कराने के साथ लगातार नवाचार करने में यदि भाजपा की मोहन सरकार कहीं कमजोर होती तो आज यह दृष्य उभरकर कभी सामने नहीं आता। यही कारण है कि देश में आज मध्य प्रदेश अपनी बड़ी आबादी के बाद भी उच्च पूंजीगत व्यय में या कहना होगा कि लग्जरी वस्तुओं की अधिक खपत के कारण राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) संग्रह में, कहीं अधिक वृद्धि करने में भारत के सभी राज्यों में सबसे आगे रहने में कामयाब हुआ है। भारत में विनिर्माण के लिए पीएलआई, राज्य प्रोत्साहन, विदेशी व्यापार नीति के तहत लाभ जीएसटी, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सेवा कर और वैट कानूनों सहित अधिकांश करों पर ग्राहकों को पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से सलाह दे रहे केपीएमजी संस्थान के राष्ट्रीय प्रमुख अभिषेक जैन की इस संबंध में कही बातों पर हमें गौर करना चाहिए, वे कहते है कि किसी राज्य के जीएसटी की वृद्धि और गिरावट का सटीक कारण बताना कठिन है, कर संग्रह दरों को प्रभावित करने के लिए कई कारक जिम्मेदार हो सकते हैं। चूंकि जीएसटी एक उपभोग-आधारित कर है, इसलिए एसजीएसटी दरें उपभोग पैटर्न में बदलाव से प्रभावित हो सकती हैं। उच्च आर्थिक क्रय शक्ति वाले राज्य और जनसंख्या आमतौर पर एसजीएसटी संग्रह को प्रभावित करने वाले कारक हैं। कई अन्य कारक भी एसजीएसटी में योगदान दे सकते हैं, जैसे सरकारी नीतियों या विनियमों में बदलाव जो राज्य में निवेश को गति देता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## बोधि वृक्ष

# स्वर्ण मंदिर अमृतसर का इतिहास और अन्य जानकारी



***यहां*** दो हॉल हैं, जहां एक बार में 5 हजार लोग साथ में बैठकर लंगर खा सकते हैं। साफ सफाई का प्रमाण इसी बात से मिलता है कि हर बर्तन को पांच अलग-अलग बार धोया जाता है। बता दें कि सिख लंगर का चलन सिखों के पहले गुरू गुरूनानक ने शुरू किया था। इस गुरूद्वारे में किसी भी व्यक्ति के तीन दिन तक रहने की पूरी व्यवस्था है। यहां कई कमरे और हॉल बने हैं, जहां सोने के लिए तकिया, कंबल और चादर की सुविधा दी जाती है। अगर आप भी स्वर्ण मंदिर घूमने जाएं, तो आराम से यहां तीन दिन तक ठहर सकते हैं।

**4. स्वर्ण मंदिर में दर्शन करने का सही समय -**

वर्ण मंदिर में दर्शन के लिए आपको लंबी लाइन में लगना ही होगा। जल्दी दर्शन के लिए ऑनलाइन बुकिंग जैसी कोई चीज यहां नहीं है। फिर भी आप लंबी लाइन से बचना चाहते हैं तो सुबह 4 बजे से लाइन में खड़े हो सकते हैं, आपका नंबर जल्दी आ जाएगा। मंदिर में दर्शन सुबह 3 बजे से रात 10 बजे तक होते हैं। वीकेंड्स पर मंदिर के दर्शन अवॉइड करें। क्योंकि लंबी लाइन के चलते आपका नंबर तीन से चार घंटे में भी नहीं आएगा। इसलिए अगर आप अच्छे से दर्शन करना चाहते हैं तो शनिवार-रविवार को छोड़कर किसी भी दिन आ जाएं।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# गूगल ने किया बड़ा अपडेट




जबकि कार्यक्षमता वर्तमान में क्रोम के मोबाइल संस्करण पर उपलब्ध है, ऐसा लगता है कि क्रोम के डेस्कटॉप संस्करण को अभी तक अपडेट नहीं मिला है। Google के अनुसार, जब आप Google पासवर्ड मैनेजर में परिवार के किसी सदस्य के साथ पासवर्ड साझा करते हैं, तो उन्हें इसकी एक प्रति उनके Google पासवर्ड मैनेजर में मिल जाएगी, जिसका उपयोग सेवा या वेबसाइट पर लॉग इन करने के लिए किया जा सकता है। नवीनतम अपडेट में कई नई सुविधाएं भी शामिल हैं, जैसे माता-पिता को अलग-अलग समय सीमा सेटिंग्स में बच्चों के ऐप उपयोग की निगरानी करने की अनुमति देना, Google मीट जैसे ऐप में वीडियो कॉल पर दो डिवाइसों के बीच स्विच करना और भुगतान कार्ड सुझाव फील्ड में अपने कार्ड का नाम देखना।

**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः **BIHHIN/1999/155**, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : **news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## आज का राशिफल

**मेष** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृषभ** — जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**मिथुन** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**कर्क** — किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें, व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**सिंह** — भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**कन्या** — शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**तुला** — जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

**वृश्चिक** — स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनु** — बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मकर** — संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। खान-पान में सावधानी रखें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**कुम्भ** — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन** — शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा।

## सपा विधायक रफीक अंसारी गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ से समाजवादी पार्टी के विधायक रफीक अंसारी को 1995 के एक आपराधिक मामले में गैर-जमानती वारंट का पालन नहीं करने पर लखनऊ में गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। एसएसपी ने विधायक की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्राधिकारी (सीओ) सिविल लाइन के नेतृत्व में एक टीम गठित की थी।



- तूफान ने बुनियादी सरंचनाओं और संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचाया
- राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की 14 टुकड़ियां तैनात की गई

# 'रेमल' से बंगाल में भारी तबाही

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में चक्रवाती तूफान 'रेमल' के पहुंचने के एक दिन बाद सोमवार को भारी तबाही का मंजर दिखा। तूफान के यहां पहुंचने पर बीती रात 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली थीं। इस चक्रवाती तूफान ने बंगाल के सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपुपारा के बीच के तटीय इलाकों पर भारी तबाही मचाई। रेमल के पहुंचने की प्रक्रिया की शुरूआत रविवार रात साढ़े आठ बजे से शुरू हुई थी। तूफान ने बुनियादी सरंचनाओं और संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचाया है। रेमल से तटीय इलाकों को हुई क्षति को साफ तौर पर देखा जा सकता है। झोपड़ियों की छत हवा में उड़ गयीं। पेड़ उखड़ गये और बिजली के खंभे गिर गये। इसके चलते कोलकाता सहित राज्य के कई हिस्सों में बिजली की आपूर्ति प्रभावित हुई। राहत और बचाव कार्य के लिए प्रभावित इलाकों में एनडीआरएफ की 14 टुकड़ियां तैनात की गई हैं।

कई इलाकों से जलभराव से लोगों की मुश्किलें और बढ़ गयीं हैं। तूफान के कारण भारी बारिश हुई जो सोमवार सुबह भी जारी रही। लोगों के घरों एवं खेतों में पानी भर गया। सुंदरवन के गोसाबा इलाके में मलबे में दबने से एक व्यक्ति घायल हो गया। कोलकाता के बिबी बागान इलाके में लगातार बारिश के कारण एक दीवार गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया।



### एक लाख से अधिक लोगों को बाहर निकाला गया

पश्चिम बंगाल सरकार ने चक्रवाती तूफान के आने से पहले संवेदनशील इलाकों से एक लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया था। सागर द्वीप, सुंदरबन और काकद्वीप सहित दक्षिण 24 परगना जिले से लोगों को मुख्य रूप से बाहर निकाला गया। लोगों को बाहर निकालने से निश्चित रूप से हजारों जिंदगियां बच गईं लेकिन संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। उत्तर-दक्षिण 24 परगना और पूर्वी मेदिनापुर जिलों में भारी नुकसान की सूचना है। चक्रवाती तूफान के कारण दीघा, काकद्वीप और जयनगर जैसे इलाकों में बारिश हुई और हवाएं चलीं, जो सोमवार को तेज हो गईं। सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास जारी हैं।







### कोलकाता हवाई अड्डे पर 21 घंटे बाद विमान सेवाएं फिर से शुरू

**कोलकाता।** बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न हुए चक्रवाती तूफान 'रेमल' के मद्देनजर कोलकाता हवाई अड्डे पर 21 घंटे तक विमानों की आवाजाही रद्द रहने के बाद सोमवार को फिर से उड़ान सेवाएं शुरू की गईं लेकिन स्थिति सामान्य होने में कुछ और समय लगेगा। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह 8:59 बजे इंडिगो के कोलकाता-पोर्ट ब्लेयर विमान ने यहां उड़ान भरी।

## नगर निगम को हाईकोर्ट की जमकर फटकार

एजेंसी

**अहमदाबाद।** राजकोट गेमिंग जोन अग्निकांड का स्वतः संज्ञान लेते हुए सोमवार को गुजरात हाईकोर्ट ने राजकोट नगर निगम को जमकर फटकार लगाई। साढ़े चार घंटे चली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने निगम के अधिकारियों से कहा कि तीन साल से भी अधिक समय से यहां अवैध रूप से गेम जोन का संचालन हो रहा था, लेकिन आप लोग सोए थे या अंधे हो गए थे।

हाईकोर्ट ने घटना के लिए राजकोट नगर निगम व आयुक्त को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि इस लापरवाही के लिए इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि इस कांड में मृतकों की संख्या 32 हो गई है। कोर्ट ने कहा कि नगर निगम, पुलिस और सड़क एवं भवन विभाग के अधिकारियों की निगरानी में गेम जोन चलता था।



फाइल फोटो

### राजकोट गेम जोन हादसे में सात अधिकारी निलंबित

टीआरपी गेम जोन हादसे में दो पुलिसकर्मियों समेत कुल सात अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद सख्त कार्रवाई का पहले ही संकेत दे दिया था। इससे पहले गेम जोन के संचालकों समेत छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना के लिए जिम्मेदार राजकोट महानगर पालिका (आरएमसी) के असिस्टेंट टाउन प्लानर गौतम डी जोशी, असिस्टेंट इंजीनियर जयदीप चौधरी, डिप्टी कार्यपालक इंजीनियर पारस एम कोठिया, राजकोट महानगर पालिका के फायर एंड इमरजेंसी सर्विसिस के स्टेशन ऑफिसर रोहित विगोरा, आर एंड बी विभाग के डिप्टी इंजीनियर एमआर सुमा को निलंबित किया गया है।

## पीएम और कांग्रेसी नेताओं ने पंडित नेहरू को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार सुबह स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा, "मैं पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।" वहीं कांग्रेस के प्रमुख नेता पंडित जवाहर लाल नेहरू को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजिल देने शांति वन पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित की। इन नेताओं में सोनिया गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अजय माकन प्रमुख हैं। इस मौके पर राहुल गांधी ने एक्स हैंडल पर लिखा, "आधुनिक भारत के शिल्पकार, देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन।

## सीएम व आरोपी के सीडीआर की जांच करें : एनडब्ल्यूसी

एजेंसी

**मालीवाल मामला**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी से राज्य सभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने सोमवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिख कर आरोपितों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने पुलिस आयुक्त से आरोपित के साथ मुख्यमंत्री सहित सभी संबंधित व्यक्तियों की कॉल डीटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच करने को भी कहा है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सोमवार को ट्वीट करके कहा कि स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट मामले का आयोग ने संज्ञान लिया है। सोमवार को आयोग ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिख कर मामले के आरोपित बिभव और मुख्यमंत्री केजरीवाल सहित सभी संबंधित लोगों की सीडीआर की जांच करने को कहा है और स्वाति मालीवाल के साथ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकियों की जांच करने के साथ आरोपितों के साथ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।


*दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने वालों पर करें कार्रवाई*

## फिर लिथुआनिया के राष्ट्रपति बने नौसेदा

**विनियस।** निवर्तमान राष्ट्रपति गितानस नौसेदा रविवार को हुए चुनाव में इंग्रिडा सिमोनीटे को हराकर एक बार फिर लिथुआनिया के राष्ट्रपति चुने गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने देश के चुनाव आयोग के हवाले से बताया है कि नौसेदा को 74.43 प्रतिशत मत मिले, वहीं सिमोनीटे 24.06 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। नौसेदा ने विनियस में कहा, लिथुआनिया के लोगों ने मुझ पर विश्वास जताया है। मैं उनके विश्वास को संजोकर रखूंगा। अपनी इस जीत के साथ नौसेदा एक बार फिर पांच साल तक लिथुआनिया के राष्ट्रपति बने रहेंगे। बीएनएस ने बताया कि वर्तमान प्रधानमंत्री सिमोनीटे ने अपनी हार स्वीकार कर ली है और नौसेदा को उनकी जीत पर बधाई दी है इसके पहले 12 मई को हुए चुनाव में पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार को आधे से अधिक मत नहीं मिला था।

### ब्रह्मा कुमारी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बोलीं राष्ट्रपति : स्वस्थ समाज ही विकास का आधार

# आध्यात्मिक सशक्तीकरण ही वास्तविक सशक्तीकरण : मुर्मू

*एक सच्चा स्वस्थ व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक तीनों आयामों को पूरा करता है।*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आध्यात्मिक मूल्यों को विकसित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आध्यात्मिक सशक्तीकरण ही वास्तविक सशक्तीकरण होता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक मूल्य सभी धर्मों के लोगों को एक-दूसरे से जोड़ते हैं। राष्ट्रपति सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में ब्रह्मा कुमारी संस्थान द्वारा आयोजित स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तीकरण कार्यक्रम के राष्ट्रीय शुभारंभ पर सभा को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व इतिहास के स्वर्णिम अध्याय और राष्ट्रों का इतिहास सदैव आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित रहे हैं। विश्व इतिहास इस बात का साक्षी है कि आध्यात्मिक मूल्यों की उपेक्षा करके केवल भौतिक प्रगति का मार्ग अपनाना अंततः विनाशकारी सिद्ध हुआ है। स्वस्थ मानसिकता के आधार पर ही समग्र कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि एक सच्चा स्वस्थ व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक तीनों आयामों को पूरा करता है। ऐसे व्यक्ति ही एक स्वस्थ समाज, राष्ट्र एवं विश्व समुदाय का निर्माण करते हैं।

उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक सशक्तीकरण ही वास्तविक सशक्तीकरण होता है। जब किसी धर्म और पंथ के मानने वाले अध्यात्म के मार्ग से भटक जाते हैं तो वे धर्मान्धिता (कट्टरता) का शिकार हो जाते हैं और अस्वस्थ मानसिकता से ग्रस्त हो जाते हैं। आध्यात्मिक मूल्य सभी धर्मों के लोगों को एक-दूसरे से जोड़ते हैं।




### आंतरिक आध्यात्मिकता की सामाजिक अभिव्यक्ति

राष्ट्रपति ने कहा कि स्वार्थ से ऊपर उठकर लोक कल्याण की भावना के साथ काम करना, आंतरिक आध्यात्मिकता की सामाजिक अभिव्यक्ति है। जनता की भलाई के लिए दान करना सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक मूल्यों में से एक है। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में भय, आतंक और युद्ध को बढ़ावा देने वाली ताकतें बहुत सक्रिय हैं। ऐसे माहौल में ब्रह्माकुमारी संस्था ने 100 से अधिक देशों में कई केंद्रों के माध्यम से मानवता के सशक्तीकरण के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराया है।

## भारतीय सेना को मिली हाइड्रोजन बस 250-300 किमी का है माइलेज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना को हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रौद्योगिकी वाली पहली बस मिली है। हाइड्रोजन से चलने वाली यह बस हाइड्रोजन ईंधन के 30 किलो के टैंक पर 250-300 किमी का प्रभावशाली माइलेज देती है। बस में कुल 37 यात्रियों के बैठने की क्षमता है। ऐसी कुल 15 बसें आ रही हैं। सेना इनमें से एक बस का परीक्षण करेगी। हाइड्रोजन ईंधन सेल तकनीक इलेक्ट्रो-रासायनिक प्रक्रिया के माध्यम से हाइड्रोजन गैस को बिजली में परिवर्तित करती है। यह एक स्वच्छ और कुशल ईंधन का विकल्प प्रदान करती है। यह प्रक्रिया जलवाष्प को एकमात्र बाई प्रोडक्ट के रूप में छोड़ती है, इस प्रकार यह शून्य उत्सर्जन सुनिश्चित करती है। गौरतलब है कि 21 मार्च 2023 को, भारतीय सेना ने उत्तरी सीमा पर ग्रीन हाइड्रोजन आधारित माइक्रोग्रिड पावर प्लांट की स्थापना के लिए नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के साथ समझौता किया था। सेना ऐसा करने वाली पहली सरकारी इकाई थी।



# टी२० विश्व कप २०२४ से पहले न्यूयॉर्क पहुंची भारतीय क्रिकेट टीम



भारतीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज

रिजर्व : शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान।

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

टी20 विश्व कप 2024 से पहले संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए रवाना हुए भारतीय खिलाड़ियों का पहला जत्था आगामी आईसीसी इवेंट में हिस्सा लेने के लिए न्यूयॉर्क पहुंच गया है। इससे पहले शनिवार को कप्तान रोहित शर्मा, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और नंबर एक टी20आई बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव सहित भारतीय क्रिकेटर संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए रवाना हुए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर आगामी टी20 विश्व कप के लिए खिलाड़ियों के अमेरिका पहुंचने की एक क्लिप साझा की। वीडियो में भारतीय क्रिकेटर न्यूयॉर्क के एयरपोर्ट से निकलते और टीम बस में चढ़ते हुए कैद हुए। बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा, 'न्यूयॉर्क पहुंचे! टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप के लिए पहुंच गई है।' भारत का टी20 वर्ल्डकप अभियान 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क में नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला 9 जून को होगा। इसके बाद वे टूर्नामेंट के सह-मेजबान यूएसए (12 जून) और कनाडा (15 जून) के साथ अपने ग्रुप ए मैच खेलेंगे। टूर्नामेंट में भारत का लक्ष्य आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करना होगा।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अर्जेंटीना को 5-4 से हराया

**एजेंसी। एंटवर्प**

हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक की बदौलत भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण के अपने चौथे मैच में अर्जेंटीना के खिलाफ 5-4 से जीत दर्ज की।

भारत के लिए, अरजीत सिंह हुंदल (7'), गुरजंत सिंह (18') और हरमनप्रीत सिंह (29', 50' और 52') ने, जबकि अर्जेंटीना के लिए, फेडेरिको मोंजा (3'), निकोलस कीनन (24'), तादेओ मारुची (54') और लुकास मार्टिनेज (57') ने गोल किये।

भारत ने मैच में अच्छी शुरूआत की, पहले क्वार्टर में अधिकांश समय गेंद अपने पास रखी और सटीक पास देकर अर्जेंटीना के स्ट्राइकिंग सर्कल में अपनी जगह बनाई। हालाँकि, मैच के तीसरे मिनट में फेडेरिको मोंजा ने गोल कर अर्जेंटीना को 1-0 की बढ़त दिला दी। जवाब में, भारत ने अरिजीत सिंह हुंदल (7') के शानदार फील्ड गोल से जल्द ही बराबरी कर ली। एक मिनट शेष रहते भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सका। पहला क्वार्टर 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। भारत ने दूसरे क्वार्टर की शानदार शुरूआत की। गुरजंत सिंह ने मैच के 18वें मिनट में बेहतरीन फील्ड गोल कर भारत को 2-1 से आगे कर दिया। मैच के 24वें मिनट में निकोलस कीनन ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। हालाँकि, भारत ने एक मिनट शेष रहते ही पेनल्टी कॉर्नर अर्जित कर लिया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (29') ने कोई गलती नहीं की और गोल कर भारत को 3-2 से आगे कर दिया। हाफ टाइम तक भारत अर्जेंटीना से 3-2 से आगे था। तीसरा क्वार्टर मनोरंजक था, जिसमें दोनों टीमों ने तेज-तर्रार हॉकी का प्रदर्शन करते हुए आक्रमण की गति तेज कर दी। भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसे गोल में नहीं बदल सका क्योंकि हरमनप्रीत के शॉट को अर्जेंटीना के गोलकीपर ने रोक दिया। दोनों टीमों की रक्षापंक्ति मजबूत होने के कारण तीसरा क्वार्टर गोलरहित रहा और 3-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ। चौथा क्वार्टर शानदार खेला गया और भारत टॉप गियर में आ गया। उन्होंने अर्जेंटीना को गलतियाँ करने के लिए प्रेरित किया, जिसके कारण टीम को 10 मिनट शेष रहते हुए पेनल्टी कॉर्नर मिला और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (50') ने इस मौके का फायदा उठाते हुए गोल कर भारत को 4-2 से आगे कर दिया। दो मिनट बाद, भारत को एक और पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे कप्तान हरमनप्रीत सिंह (52') ने फिर से गोल में बदलते हुए टीम को 5-2 से बढ़त दिला दी।




भारत ने मैच में अच्छी शुरुआत की, पहले क्वार्टर में अधिकांश समय गेंद अपने पास रखी और सटीक पास देकर अर्जेंटीना के स्ट्राइकिंग सर्कल में अपनी जगह बनाई।

## देवरक उरांव मेमोरियल वुडबॉल प्रतियोगिता संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के जयपाल सिंह स्टेडियम में रांची जिला वुडबॉल संघ की ओर से सोमवार को एकदिवसीय स्व देवराज उरांव मेमोरियल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस इंडीविजुवल टूर्नामेंट में 30 वुडबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पिठौरिया बाडू की संचालिका बीके (ब्रह्माकुमारी) राजमती बहन एवं झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के अध्यक्ष राज कुमार पोद्दार उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के सचिव गोविंद झा, दीपक वर्मा, अंश वर्मा आदि कई लोग उपस्थित थे। सभी ने संयुक्त रूप से विजेता एवं उप विजेता बालक व बालिका खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर बीके ज्योति, बीके प्रकाश समेत कई गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यह जानकारी अमन ने दी।

**प्रतियोगिता के परिणाम**

**बालक वर्ग**

प्रथम - बंटी टोप्पो
द्वितीय - राजू गोप
तृतीय -शुभम कुमार शर्मा

**बालिका वर्ग**

प्रथम - नेहा कुमारी
द्वितीय - प्रभा मांझी
तृतीय - नीरा कुमारी

## न्यूज बॉक्स

### टी20 विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया के अभ्यास मैचों में नहीं खेलेंगे कमिंस, स्टार्क और हेड

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप 2024 टीम के मुख्य सदस्य पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और ट्रैविस हेड अपनी राष्ट्रीय टीम के वार्म-अप मैचों में हिस्सा नहीं लेंगे, क्योंकि वे मेगा इवेंट से पहले एक छोटा ब्रेक लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया वापस जाएंगे।रविवार के आईपीएल फाइनल में भाग लेने के बाद, कमिंस, हेड और स्टार्क विश्व कप टीम में फिर से शामिल होने से पहले ऑस्ट्रेलिया वापस जाएंगे। घर पर समय बिताने वालों में ग्लेन मैक्सवेल और कैमरून ग्रीन भी शामिल हैं, जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के प्लेऑफ दौर का हिस्सा थे। इन पांचों के 5 जून को ओमान के खिलाफ टीम के शुरूआती ग्रुप मैच में जुड़ने की उम्मीद है, जो बारबाडोस में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के हवाले से कहा, लचीला होना महत्वपूर्ण है। लोग आईपीएल में रहे हैं। वे बहुत अधिक क्रिकेट खेल रहे हैं इसलिए हमने उन्हें घर पर कुछ दिन बिताने, उनके परिवार को देखने, तरोताजा होने और इस टूनामेंट के लिए लंबा खेल खेलने को प्राथमिकता दी है। यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि हम उन्हें छुट्टी दें, भले ही वह घर पर कुछ दिनों के लिए ही क्यों न हो।

### ग्राउंड्समैन, क्यूरेटर प्रत्येक को दिए जाएंगे 25 लाख रुपये : जय शाह



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने सोमवार को घोषणा की है कि 10 नियमित आईपीएल स्थानों पर ग्राउंड्समैन और क्यूरेटर प्रत्येक को 25 लाख और तीन अतिरिक्त स्थानों के ग्राउंड स्टाफ को 10 लाख रुपये मिलेंगे। आईपीएल का 17वां संस्करण रविवार को संपन्न हुआ जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को आठ विकेट से हराकर टूनामेंट में अपना तीसरा खिताब जीता। शाह ने एक्स पर लिखा, ॾहमारे सफल टी20 सीजन के गुमनाम नायक अविश्वसनीय ग्राउंड स्टाफ हैं जिन्होंने कठिन मौसम की स्थिति में भी शानदार पिचें प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किया। हमारी सराहना के प्रतीक के रूप में, 10 नियमित आईपीएल स्थानों पर ग्राउंड्समैन और क्यूरेटर को प्रत्येक को 25 लाख रुपये मिलेंगे, और 3 अतिरिक्त स्थानों पर प्रत्येक को 10 लाख रुपये मिलेंगे। आपके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद!।''इस साल का आईपीएल दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स द्वारा अपने शेड्यूल में एक अतिरिक्त घरेलू स्थल जोड़ने के बाद देश भर के 13 स्थानों पर खेला गया। दिल्ली ने अपने कुछ मैच नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के अलावा विशाखापत्तनम में खेले, पंजाब ने मुल्लांपुर के अलावा धर्मशाला में खेले जबकि राजस्थान ने जयपुर के बाद गुवाहाटी को अपना दूसरा घरेलू मैदान चुना।

### आईसीसी टी-20 विश्व कप से बाहर हुए वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज को अपने टी20 विश्व कप अभियान से पहले उस समय करारा झटका लगा जब ऑलराउंडर जेसन होल्डर चोट के कारण टूनामेंट से बाहर हो गए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा सीरीज खेल रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ओबेद मैककॉय को होल्डर के प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया है। होल्डर को काउंटी चैम्पियनशिप में वॉर्सेस्टरशायर के लिए खेलते समय चोट लगी थी। हालाँकि, क्रिकेट वेस्टइंडीज की विज्ञप्ति में चोट की प्रकृति या उनके ठीक होने की समयसीमा के बारे में नहीं बताया गया है। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा, जेसन हमारे सेट-अप में एक अनुभवी खिलाड़ी हैं। उनकी अनुपस्थिति निस्संदेह मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह महसूस की जाएगी। हम उम्मीद करते हैं कि जेसन जल्द ही पूरी तरह से फिट होकर हमारे पास आएंगे। उन्होंने आगे कहा, ॾहालांकि जेसन जैसी क्षमता वाले खिलाड़ी को खोना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन हमें ओबेद मैककॉय की क्षमताओं पर भरोसा है। ओबेद ने अपने प्रदर्शन में उल्लेखनीय कौशल और वादा दिखाया है, और यह अवसर उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने की अनुमति देगा।

## एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय जिमनास्ट बनीं दीपा

**नई दिल्ली।** दीपा करमाकर ने रविवार को ताशकंद में चल रहे एशियाई महिला कलात्मक जिमनास्टिक चैंपियनशिप के वॉल्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके साथ ही वह एशियाई महिला कलात्मक जिमनास्टिक चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय जिमनास्ट बन गईं। 30 वर्षीय दीपा, जो क्वालिफिकेशन में 12.650 के साथ आठवें स्थान पर थीं, ने फाइनल में अपने दो प्रयासों में कुल मिलाकर 13.566 का स्कोर बनाया। उनके बाद दो उत्तर कोरियाई, किम सोन ह्यांग (13.466, 0.100 की पेनल्टी के बाद) और जो क्योंग ब्योल (12.966) थीं। 2015 में हिरोशिमा में कांस्य (14.725) के बाद यह दीपा का चैंपियनशिप में दूसरा पदक था। आशीष कुमार (फ्लोर एक्सरसाइज, कांस्य, सूरत, 2006) और प्रणति नायक (वॉल्ट, उलानबटार, 2019 और दोहा, 2022 में कांस्य पदक) अन्य भारतीय हैं, जिन्होंने एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीते हैं।



## उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए भारतीय महिला फुटबॉल टीम घोषित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय भारतीय सीनियर महिला टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम वर्तमान में हैदराबाद में डेरा डाले हुए है, जहां वे ताशकंद में दो आगामी मैचों की तैयारी कर रही है, जो 31 मई और 4 जून को खेले जाएंगे।

30 संभावितों के साथ भारतीय टीम ने श्रीनिदी डेक्कन एफसी के घरेलू मैदान, डेक्कन एरेना में दो सप्ताह तक प्रशिक्षण लिया, इसके बाद मुख्य कोच लंगम चाओबा देवी ने 23 की अंतिम टीम घोषित की, जो बुधवार 29 मई को ताशकंद रवाना होगी। इस साल की शुरूआत में, भारतीय टीम चार देशों के टूर्नामेंट तुर्की महिला कप में कोसोवो से हारकर उपविजेता रही थी, टूर्नामेंट में दो अन्य देश एस्टोनिया और हांगकांग थे।

**टीम इस प्रकार है**

**गोलकीपर : श्रेया हुडा, मैबाम लिनथोइनगांबी देवी, मोइरांगथेम मोनालिसा देवी।**

**डिफेंडर : लोइटोंगबम आशालता देवी, संजू, हेमम शिल्की देवी, जूली किशन, अस्तम ओरांव, अरुणा बैग, सोरोखैबम रंजना चानू, वांगखेम लिन्थोइंगंबी देवी।**

**मिडफील्डर : कार्तिका अंगमुथु, कविया, नाओरेम प्रियंगका देवी, नेहा, संध्या रंगनाथन, संगीता बासफोर, सौम्या गुगुलोथ, अंजू तमांग।**

**फॉरवर्ड : काजोल डिसूजा, करिश्मा शिरवोइकर, प्यारी जाक्सा, सेर्टो लिंडा कॉम।**

## भारत के हेड कोच बन सकते हैं गंभीर!



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल में कोलकाता को चैंपियन बनाने वाले गौतम गंभीर खिताबी जीत के बाद बेहद भावुक नजर आए। इस दौरान बॉलीवुड किंग शाहरुख खान ने गंभीर के माथे को खुशी से चूम लिया। कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार रात आईपीएल 2024 के खिताबी मुकाबले में एकतरफा अंदाज में सनराइजर्स हैदराबाद को हराते हुए तीसरी बार आईपीएल ट्रॉफी अपने नाम की। इस जीत में पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर की मेंटरशिप का अहम योगदान रहा। अपनी कप्तानी में पहले ही कोलकाता के लिए दो ट्रॉफी जीत चुके गौतम गंभीर ने एक बार फिर बतौर मेंटर अपनी टीम को एक दशक बाद ट्रॉफी दिलाई। इस जीत के बाद गौतम गंभीर टीम इंडिया के हेड कोच बनेंगे, ऐसी खबरें और तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि गंभीर इस दौर में सबसे आगे हैं। हालांकि, सवाल यह उठता है कि क्या इस सीजन में मेंटर के तौर पर कोलकाता में वापसी करने वाले गंभीर भारतीय टीम के मुख्य कोच बनने के लिए फ्रेंचाइजी छोड़ देंगे?

कोलकाता को तीन बार आईपीएल ट्रॉफी जीताने और लखनऊ को दो बार प्लेऑफ में पहुंचाने के ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, गंभीर की नेतृत्व क्षमता ने क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

2012 और 2014 में कोलकाता को दो आईपीएल खिताब दिलाने वाले गंभीर ने बड़े मौकों पर टीम को जीत दिलाने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### जिप इलेक्ट्रिक ने जुटाया 15 मिलियन का फंड

**नई दिल्ली।** ईवी टेक कंपनी जिप इलेक्ट्रिक ने सोमवार को कहा कि कंपनी ने 15 मिलियन डॉलर का निवेश जुटाया है। इसकी मदद से कंपनी अपनी फ्लीट को 21,000 से बढ़ाकर 2,00,000 करेगी। इसके साथ ही कंपनी अपने ऑपरेशन का विस्तार 2026 तक 15 शहरों में करेगी। कंपनी की ओर से ये फंडिंग बड़े जापानी निवेश एनियोस और कंपनी के मौजूदा निवेशक 9 यूनिकॉर्न्स, आईएएन फंड, वेंचर कैटालिस्ट और डब्ल्यूएफसी एवं अन्य से जुटाया गया है। जिप इलेक्ट्रिक के सीईओ और सह-संस्थापक, आकाश गुप्ता ने अपने बयान में कहा कि हमारा उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को कम करना है। इसके साथ हम अपने डिलीवरी पार्टनर की लाइफ को आसान बना रहे हैं और ग्राहक भी हमारे साथ मजबूती से बने हुए हैं। इस फंड के जरिए हम कंपनी की ग्रोथ पर फोकस करेंगे और ईबीआईटीडीए को मुनाफे में लाने की कोशिश करेंगे। कंपनी की ओर से बताया गया कि 15 मिलियन डॉलर की इक्विटी फंडिंग जिप द्वारा सीरीज सी1 फंडिंग राउंड में जुटाई गई 50 मिलियन डॉलर की राशि का हिस्सा है। इस राउंड में 40 मिलियन डॉलर का धन इक्विटी के रूप में और 10 मिलियन डॉलर का धन डेट के रूप में जुटाया गया है।एनियोस की ओर से कहा गया कि जिप प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ ईवी मोटरसाइकिल डिलीवरी बाजार में एक अग्रणी कंपनी है और इस कारण फंड ने कंपनी में निवेश किया है। कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक, जिप एक टेक इनेबल्ड ईवी-एस-ए-सर्विस प्लेटफॉर्म है।

### मस्क की कंपनी एक्सएआई ने जुटाया 6 अरब डॉलर का फंड

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी एक्सएआई की ओर से सोमवार को कहा गया कि उसने भविष्य की टेक्नोलॉजी के विकास और रिसर्च के लिए 6 अरब डॉलर की पूंजी जुटाई है। मस्क की एआई कंपनी की ओर से ये जानकारी सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर दी गई। कंपनी के पोस्ट के जवाब में एलन मस्क ने लिखा कि आने वाले समय में हम कई और घोषणाएं करने वाले हैं। मस्क ने कंपनी के फंडिंग जुटाने को लेकर एक अन्य पोस्ट के जवाब में कहा कि इसका प्री-मनी वैल्यूएशन 18 अरब डॉलर था। कंपनी ने बताया कि 'सीरीज बी' में जुटाई गई इस फंडिंग का इस्तेमाल एक्सएआई के पहले उत्पादों को बाजार में उतारने और एडवांस इन्फ्रास्ट्रक्चर को बनाने में उपयोग किया जाएगा। कंपनी ने अपनी ब्लॉग पोस्ट में कहा कि एक्सएआई का पूरा ध्यान एक एडवांस एआई सिस्टम बनाने को लेकर है। सही, सक्षम और मानवता को अधिक से अधिक फायदा पहुंचाने वाला होगा। कंपनी का मिशन यूनिवर्स के सही अर्थ को जानना है। एक्स एआई की ओर से एआई चैटबॉट 'ग्रॉक' को पेश किया गया है। इसमें वेलोर इक्विटी पार्टनर्स, वीवाई कैपिटल, आंद्रेसेन होरोविट्ज, सिकोइया कैपिटल, फिडेलिटी मैनेजमेंट, रिसर्च कंपनी, प्रिंस अलवलीद बिन तलाल और किंगडम होल्डिंग आदि ने निवेश किया हुआ है। इसके अलावा एक्सएआई ने कहा कि वह आने वाले समय में नए टेक्नोलॉजी अपडेट्स और उत्पाद पेश करेंगे।

# मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में बजट को नया रूप दिया : सीतारमण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने विगत 10 वर्षों में केंद्रीय बजट को खर्चों के रिकॉर्ड से बदलकर समान विकास के लिए एक रणनीतिक खाके में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि हम अपने करदाताओं से एकत्र किए गए प्रत्येक रुपये का विवेकपूर्ण और कुशल उपयोग करते हैं, उन्हें सार्वजनिक वित्त की पारदर्शी तस्वीर देते हैं।

सीतारमण ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि कांग्रेस की अगुवाई वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की ऑफ-बजट उधारी और ऑयल बॉन्ड जारी करने और घाटे को छिपाने की दोहराई जाने वाली प्रथा के बिल्कुल विपरीत है, जिसने कुछ हद तक राजकोषीय बोझ को भविष्य की पीढ़ियों पर स्थानांतरित कर दिया। संप्रग के तहत बजट आंकड़ों को अनुकूल दिखाने के लिए मानक राजकोषीय प्रथाओं को नियमित रूप से बदला गया।

सीतारमण ने कहा कि हमारी सरकार ने केंद्रीय बजट को केवल खर्चों के रिकॉर्ड से बदलकर समान विकास के रणनीतिक खाके में बदल दिया है। हम अपने करदाताओं से एकत्र किए गए प्रत्येक रुपये का विवेकपूर्ण और सही इस्तेमाल करते हैं...सार्वजनिक वित्त की पारदर्शी तस्वीर पेश करते हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि केंद्र सरकार राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के जरिए 108 केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) का संचालन करती है, जिसका बजट वित्त वर्ष 2024-25 के लिए करीब 5.01 लाख करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए यह 4.76 लाख करोड़ रुपये थे।

वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करने, पारदर्शिता बढ़ाने और विकसित भारत की मजबूत नींव रखने के लिए चल रहे सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही हम करदाताओं की मेहनत की कमाई के मूल्य और प्रभाव को अधिकतम करना जारी रखेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि इसका सभी के लाभ के लिए सर्वोत्तम संभव उपयोग किया जाए।



कांग्रेस की अगुवाई वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की ऑफ-बजट उधारी और ऑयल बॉन्ड जारी करने और घाटे को छिपाने की दोहराई जाने वाली प्रथा के बिल्कुल विपरीत है,


## फोनपे के पिनकोड ने ग्राहकों तक पहुंच बढ़ाने के लिए सिंपली नामधारी के साथ की साझेदारी

**एजेंसी। बेंगलुरु**

फोनपे के घरेलू स्टोर-फर्स्ट कॉमर्स ऐप पिनकोड ने सोमवार को घोषणा की कि उसने एक नया समझौता किया है। कंपनी ने कहा कि ऑनलाइन ग्राहकों तक पहुंच बनाने के लिए भारत के एकमात्र 100 प्रतिशत शाकाहारी ओमनी-चैनल रिटेलर सिंपली नामधारी के साथ हाथ मिलाया है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसके जरिए बेंगलुरु निवासियों को पिनकोड ऐप पर किराने का सामान, ताजे फल और सब्जियां और अन्य प्रमुख एफएमसीजी उत्पाद आसानी से प्राप्त हो सकेंगे।

पिनकोड के सीईओ विवेक लोहचेब ने कहा, ॾनामधारी भारत में ताजे फलों और सब्जियों के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक के रूप में जाना जाता है, और अब उनके उत्पाद पिनकोड पर भी उपलब्ध हैं। पिनकोड ई-कॉमर्स बूम के साथ-साथ स्थानीय व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहा है।




लोहचेब ने कहा, हमारे साथ साझेदारी करके, व्यापारी अपनी दुकानों को बिना किसी बाधा के डिजिटल कर सकते हैं, क्योंकि हम उन्हें ऑनलाइन मांग बढ़ाने के लिए हमारे व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाते हुए ऑनलाइन होने को सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करते हैं। उनके अनुसार, पिनकोड के दो मिलियन से अधिक रजिस्टर्ड यूजर्स हैं, अब तक 1.5 मिलियन से अधिक ऑर्डर निपटाए जा चुके हैं।

## रियलमी के 'टॉप परफॉर्मर' जीटी 6टी की बढ़ रही डिमांड, आज अर्ली एक्सेस अमेजन सेल

**नई दिल्ली।** रियलमी जीटी सीरीज नए रियलमी जीटी 6टी के साथ चर्चाओं में बना हुआ है। पावरफुल चिपसेट, सुपर-फास्ट चार्जिंग और अपने सेगमेंट में सबसे बड़े वीसी कूलिंग सिस्टम के फीचर्स के साथ, रियलमी ने इसे ॾटॉप परफॉर्मिंग ट्रियोॾ करार दिया है। रियलमी ने 22 मई को ऑफिशियल डिवाइस को लॉन्च किया, जिससे अपकमिंग पहली सेल के लिए फैंस काफी एक्साइटेड है।

रियलमी ने पिछले शनिवार को अहमदाबाद में अपने फ्लैगशिप स्टोर पर एक स्पेशल पॉप-अप इवेंट को होस्ट किया, जिसमें डिवाइस के ऑफिशियल लॉन्च से पहले एक्सक्लूसिव फर्स्ट लुक से पर्दा हटाया गया।



600 से ज्यादा फैंस चिलचिलाती गर्मी के बावजूद स्टोर में आए, जिससे यह साबित हुआ कि जीटी 6टी का क्रेज कितना है। रियलमी ने पहले आने वाले 150 लोगों को मिस्ट्री बॉक्स दिए, जबकि पहले 10 लकी कस्टमर्स को और भी बड़े अवॉर्ड जीतने का मौका देने के लिए खास 'रियलमियाओ' लेगो बॉक्स और स्क्रैच कार्ड मिले।

पॉप-अप इवेंट को जबरदस्त सफलता मिली, इसमें जीटी 6टी डिवाइस का पूरा स्टॉक पूरी तरह से बिक गया। यह जबरदस्त रिस्पॉन्स साफ तौर से रियलमी की लेटेस्ट ऑफर्स को लेकर लोगों के क्रेज को दिखाता है।

एक्साइटमेंट को जारी रखने के लिए, रियलमी ने 28 मई से अमेजन पर जीटी 6टी के लिए अर्ली एक्सेस सेल की घोषणा की है। सेल दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक सीमित समय के लिए चलेगी, जिससे लोगों को बढ़ती डिमांड वाले डिवाइस को खरीदने का एक और मौका मिलेगा।

अहमदाबाद में पॉप-अप इवेंट को मिला जबरदस्त रिस्पांस स्मार्टफोन मार्केट में क्रांति लाने की रियलमी जीटी 6टी की क्षमता का बयां करता है। जैसा कि हम अर्ली एक्सेस सेल के लिए तैयार हैं, यह कहना सही होगा कि 'टॉप परफॉर्मर' रियलमी जीटी 6टी ने लोगों में एक्साइटमेंट को बढ़ाया है।

## एक नजर

### पागल कुत्ते ने एक दर्जन लोगों को काटकर किया जख्मी

**हुसैनाबाद।** शहरी क्षेत्रों में बाजार करने आये एक दर्जन से अधिक लोगों को पागल कुत्ते ने काटकर जख्मी कर दिया। इसमें मेहंदी नगर के उत्तम देवी, बच्चियां देवी, मो. शबीर आलम, बनकट गांव की अनिता देवी, उर्दवार गांव के दिनेश कुमार,नरेश राम, दुर्गा कुमारी, कोशी गांव निवासी रवि कुमार, हरिनारायण चौधरी कुर्मी टोला सहित कई लोगों को कुत्ते ने काटा है। सभी को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज कर एंटीरैबिज इंजेक्शन दिया गया। बताया जाता हैं कि जिस रास्ते से कुत्ता जा रहा था, सभी को काटकर जख्मी करते गया। इसके आंतक से सभी राहगीरों में भय व्याप्त है।

### उमेश पासवान की पितृ शोक

**छतरपुर।** शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष छतरपुर के बारा निवासी उमेश पासवान (भोला) के पिता बिरजा पासवान 80 वर्ष का लम्बे बीमारी के बाद नारायणा हॉस्पिटल मेदीनीनगर में अंतिम सांस ली। अंतिम संस्कार में समाज सेवी अरबिंद कुमार चुनमुन, जेएमएम केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा, समाज सेवी सुरेश प्रसाद समेत कई शिक्षक लोग शामिल हुए।

### बाइक से गिरकर महिला गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** जपला महुडंड मुख्य सड़क के घासीदाग गांव के समीप बसोमवार को बाइक से गिर कर 55 वर्षीय सोना देवी नामक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। उक्त महिला महुडंड गांव निवासी अंतु परहिया की पत्नी हैं। राहगीरों ने घायल अवस्था में उक्त महिला को बेहोसी की हालत में इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्रारंभिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता हैं कि महिला बाइक से जपला आ रही थी,इसी क्रम में बाइक पर पीछे बैठी महिला गिरकर बेहोश हो गई।

### 234 बेटिकट यात्री धराये

**मेदिनीनगर।** धनबाद रेल मंडल के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर डालटनगंज रेलवे स्टेशन से नगर उटारी के बीच लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में टिकट चेकिंग चलाया गया। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान में 234 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व एक लाख 90 हजार 585 रुपये बतौर जुमार्ना वसूला गया। विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई बी गांगुली, कुमार अजय, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, एबी तिर्की, शशिकांत, बैकुंठ यादव, पीके नाथ आदि शामिल थे।

# वाहन की धक्के से युवक की मौत, एनएच 98 जाम

### ग्रामीण उग्र हो गए और एनएच 98 को शव के साथ जाम कर दिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम कर रहे चालक की वाहन की चपेट में आने से मौत हो गयी। घटना हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सुल्तानी गांव के समीप एनएच 98 पर हुयी। चालक की पहचान सुल्तानी गांव निवासी अनिल साव (35 वर्ष) पिता वासुदेव साव के रूप में हुयी है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार रविवार की रात करीब 9 बजे अनिल साव बाइक से कंपनी कार्यालय से निकलकर सड़क की ओर निकला था। इसी क्रम में एनएच 98 पर अज्ञात वाहन ने अनिल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। अनिल निर्माण कंपनी में ट्रैक्टर ड्राइवर का काम करता था। घटना की सूचना मिलने पर परिजन व स्थानीय ग्रामीण उग्र हो गए और एनएच 98 को कंपनी कार्यालय के सामने शव के साथ जाम कर दिया है। मुआवजा और धक्का मारने वाले वाहन का पहचान करने और चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

सूचना मिलने पर हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार, पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार तथा पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले को शांत कराने की मशक्कत करते रहे। साथ ही ग्रामीणों को समझा बुझाकर तथा नियम संगत मुआवजा दिलवाने के आश्वासन के बाद घटना के लगभग दो घंटे बाद सड़क जाम खुलवाया गया। इसके बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया।



### वाहन के धक्के से वृद्धा की हुई मौत



**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के ढाब कला गांव में सोमवार कि अगले सुबह एनएच 98 फोरलेन सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन के धक्के से 70 वर्षीय रमणी कुंवर की मौत हो गयी। वह स्व. राजदेव भुइयां की पत्नी थी। ग्रामीणों के अनुसार रमणी कुंवर अपने घर से निकलकर सड़क पार कर खेत की ओर जा रही थी। इस दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर हरिहरगंज पुलिस घटनास्थल पर जाकर शव को कब्ज में लिया। साथ ही पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन का पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# छिपादोहर के युवक का महुआखला-पचघारा जंगल से मिला नरकंकाल, 17 दिनों से था लापता

### कपड़ा, चप्पल और हाथ में बंधे धागा से परिजनों ने किया पहचान, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के नावाडीह ओपी अंतर्गत महुआखाला-पचघारा के जंगल से एक युवक का नरकंकाल बरामद हुआ है। कंकाल की पहचान छिपादोहर गांव निवासी चंद्रशेखर मिश्रा उर्फ डब्लू मिश्रा के पुत्र राकेश मिश्रा उर्फ मोनू मिश्रा के रूप में हुई है। कपड़ा, चप्पल, मोबाइल और हाथ में बंधे धागे को देखकर कंकाल की पहचान मोनू के परिजनों ने खुद की है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई है। यहां बताते चलें कि मोनू पिछले 17 दिनों से लापता था। इस संबध में परिजनो ने थाना में गुमशुदगी का मामला भी दर्ज कराया था। परिजनो के अनुसार मोनू पिछले दस मई से लापता था। काफी खोजबीन के बाद जब उसका कहीं पता नहीं चला तो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। लेकिन पुलिस ने उदासीनता बरती। जिससे ग्रामीणों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार मोनू मिश्रा पिछले दस मई की शाम को घर से निकाला था। जिसके बाद वह वापस नहीं आया। हर संभावित जगह तलाश करने के बाद मोनू के पिता डब्लू मिश्रा ने थाना में चार युवकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। नामजद सभी आरोपी युवक भी विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं। परिजनो का आरोप है कि पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई ही नहीं की।



### ग्रामीणों से सूचना मिलने पर परिजनो ने ढूंढा शव

महुआखाला - पचघारा के जंगल में एक कंकाल दिखाई देने की चर्चा स्थानीय लोग दबी जुबान से रविवार को ही कर रहे थे। जानकारी मिलते ही सोमवार को परिजन ग्रामीणों के साथ उक्त जंगल में शव की तलाश शुरू की। जंगल में काफी अंदर जाने के बाद एक जगह झाड़ियों के बीच काफी बदबू आ रहा था। नजदीक जाने पर एक नरकंकाल दिखाई पड़ा।

# सीआईएसएफ जवान के घर से जेवरात व नगद की चोरी

- सीआईएसएफ के जवान विजय उड़ीसा के कटक में कार्यरत हैं
- घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के हरभोंगा गांव में सीआईएसएफ के जवान विजय यादव के घर में चोरी हो गयी। चोर पांच हजार रुपए नगद एवं लगभग एक लाख रुपए के जेवरात ले उड़े। घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था। जवान बच्चे के साथ रिश्तेदारी में भवनाथपुर गए थे। पत्नी दरभंगा गांव पर गयी थी। 27 मई की सुबह पड़ोसी रामवधार साव से घर में चोरी होने की सूचना मिली। बता दें कि सीआईएसएफ जवान विजय उड़ीसा के कटक में कार्यरत हैं। पड़ोसी के अनुसार जवान के घर के दरवाजे के ताले टूटे हुए थे। जवान द्वारा पड़ोसी से उनसे अनुरोध करने पर वे घर के अंदर घुसकर देखे तो सभी रुम के दरवाजा के ताले टुटा हुए पाए गए एवं सामान बिखरे हुए थे। बाद में मामले की जानकारी पत्नी को दी गई। सूचना पाते ही पत्नी दरभंगा से पहुंचकर देखी तो गोदरेज में रखा हुआ पांच हजार रुपए नगद, सोने के झुमका, लॉकेट, अंगूठी एवं चांदी के पायल गायब थे जिसकी कीमत लगभग एक लाख रुपए रही होगी। मामले की जानकारी जवान की पत्नी ने चैनपुर थाना में दी। सूचना पर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा एवं अन्य मौके पर पहुंचे एवं स्थिति का ज्यादा लेते हुए छानबीन शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के क्रम में पाया की दरवाजा का ताला टूटा हुआ एवं सामान बिखरे हुए हैं। अब तक आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन आने के बाद मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राशन मांगने पर मारपीट करने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के पंसा पंचायत अंर्तगत राणाडीह पचपोखरी गांव निवासी चंद्रदीप राम की पत्नी रीता देवी ने डीलर के प्रतिष्ठान पर जाने के बाद राशन मांगने पर हरिजन जाति सूचक शब्दों का गलत प्रयोग कर उन्हें व उनके परिजनों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाई है। उन्होंने हैदरनगर थाना में दिये गये आवेदन में बताया है कि गांव के डीलर सुधा देवी के प्रतिष्ठान पर मई माह का राशन मांगने गई तो डीलर के पति विरेन्द्र सिंह व पुत्र राजू सिंह ने उनकी जाति का नाम लेकर ताबड़तोड़ गाली गलौज करते हुए कहा कि इस माह का राशन नहीं मिलेगा। जिसका प्रतिरोध करते हुए रीता ने बोली कि गांव के अन्य कई लोगों को राशन मिल गया तो उन्हें क्यों नहीं मिलेगा। इतना कहने पर डीलर के पति विरेन्द्र सिंह, पुत्र राजू सिंह व पोता छोटू सिंह उन्हें मारने की नियत से हमला बोल दिया। इस दौरान वह अपने घर में जा घुसी। इसके बावजूद छोटू सिंह उनके घर स्टील के रॉड लेकर प्रवेश कर वार कर दिया। जिससे उनके सिर फट गये हैं। उन्हें बचाने आये पुत्र के बाद डीलर के पति व पुत्र ने उनकी बच्ची व पुत्र को पटककर लात - घुसों से पिटाई कर दी। महिला ने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि इस घटना से उनके परिवार को जान का खतरा है। उन्होंने पुलिस से अविलंब न्याय की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि पचपोखरी निवासी रीता देवी के आवेदन पर दर्ज प्राथमिकी पर अनुसंधान की जा रही है। उन्होंने कहा कि जाति सूचक शब्द के साथ दुर्व्यवहार करने व मारपीट किये जाने के आरोप लगाई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में दूसरे पक्ष के लोगों ने भी मारपीट किये जाने संबंधित आवेदन दिया है।

# पाटन के कई जगहों पर जलापूर्ति योजना अभी तक अधूरी

- योजना में पारित अध्यक्ष को भी पता नहीं है एस्टीमेट की जानकारी
- बिना काम कराये निकाल ली गईं पूरी राशि

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** ग्राम कुंदरी हरिजन टोला में भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति उन्नत ग्राम योजना अंतर्गत झारखंड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विभाग की ओर से सोलर युक्त नल जल योजना का निर्माण कार्य वर्षों से अधूरा पड़ा है। इस दिन योजना से एनजीओ ने करीब 11लाख रुपए के निकासी कर ली, लेकिन अभी तक योजना पूरी नहीं हुई। लोग इस भीषण गर्मी में पानी के लिए लोग इधर-उधर भटक रहे हैं। योजना को अधूरी छोड़ एनजीओ फरार है। इस मामले में योजना का अध्यक्ष अलेखा देवी ने बताया कि इस गांव में दो जगह पर टंकी के निर्माण कर दो बोरिंग करके पाइपलाइन द्वारा घर-घर पानी देना था। साथ में सोलर युक्त लाइट भी लगवानी थी। लेकिन अभी तक एनजीओ द्वारा सिर्फ पानी टंकी बोरिंग वह कुछ सोलर लाइट ही लगाई गई है। योजना का क्रिया वन कमेटी के माध्यम से किया जाना था। लेकिन योजना का एस्टीमेट कमेटी के किसी मेंबर को नहीं बताया गया। इतना ही नहीं एनजीओ द्वारा अध्यक्ष और सचिव से चेक पर साइन करवा कर पैसे की निकासी भी कर ली गई। वहीं योजना को अधूरा छोड़ दिया गया। अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि टोले में पानी की इतनी परेशानी है कि लोग 600 मीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। जिससे काफी परेशानी हो रही है। एनजीओ की लापरवाही से नल जल योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा विभाग इस पर मौन है।



## न्यूज बॉक्स

### सड़क पर लग रहा मछली बाजार, यातायात होती है प्रभावित, दुर्गन्ध से लोग परेशान



**मोहम्मदगंज।** स्टेशन रोड स्थित सिंचाई नहर चौक के पास सड़क पर मछली बाजार लगने से जहां जाम की समस्या दिन पर दिन बढ़ रही है। वहीं इसके गंदगी से फैली दुर्गन्ध से लोग परेशान हैं। वहीं शाम होते ही फेंके गए मछली के अवशिष्ट सड़को के इर्द-गिर्द आवारा कुत्तों का जमावड़ा हो जाता है। मछली बाजार लगने से दिन भर सड़को पर जाम की स्थित बनी रहती है। चूंकि मछली विक्रेता में ज्यादा महिलाओं की संख्या होती है। जिस कारण कोई इनसे उलझना नहीं चाहता। विक्रेता खुद सड़क पर मछली बेचते हैं। वहीं खरीरदार भी सड़क के बीच में ही अपने वाहन को लगा देते हैं। जिससे और जाम की स्थित बन जाती है। लोगों का कहना है कि इस संबंध में कई बार स्थानीय अधिकारी को अवगत कराया लेकिन इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। जबकि बीते माह स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में लोगों द्वारा मौजूद बीडीओ, अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी को इस संबंध में अवगत कराया था। आश्वासन के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद पुनः स्थानीय ग्रामीणों ने बीते 5 दिन पहले मोहम्मदगंज पुलिस को इस संबंध ने शिकायत किया। जिसके बाद एसआई सुबीर किस्को मौके पर पहुंचकर मछली विक्रेता को उक्त स्थल से हटाकर सिंचाई नहर रोड में दुकान लगाने का निर्देश दिया। परंतु प्रशासन की सख्ती के वावजूद स्थिति जस की तस बनी है। लोगों का आरोप है कि अधिकारियों की उदासीनता के चलते समस्या से रोजाना रूबरू होना पड़ रहा है। स्थानीय लोगो ने पुनः स्थानीय अधिकारी से अन्यत्र स्थानों पर मछली बाजार व्यवस्थित करने की मांग करने की बात कही है।

### चापाकल पर पानी भर रही नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** चापाकल पर पानी भर रही नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित को पुलिस ने घटना के 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र में 25 मई को 14 साल की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म की घटना हुई थी। मामला दर्ज होने पर आरोपित देवनाथ सिंह उर्फ देवनाथ कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। बताया जाता है कि 25 मई को नाबालिग लड़की चापाकल पर पानी भर रही थी। इसी क्रम में देवनाथ सिंह मौके पर पहुंचा और नाबालिग का अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद आरोपी नाबालिग को गांव के नदी किनारे ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने परिजनों को पूरे मामले की जानकारी दी, जिसके बाद परिजनों ने मनातू थाना को पूरे मामले की जानकारी दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया था और अपने एक करीबी रिश्तेदार के घर पर छिपा हुआ था, जिसका पता चलते ही पुलिस ने छापेमारी कर देवनाथ सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## पेज एक के शेष

### पाहन की अग्रिम जमानत ...

चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने समन जारी किया है। इसके बाद उस पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए राजकुमार पाहन ने एक मई को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। यह मामला बड़गाई अंचल के अधीन 8.86 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़े से जुड़ा है। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। मामले में 30 मार्च को ईडी ने हेमंत सोरेन सहित पांच के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। चार्जशीट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बड़गाई अंचल के निलंबित उप राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन, आर्किटेक्ट बिनोद सिंह और हिलिरियस कच्छप के नाम शामिल हैं। चार्जशीट दाखिल होने के कुछ दिन बाद ही मामले के एक आरोपित हिलेरियस कच्छप की मौत हो गई थी।

### आईएएस मनीष रंजन से ...

आमने-सामने बैठाकर ईडी पूछताछ करेगी। बताया जा रहा है कि मंत्री आलमगीर आलम उनके ओएसडी संजीव लाल और जहांगीर से हुई अब तक की पूछताछ में मनीष रंजन की संलिप्तता सामने आयी है। इसी मामले को लेकर ईडी की ओर से मनीष रंजन को फिर से दूसरा समन किया गया है। मनीष रंजन वर्तमान में भू राजस्व विभाग के सचिव हैं। इससे पहले वह ग्रामीण विकास विभाग के सेक्रेटरी के पद पर पदस्थापित रह चुके हैं। इससे पूर्व मनीष रंजन को ईडी ने 22 मई को समन कर 24 मई को पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया था। लेकिन मनीष रंजन ने पत्र भेजकर समय की मांग की थी।

### कानून व्यवस्था की ...

की जा सकती। मरांडी ने राज्य के सीएम चंपई सोरेन को लेकर लिखा कि अनुकंपा पर रिमोट कंट्रोल वाला सीएम बनके जनता की जान के साथ सौदा करने से बेहतर है आप इस्तीफा दे दीजिए। अब ऐसा लगता है राज्य के पुलिस महानिदेशक भी सिर्फ शोभा बढ़ाने के लिए पद पर बैठे हुए हैं। उन्होंने डीजीपी से जानना चाहा है कि जनता की सुरक्षा के लिए एहतियातन क्या कदम उठाए जा रहे हैं? क्या पुलिस सिर्फ बाइक और ट्रैक्टर चालकों से अवैध वसूली ही करते रहेगी या अपराधियों पर नकेल भी कसेगी?

## लोक अदालत

### मोहम्मदगंज में पहुंचा चलंत न्याय रथ

# कोई भी व्यक्ति केस लड़ने से वंचित नहीं रहेगा : विक्रम

### गांव में लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में सोमवार को मोहम्मदगंज स्टेशन रोड में चलन्त लोक अदालत सह न्याय रथ पहुंचा। इसके तहत लोगों को कानूनी जानकारी के अलावे जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध पंपलेट, कानूनी पुस्तक आदि का वितरण किया गया। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट बीर विक्रम बक्स राय ने कहा कि चलन्त लोक अदालत के माध्यम से गांव-गांव में जाकर लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं, ताकि लोग जागरूक होकर अपना हक अधिकार प्राप्त कर सके। उन्होंने लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति केस लड़ने से वंचित नहीं रहेगा। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। साथ ही डालसा के द्वारा कई स्कीम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होंगे तब तक वे शोषण के शिकार होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कानूनी जागरूकता से व्यक्ति की दुर्बलता दूर होती है। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराना कानूनन जुर्म है। उन्होंने शिक्षा के अधिकार व मनरेगा, सूचना के अधिकार आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही डायन बिसाही व ड्रग्स के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण लोग गांजा, अफीम की खेती करते हैं। उनपर केस होता है। जेल जाते हैं। भविष्य बर्वाद हो जाता है। पैसे की लालच में गलत कार्य करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत मध्यस्तता, लोक अदालत, विधिक जागरूकता शिविर आदि का आयोजन किया जाता है। इससे लोगों में काफी जागरुकता आया है। उन्होंने कहा कि जिनकी आमदनी तीन लाख सालाना से कम है। प्राकृतिक आपदा से ग्रसित, दिव्यांग, एससी-एसटी परिवार से आते हैं।



### पशुपालन कार्यकर्ताओं को मिला डाटा इंट्री का प्रशिक्षण दिया गया

**मेदिनीनगर।** कृत्रिम गभार्धान विषय पर पशुपालन कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला पशुपालन कार्यालय सभागार पलामू में दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत पशुधन एप में डाटा एंट्री का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर सदर मेदिनीनगर, छतरपुर, लेसलीगंज, सतबरवा, चैनपुर, रामगढ़, पाटन, पांडवा, नवाबाजार और नवडीहा बाजार के कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर सिन्हा, पशु शल्य चिकित्सक डॉ. दीनबंधु गुप्ता, सहायक कुक्कुट पदाधिकारी डॉ उदय सिन्हा, टीवीओ बभनडीह डा. संगीता कुमारी, टीवीओ लेसलीगंज डॉ. संदीप उपाध्याय, टीवीओ सतबरवा डा. तौफीक अहमद, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# 4 जून को एनडीए की विजय सुनिश्चित है : अमित शाह

एजेंसी

**कुशिनगर/ बलिया।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कुशीनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 4 जून को मोदी की, भाजपा की व एनडीए की विजय सुनिश्चित है। 4 जून की दोपहर को आप देख लेना कि राहुल बाबा के लोग प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और कहेंगे कि ईवीएम के कारण हम चुनाव हारे हैं। हार का ठीकरा भी खरगे साहब पर फूटेगा। 4 जून को राहुल बाबा की पार्टी 40 भी पार नहीं कर पाएगी और अखिलेश बाबू 4 भी पार नहीं कर पाएंगे। देश की जनता ने तय किया है कि अगले 5 साल नरेन्द्र मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे। छह चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। मेरे पास 5 चरण का आंकड़ा है। 5 चरण में मोदी जी 310 सीटें पार कर चुके हैं। छठा चरण हो चुका है, सातवां होने वाला है, जिसमें आप लोगों को 400 पार कराना है।

वहीं बलिया में अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी व अखिलेश यादव आरक्षण के नाम पर जनता में भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं भरोसा दिलाता हूँ कि जब तक नरेन्द्र मोदी हैं, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। हम इस देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं आने देंगे। मुस्लिम आरक्षण संविधान के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कर्नाटक और हैदराबाद में जो किया है, बंगाल में भी वही किया था, लेकिन वहां हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। अपने वोटबैंक को खुश करने के लिए ये मुस्लिम आरक्षण की बात करते हैं। जिसका सीधा खामियाजा पिछड़े वर्ग को उठाना पड़ता है।



- 4 जून को राहुल बाबा की पार्टी 40 व अखिलेश 4 भी पार नहीं कर पाएंगे
- मेरे पास 5 चरण का आंकड़ा है, 5 चरण में राजग 310 सीटें पार कर चुका है

### ये भी कहा

**85** हजार करोड़ का सहारा का घपला किसके समय में हुआ था। अखिलेश बाबू, आपकी पार्टी सहारा के फंड से चलती थी, सहारा की लूट आपने चलने दी।

**2017** से 2024 तक 2 लाख 50 हजार करोड़ का भुगतान गन्ना किसानों को भाजपा सरकार ने किया है

- मोदी ने आतंकवाद व नक्सलवाद से देश को मुक्त कराने का काम किया है। भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये।
- हमारी सरकार के समय में 20 चीनी मिलों को फिर से चालू किया गया है, 38 चीनी मिलों की क्षमता में वृद्धि की गई है।
- बहन मायावती और अखिलेश बताएं कुशीनगर 'चीनी का कटोरा' नाम से प्रसिद्ध था, आपके समय में चीनी मिलें कैसे बंद हुईं।
- गन्ने की बुवाई का क्षेत्रफल 9 लाख हेक्टेयर बढ़ा है, 1995 से 2017 तक सपा-बसपा ने किसानों को 23 हजार करोड़ का भुगतान किया।

## तेजस्वी नहीं बिहार के लोगों को दी गई है धमकी : सहनी

**पटना ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दिए गए तेजस्वी यादव को जेल भेजने वाले बयान पर सियासत तेज हो गई है। पीएम मोदी के बयान के खिलाफ विपक्ष के तमाम नेता प्रतिक्रिया दे रहे हैं। पीएम मोदी के बयान पर हमला बोलते हुए विकासशील इंसान पार्टी के मुकेश सहनी ने कहा कि यह सहन नहीं होगा और हम लोग मुकाबला करेंगे। पीएम मोदी ने पूरे बिहार के युवाओं को धमकी दी है। पीएम मोदी ने एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि नौकरी के बदले जमीन मामले से जुड़े सभी लोगों को जेल भेजा जाएगा। इससे पहले सहनी ने पीएम मोदी के बारे में कहा था कि वो लोगों को बरगला रहे हैं, तथ्यहीन बातें कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बिहार आगमन पर मुकेश सहनी ने कहा कि हम लोगों ने पहले से ही कमान संभाल रखी है।

# राहुल गांधी के पहुंचते ही मंच धंसा सभी लोंगो ने एक-दूसरे को संभाला

एजेंसी

**पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को बिहार में तीन चुनावी सभाओं को संबोधित करना था। राहुल गांधी पाटलिपुत्र क्षेत्र के अंतर्गत पालीगंज में रैली को संबोधित करने के लिए जैसे ही मंच पर पहुंचे, मंच हल्का सा धंस गया। हालांकि, इस घटना में किसी को चोट नहीं आई।

दरअसल. जिस वक्त राहुल गांधी मंच पर पहुंचे, उसी वक्त मंच टूट गया और एक हिस्सा थोड़ा नीचे चला गया। यह रैली पालीगंज स्थित कृषि फार्म में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में राजद नेता तेजस्वी यादव, विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी और भाकपा माले के नेता दीपांकर भट्टाचार्य भी मौजूद थे। इस दौरान राहुल गांधी को पाटलिपुत्र से राजद की प्रत्याशी मीसा भारती ने हाथ पकड़कर संभाला।



### मोदी प्रधानमंत्री बनने नहीं जा रहे

**पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को पटना साहिब के पार्टी प्रत्याशी अंशुल अविजित के समर्थन में बख्तियारपुर में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि इस बार तय है कि नरेंद्र मोदी हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनने जा रहे हैं। यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। भाजपा अगर जीत गई तो संविधान फाड़कर फेंक देगी। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में कोई शक्ति संविधान को छू भी नहीं सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गरीबों की लिस्ट बनाएगी।

# पंजाबियों को धमकी मत देना अमित शाह : केजरीवाल

एजेंसी

**अमृतसर।** लोकसभा चुनाव के बीच विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से धुआंधार प्रचार का सिलसिला जारी है। बीजेपी जहां अपने 10 साल की उपलब्धियों को जनता के बीच पेश कर रही है, वहीं विपक्षी दल केंद्र की खामियों को लोगों के बीच ले जाकर उन्हें रिझा रहे हैं। इस बीच, दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अमृतसर पहुंचे। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियों के बारे में लोगों को विस्तार से बताया। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री केजरीवाल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा रविवार को दिए गए बयान को लेकर उन पर जमकर बरसे। दरअसल, शनिवार को अमित शाह ने पंजाब के लुधियाना में एक रैली को संबोधित करने के क्रम में चार जून के बाद भगवंत मान की सरकार गिरने का दावा किया था। इस पर सोमवार को केजरीवाल ने सवाल उठाते हुए गृह मंत्री को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, अमित शाह जी धमकी देकर गए हैं, चार जून के बाद भगवंत मान की सरकार नहीं रहेगी। आखिर इन लोगों को इतना भरोसा कैसे है? 92 सीट है यार? कैसे गिरा दोगे? वो खुलकर कह रहे हैं कि हम सरकार गिरा देंगे। वो खुलेआम कह रहे हैं कि हम तुम्हारे विधायक तोड़े देंगे। तुम्हारी सरकार धराशायी कर देंगे। ईडी और सीबीआई लगा देंगे। उन्हें पैसों से खरीद लेंगे। देश के गृह मंत्री खुलकर सरकार गिराने की धमकी मंच से दे रहे हैं।

केजरीवाल ने आगे कहा, मैं आप लोगों को कहना चाहता हूं कि पंजाबी दिल के बहुत बड़े होते हैं। अगर आप लोग प्यार से दो-तीन सीट मांग लेते, तो आपको शायद मिल भी जाती, लेकिन आपने जिस तरह से खुलेआम धमकी दी है, वो ठीक नहीं किया है।



*मैं आप लोगों को कहना चाहता हूं कि पंजाबी दिल के बहुत बड़े होते हैं।*

## पीएम मोदी की भाषा शैली पर अशोक गहलोत ने उठाए सवाल

एजेंसी



**जयपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। इसके अलावा, उन्होंने कांग्रेस छोड़कर अन्य दलों में शामिल होने वाले नेताओं को नाकारा, निकम्मा, गद्दार और पीठ में छुरा घोंपने वाला बताया। इस बीच, उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं को हिदायत देते हुए कहा कि आप पार्टी के लिए संपत्ति बनिए, ना कि दायित्व। अगर आप संपत्ति बनेंगे और पार्टी का विश्वास अर्जित करेंगे, तो निकट भविष्य में आपके लिए राजनीतिक समृद्धि के मार्ग प्रशस्त होंगे। उन्होंने ओबीसी समुदाय को आरक्षण देने पर भी बल दिया। अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री मोदी की भाषाई गरिमा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अपनी भाषा शैली से अपने पद की गरिमा घटाई है।

## केजरीवाल के रोड शो से पहले चन्नी ने दागे तीखे सवाल

एजेंसी

**जालंधर।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान से पहले चुनाव प्रचार का दौर तेज हो गया है। अंतिम चरण में मतदान को अपने पक्ष में करने के लिए तमाम राजनीतिक दलों की ओर से चुनावी सभा और रोड शो का दौर जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जालंधर लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में एक रोड शो करेंगे। केजरीवाल के रोड शो से पहले पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने उन पर जुबानी हमला बोला है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने सीएम केजरीवाल से सवाल किया है कि वह ये बताएं कि उन्होंने साफ सुथरा प्रशासन देने का वादा किया था, जो पूरा नहीं किया।

जालंधर सहित पंजाब में नशे का कारोबार और सट्टे का कारोबार कैसे चल रहा है। उन्होंने कहा कि आप छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले सांसद सुशील कुमार रिंकू और शीतल अंगूराल कैसे अवैध कारोबार चला रहे हैं। आप विधायक रमन अरोड़ा पर भी उन्होंने इन कारोबार को चलाने में शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने आगे कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल यहां आए हैं तो जो गुंडागर्दी और लूटपाट की वारदात हो रही है, उसका जवाब देकर जाएं। जालंधर के हल्का शाहकोट में नाजायज माइनिंग रोकने गए माइनिंग अधिकारियों पर हुए हमले को लेकर उन्होंने कहा कि माइनिंग विभाग के अधिकारी जब नाजायज माइनिंग को रोकने गए तो उन पर हमला किया हुआ, गोलियां चलाई गईं। अधिकारियों को अपनी जान बचाकर भागनी पड़ी। सीएम केजरीवाल को पूछना चाहता हूं कि इस पूरे मामले में उनके लोगों और विधायकों का क्या रोल है।



*केजरीवाल के आने से गुंडागर्दी और लूटपाट की वारदात हो रही है*

## राजनीति में उदासीनता संपूर्ण लोकतंत्र के लिए खतरा : नड्डा

एजेंसी



**वाराणसी ।** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लक्सा स्थित मारवाड़ी भवन में काशी के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते जेपी नड्डा ने कहा कि जब राजनीति में लोकमत उदासीन हो जाए, तो वो प्रजातंत्र के लिए खतरा बन जाता है। लेकिन 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने साधारण नागरिक में एक विश्वास पैदा किया। आज इस विश्वास के कारण ही हम विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां आपने दो पार्टियों की सरकार देखी है, जिन्होंने सबका मत लिया और बाद में एक जाति का बनके रह गईं। 10 साल पहले देश का नागरिक राजनीति के प्रति उदासीन हो चुका था,उसका विश्वास टूट चुका था।

## कांग्रेस देश को तोड़ने की रखती है भावना : मनोज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने बिहार की राजधानी पटना में सोमवार को मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने उत्तर पूर्वी दिल्ली से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कन्हैया कुमार के खिलाफ चुनाव लड़ने पर कहा कि उनका बोरिया-बिस्तर बंध गया है, वह 40 दिन के टूर पर आए थे। उन्होंने पूरे देश में कांग्रेस का बेड़ा गर्क करके रख दिया है।

कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को अपना प्रत्याशी बनाकर बता दिया है कि यह लोग देश को टुकड़े-टुकड़े करने की भावना रखते हैं। हर घर से अफजल जैसे आतंकवादी निकालने की भावना रखते हैं। चुनाव के दिन भी आधा दिन में ही वह अपना टिकट कटाकर भाग गए। दिल्ली में सातों सीट पीएम मोदी के पक्ष में है।



*मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर जोरदार निशाना साधा।*

## ओडिशा में जनता परिवर्तन का मन बनाया है : त्रिवेन्द्र

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हरिद्वार लोकसभा उम्मीदवार और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि इस बार ओडिशा की जनता जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। त्रिवेंद्र सिंह रावत ओडिशा की तीन लोकसभा मयूरभंज, भद्रक और बालेश्वर की 21 विधानसभाओं की बागडोर संभाली है। लगभग एक महीने से ज्यादा का व्यक्त त्रिवेंद्र सिंह रावत इन तीनों लोकसभा की अलग-अलग विधानसभाओं में बिता चुके हैं। उनका कहना है कि हर रैलियों, कार्यक्रमों और नुक्कड़ सभाओं में भारतीय जनता पार्टी को जनता का सहयोग मिल रहा है। पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र ने कहा कि इस बार उड़ीसा में भाजपा सरकार और केन्द्र में

## चुनावी सभा

## नालंदा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गिनाई अपनी उपलब्धियां

# बिहार के युवाओं को 10 लाख नौकरी देने का किया वादा

*जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि नालंदा से हमारा संबंध बहुत पुराना है।*

एजेंसी

**नालंदा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को हिलसा विधानसभा क्षेत्र के जोगीपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मंत्री श्रवण कुमार, जदयू नेता ललन सिंह, राज्यसभा सांसद संजय झा मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने अपनी उपलब्धियां गिनाईं और आगे 10 लाख रोजगार देने का वादा किया। जनसभा के दौरान मंच से नालंदा लोकसभा सीट से एनडीए समर्थित उम्मीदवार कौशलेंद्र कुमार के पक्ष में वोट देने की अपील की गई। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि नालंदा से हमारा संबंध बहुत पुराना है। साल 2005 से एनडीए के साथ मिलकर बिहार के विकास की यात्रा शुरू करने का काम किया था। हमने राजगीर में भी विकास करने का काम किया।

उन्होंने कहा कि साल 2005 के पहले बिहार में कोई विकास का काम नहीं दिख रहा था। केंद्र में जब हम मंत्री थे उस समय नालंदा की गलियों में पैदल घूमा करते थे। इलाके में कहीं भी चलने के लिए रास्ता भी नहीं था। शिक्षा, स्वास्थ्य, पटवन, जीविका के क्षेत्र में हमने काम किया। हमने हिंदू-मुस्लिम की लड़ाई को बंद किया और अल्पसंख्यकों के लिए भी बहुत सारे काम किए। उन्होंने लालू यादव के जंगल राज का जिक्र करते हुए कहा कि साल 2005 के पहले लालू यादव का आतंक था। शाम सात बजे के बाद लोग घरों से निकलते नहीं थे। हमारी सरकार आने के बाद हमने हर क्षेत्र में काम किया है। अगले चुनाव से पहले दस लाख रोजगार देंगे।



### बड़ी देर कर दी हुजूर आते-आते

**पटना ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बिहार दौरे को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बहुत देर कर दी हुजूर आते-आते। अब तो अंतिम चरण है, अब आने से कोई फायदा नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि यह लोग जान चुके हैं कि बिहार में इनका कुछ नहीं होने वाला है, सिर्फ खानापूर्ति के लिए आ रहे हैं। बाद में कोई ना बोले कि इतना बड़ा राज्य है बिहार, जहां से देश की राजनीति की दशा और दिशा तय होती है, वहां पर यह लोग गए ही नहीं, यह सिर्फ खानापूर्ति के लिए आ रहे हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com